श्रीजगदम्बायै नमः ।

कहावतरत्नाकर ।

न्यायावली और सुभाषितावली सहित ।

हिज़ हाइनेस श्रीमान् महारावल
साहब डूँगरपुर राज्याधिपति
की आज्ञानुसार

भारतधर्म्म सिण्डिकेट लिमिटेड (काशी)
के द्वारा प्रकाशित ।

श्रीजगदम्बायै नमः ।

कहावतरत्नाकर ।

न्यायावली और सुभाषितावली सहित ।

हिज़ हाइनेस श्रीमान् महारावल
साहब डूँगरपुर राज्याधिपति
की आज्ञानुसार

भारतधर्म्म सिण्डिकेट लिमिटेड (काशी)
के द्वारा प्रकाशित ।

केसरीदास सेठ द्वारा
नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ में मुद्रित
सन् १९२६ ई०

अकुण्ठं सर्वकार्य्येषु धर्मकार्य्यार्थमुद्यतम्।
वैकुण्ठस्य हि यद्रूपं तस्मै कार्य्यात्मने नमः॥

विज्ञापन

कई वर्षोंके परिश्रमके अनन्तर 'कहावतरत्नाकर' साहित्यसेवी सज्जनों की सेवाके निमित्त प्रकाशित होरहा है। इसमें कई भाषाओं की कहावतें, संस्कृत न्यायावली और संस्कृत सुभाषितावलीका भी जितना सम्भव होसका संग्रह हुआ है। हिन्दी साहित्यमें इस प्रकारके ग्रन्थ प्रकाशनमें किसी ने परिश्रम नहीं किया था।

आर्षभाषा से जगत् की समस्त भाषाएँ निकली हैं इसमें किसीको सन्देह नहीं है। वैदिक भाषा आर्य भाषाओंको जननी है। वैदिक संस्कृत भाषा ही ऐसी भाषा है, जिसे हम सब भाषाओं का मूलस्थान मान सकते हैं। उस भाषा से कई भाषाएँ निकलीं, यथा—वर्त्तमान संस्कृत, अरबी, लैटिन, फारसी तथा उर्दू या हिन्दी। लैटिन की शाखा अंग्रेज़ी है।

कहावतें भाषा का मर्म है। जिसने भाषा का यह मर्म नहीं समझा, उसने कुछ नहीं समझा। भाषाओंके मर्मको समझानेके लिये ही यह परिश्रम किया गया है।

हिन्दी साहित्यके परम प्रेमी, संस्कृत विद्याके परम रसिक, अंग्रेज़ी भाषा के अतिविद्वान्, स्वदेशानुरागी, धार्मिकप्रवर स्वर्गवासी हिजहाइनेस भारतधर्म्म सुधाकर श्रीमहारावलजी साहब सर विजयसिंहजी बहादुर के. सी. आई. ई. डूंगरपुर राज्याधिपति महोदयने अपने उर्दूके अध्यापक मौलवी साहबसे तथा कई एक संस्कृत विद्वानोंसे कुछ कहावतें संग्रह की थीं और स्वयं नरपति होने पर भी इस गुरुतर कार्य्यमें परिश्रम किया था। तदनन्तर संगृहीत कहावतोंको श्रीभारतधर्म्म महामण्डलके शास्त्र प्रकाश

विभागमें इस शुभ कार्य्यको पूर्ण करनेके लिये भेज दिया था। श्रीमहा-मण्डलके विद्वानोंके द्वारा यह शुभ कार्य्य पूर्ण होकर अब इसको प्रकाशित करनेका सौभाग्य भारतधर्म सिण्डिकेट को प्राप्त हुआ है।

इस ग्रन्थ का खाका भर स्वर्गीय नरेश ने तैयार कर दिया था। इसे पूरा करने की कृपा श्रीनरेशके श्रीगुरुदेवने की है जिनकी प्रेरणासे सैकड़ों नयी कहावतें और न्यायावली संग्रहीत हुई हैं।

अनेकगुणालंकृत स्वर्गवासी श्रीमान् महारावल बहादुरने रामगीताको प्रकाशित कराके धर्म प्रेमी सज्जनों और हिन्दी साहित्य सेवियोंका बहुत कुछ उपकार किया है। इस ग्रन्थरत्नके प्रणयन और प्रकाशित होनेसे साहित्य-जगत्का जो कल्याण होगा उसे पाठक ही समझ सकते हैं।

श्रीमान् स्वर्गीय नृपवरके सुयोग्य पुत्र डूंगरपुर राज्यके वर्त्तमान अधिपति, हिज हाइनेस महारावल श्रीमान् लक्ष्मणसिंह बहादुर ने तथा उनकी धार्म्मिका मातृदेवी ने इस ग्रन्थके प्रकाशित करनेमें पूर्ण उत्साह दिया है तथा राज्य ने उत्साहके साथ इसको छपवा कर, स्वर्गीय नृपवरकी कीर्त्ति को चिरस्थायी किया है और पवित्र जीवन स्वर्गीय नृपवर के चित्र सहित इस ग्रन्थ रत्न को प्रकाशित करके यह स्वजातीय सिण्डिकेट भी कृतकृत्य होता है। विज्ञापनमिति।

गोविन्दशास्त्री दुगवेकर

अध्यक्ष, शास्त्रप्रकाशन विभाग भारतधर्म सिण्डिकेट लिमिटेड,
स्टेशन रोड, जगत्गंज, बनारस।

———०———

श्रीजगदम्बायै नमः ।

कहावतरत्नाकर

की

आद्य अक्षरानुक्रमणिका ।

	विषय	पृष्ठ से पृष्ठतक
(१)	अंग्रेज़ी भूमिका	१—८
(२)	हिन्दी भूमिका	१—१०
(३)	अ	११—१६
(४)	आ	१६—२८
(५)	इ	२६—२६
(६)	ई	३०—३०
(७)	उ	३०—३३
(८)	ऊ	३३—३५
(९)	ए	३५—३९
(१०)	ऐ	३९—४०
(११)	ओ	४०—४०
(१२)	औ	४०—४१
(१३)	अं	४१—४३
(१४)	क	४३—६१
(१५)	ख	६१—६६
(१६)	ग	६६—७४
(१७)	घ	७४—८०
(१८)	च	८०—८७
(१९)	छ	८७—८८
(२०)	ज	८९—१०८
(२१)	झ	१०८—१०९
(२२)	ट	१०९—११०
(२३)	ठ	११०—११२

	विषय					पृष्ठ से पृष्ठतक
(२४)	ड	...	...	...	...	११२—११३
(२५)	ढ	...	...	...	...	११३--११४
(२६)	त	...	...	...	...	११४--१२०
(२७)	थ	...	...	...	...	१२०—१२२
(२८)	द	...	...	...	...	१२२—१३१
(२९)	ध	...	...	...	...	१३१—१३३
(३०)	न	...	...	...	...	१३३--१४१
(३१)	प	...	...	...	...	१४१—१५२
(३२)	फ	...	...	...	...	१५२—१५४
(३३)	ब	...	...	...	...	१५४—१६६
(३४)	भ	...	...	...	...	१६६—१७४
(३५)	म	...	...	...	...	१७४—१८६
(३६)	य	...	...	...	...	१८६--१८६
(३७)	र	...	...	...	...	१८६--१९३
(३८)	ल	...	...	...	...	१९३—१९८
(३९)	व	...	...	...	...	१९८--२००
(४०)	श	...	...	...	...	२००--२०२
(४१)	स	...	...	...	...	२०२--२१५
(४२)	ह	...	...	...	...	२१५—२२२

न्यायावली
की
आद्य अक्षरानुक्रमणिका।

	विषय	पृष्ठसे पृष्ठतक
(१)	अं	२२३—२३४
(२)	आ	२३४—२३६
(३)	इ	२३६—२३७
(४)	उ	२३७—२३९
(५)	ऊ	२३९—२३९
(६)	ऋ	२३९—२३९
(७)	ए	२४०—२४१
(८)	औ	२४२—२४२
(९)	क	२४२—२५२
(१०)	ख	२५२—२५३
(११)	ग	२५३—२५६
(१२)	घ	२५६—२५७
(१३)	च	२५७—२६०
(१४)	छ	२६०—२६०
(१५)	ज	२६०—२६३
(१६)	ट	२६४—२६४
(१७)	त	२६४—२६९
(१८)	द	२६९—२७३
(१९)	ध	२७४—२७५
(२०)	न	२७५—२८०
(२१)	प	२८०—२८६
(२२)	फ	२८७—२८७
(२३)	ब	२८७—२९०
(२४)	भ	२९०—२९३
(२५)	म	२९३—२९७
(२६)	य	२९७—३०१
(२७)	र	३०१—३०४
(२८)	ल	३०५—३०५
(२९)	व	३०६—३१३
(३०)	श	३१३—३१६
(३१)	ष	३१६—३१७
(३२)	स	३१७—३२६
(३३)	ह	३२६—३२६

सुभाषितावली

की

आद्य अक्षरानुक्रमणिका।

——:o:——

	विषय	पृष्ठसे पृष्ठतक
(१)	अ	३२७—३३१
(२)	इ	३३१—३३१
(३)	उ	३३२—३३३
(४)	ऋ	३३३—३३४
(५)	ए	३३४—३३५
(६)	क	३३५—३४०
(७)	ख	३४०—३४०
(८)	ग	३४०—३४१
(९)	च	३४२—३४२
(१०)	ज	३४२—३४३
(११)	त	३४३—३४५
(१२)	द	३४५—३४६
(१३)	ध	३४७—३४८
(१४)	न	३४८—३५५
(१५)	प	३५५—३५९
(१६)	ब	३५९—३६०
(१७)	भ	३६०—३६१
(१८)	म	३६२—३६५
(१९)	य	३६५—३६८
(२०)	र	३६८—३६९
(२१)	ल	३६९—३६९
(२२)	व	३७०—३७४
(२३)	श	३७४—३७६
(२४)	ष	३७६—३७७
(२५)	स	३७७—३८४
(२६)	ह	३८४—३८४

——:o:——

Preface.

(English translation of the author's Hindi Preface.)

O Mother of the universe, O Great Goddess Maya, O Shivay, Thou assuming the form of womanhood possessing the qualities of goddesses of Gouri and Durga, ever preservest the Arya race. Thou art the cause of creation, preservation and destruction of the world. In the shape of native land, thou art the source of redemption as well as material prosperity. In the shape of mother-tongue, Thou impartest to mankind the four-fold objects of human pursuit, *viz*, Dharma (spiritual prosperity), Artha (material prosperity), Kama (desire), and Moksha (final beatitude). In the shape of heroism, wisdom, fortune, and lore, thou conferrest blessings upon the world, I bow to Thee.*

Like mother-land, the mother-tongue is the image of the mother of the universe. No improvement of a nation can be rendered wholly perfect, unless the mother-tongue is improved. Nay, religion of a nation cannot be fully developed, prosperity cannot quickly crown a nation, knowledge cannot fully manifest itself in the country, national sentiments cannot be preserved intact, the glory of the native land cannot be magnified, man cannot attain to the full stature of humanity, originality of a nation cannot be preserved, nor can he speedily attain temporal advancement, spiritual elevation as well as redemption, unless the mother-tongue be preserved and improved. As the Sutras (aphorisms) of the holy Scriptures are intimately connected with the intellect, so are the popular sayings (proverbs) of a language closely associated with the mind. As many profound ideas relating to the domain of intellect are expressed by the small aphorisms, so are the profound ideas relating to the domain of mind expressed by proverbs current in the language.*

Taking allegorically popular saying is the conveyance of the Goddess mother-tongue. This, indeed, is the correct interpretation of the matter.

At this time, the pure Hindi language ought to be regarded as the mother-tongue of the Hindus, the *lingua franca* of the Indian Continent. The slightest effort on the part of the Indians will enable this sweet language to be the universal mother-tongue of the Aryas, and thus contribute to their welfare in every way. Although several languages

---

* Translation of the Sanskrit slokas given in the beginning of the Hindi Preface.

are at this time spoken from the Himalayas in the North to Cape Comorin in the South, from the shores of the Brahmaputra in the East to the shores of the Indus in the West, nevertheless it has been settled to a demonstration that the Hindi language alone which is written in the eternal and incorruptible Deva-nagri characters can aptly be called the universal tongue of India.

It is unanimously recognised and even admitted by western savants boastful of their knowledge that Sanskrit is the oldest of all languages. The Hindu Scriptures furnish copious evidence to show that this Divine language has been prevailing in the world from time immemorial. In the days of the Rishis this sacred language was spoken by the whole of India. Afterwards, when there was a slight drawback in the instruction of the Rishis, the Prakrit language, which is a corruption from the Sanskrit, obtained currency among the masses. At that time, the Brahmins, kings, and the educated class of people used to speak Sanskrit : and the vulgar people, women, children, etc., used to speak the corrupted language (Prakrit). To prove this point, we need not, indeed, go too far. Reference to Sanskrit poems, dramas, etc., can fully bear out the above fact. As, in course of time, the currency of Sanskrit, as a spoken language subsisted barely in name, and the instruction of the holy Rishis almost wholly disappeared, the Pali language was evolved out of Prakrit. But like Prakrit the Pali was not confined to the illiterate masses. It was also accepted by the learned community and used as a language of the Court. Even in the present days, many works on science, philosophy, history, and poetry are in evidence in the Pali language. The religious books of Buddhism which commands a wider sway in the world than any other religion have been wholly written in the Pali language. These works bear ample testimony to the fact that the Pali language was at its zenith.

Afterwards it so appears that the Brahmins rallied again and set themselves to work to reform the eternal system of the Vedas. At this time there was a mighty revolution in politics brought about by the constant change of ruling kings. In the midst of these changes the sweet Hindi was ushered into existence, and since that time up to the modern period, it has been prevalent in India, giving glowing proof of the genius of its illustrious founders, the Aryas. Although many other vernaculars, *viz.*, Urdu, Punjabi, Mahrathi, Gujrati, Bengali, Uriya, etc., after having passed through a series of vicissitudes and modifications have been evolved into existence out of this melodious tongue (Hindi) and gradually attained a laudable and exalted condition, never-

theless the Hindi pre-eminently maintains its foremost place in the estimation of Indian scholars. Whatever degree of eminence the above vernaculars (the outcome of Hindi) may attain, none of them possesses the features of a *lingua franca* (universal language) for India. These vernaculars are only serviceable to the provinces wherein they are spoken: but they are of no service to other provinces. For instance, if a Bengali Pandit goes to Gujrat, his language will not be understood by the people of Gujrat. Nor will the language of a Mahrathi or Gujrati be understood in the Punjab, supposing he were to go to that Province, for he will not be able to express his ideas to a Punjabi with facility and ease, in his own tongue. But a Hindi-knowing person may go to any place in India without encountering the sort of difficulty as shown above. The reason is this, that people of all provinces understand Hindi, more or less. The mystery underlying the point consists in the fact that the Hindi is the mother of all those languages (vernaculars) spoken, it is best adapted to be the universal national language of this country. We illustrate the changes which languages undergo, as follows:

All rivers take their rise from mountains: and as they advance, their currents increase. Slabs of rocks, coming down from different directions, are carried away by the said currents and flow along with the currents to a certain distance, great or small. This natural action of streams takes place almost every day. In this way, the slabs of rocks, acting and reacting upon one another, and being thus liable to constant friction undergo a considerable modification so much so that they eventually adopt a new aspect altogether.

In the same way, the slabs as represented by *words* undergo a considerable modification in the currents of spoken language as represented by *use*. That is to say, words, being constantly used and slurred over in the course of speech, considerably modify their forms, and, indeed, to such a great extent that it is impossible to identify them after the lapse of a long period. In the beginning, the Sanskrit was the current language. As long as training was conducted on proper lines, the knowledge of the purity of Sanskrit words was strictly maintained. Hence the correct pronunciation of words was scrupulously adhered to. But when the system of education gradually relaxed, the Sanskrit was modified, and assumed the aspect of the Prakrit, and, later on, the Pali. *Pali* is that language wherein several Bouddha works, *viz.*, the *Lalit-Vistar* and the Kananda-Vyuha have been written. Inscriptions on stones of the time of the great Emperor Asoka and other monarchs of India show that such inscriptions were also written

in Pali. For a while, this language improved a great deal. All proceedings relating to royal courts were conducted in this language : and even the savants of the time wrote out their works in Pali. But excessive use of Pali speedily brought about a transfiguration in this language also : words also were considerably transformed. The language which was thus produced (as the result of the transformation) was termed "corrupt" (afableraush). In a huge country like India, the permanence of a language is impossible. A language which has no Grammar to protect its purity cannot maintain its uniformity of character for a long time. Although there are many Grammars in the Pali or the Prakrit, nevertheless they are not Grammars in the true sense of the term. For the object of such Grammars is merely to show, from the degeneration of *which* particular Sanskrit, a particular Pali or Prakrit word has been formed. The ulterior aim of such Grammar is to trace out Sanskrit Etymology of a degenerate Prakrit term. The last named language, in course of time, assumed four distinct forms, Magdhi, Surseni, Paisachi, and Maharashtri. Satubandha, Halsaptasati, Vrihatkatha and Gomada-Sara and various other works are illustrations of the above transformation. It will not be out of place to add here that there is a vast difference between the current Maharatti of the present days and the Mahratti as specified above.

According to the law of nature these languages in their turn, could not also maintain their stability for a long time. Eventually they degenerated into other languages, Ardha Magadhi, Deshi Hindi, Thet Hindi, etc. Hitherto the change was uniform. But in course of time, when the Mahomedan incursion set in from the west : and when the intercourse by means of words was carried on between the Hindus and the Muslems, on a considerable scale, the words of the language used by the latter promiscuously mingled with the language used by the former. This promiscuous mixture of words gave birth to the Urdu language. But the Urdu is by no means an acceptable language : for it is a new language mixed up with a foreign language. If in these days there is any language which ought to be acceptable as mother-tongue to the children of the Aryas it is most emphatically the Hindi, the ulterior corruption of Sanskrit. This melodious language should by all means be styled the *lingua franca* of India.

Of all the languages, the outcome of Sanskrit, which are current in the provinces of India, Bengali may be regarded as the best. Although this language is the direct offshoot of Ardha-Magdhi or Thet Hindi (a fact which may well be demonstrated by the perusal of the works of Chandidas and Vidyapati), nevertheless, Bengali has

nowadays made greater headway than even the Hindi, its original. All the features of perfection which a language ought to possess are found in the modern Bengali. In the course of even so short a time this new language has improved so much as to leave nothing to be desired. Through the endeavours of many a learned man of Bengal this language has made strides at such a rapid pace as to leave the Hindi effectually far behind in the race of progress. It is a matter of great regret that a very modern language which is spoken in a corner of India should be so much advanced through the exertions of savants, whereas the Hindi which has been current in India from antiquity and which is still the mother-tongue of the Pandits of this country should be relegated to the background in the field of progress through the inattention and indifference of our dear countrymen ! ! !

Literature is the ornament of language : and poetry is the ornament of literature. Whatever might be the case, the above reflection prompted the Rishis of antiquity, our venerable ancestors, to compose nearly all their works in poetry. Composition in prose did not appeal powerfully to the genius of the Rishis. Hence the preceptors of the Hindi language, following the wake of the Rishis, composed their works in verses Surdas, Tulsidas and Keshav-Das were the best Hindi writers : but nowadays poets manifest themselves in clusters like fire-flies. Such goes the Hindi saying.

The writers above-named, however, have written their works in verses : for the spirit of the times was, that if there be poetry at all, it should subsist in verses. If there happened to be any work in prose on the Vedas, Astronomy or Sectarianism, it was composed in rotten Hindi. It was due to the defect in the system itself that the Hindi language could not advance in a particular manner. Now along with the spread of English education, there has been growing an idea in the mind of the people that no language can ever prosper or conduce to general utility or development of the faculty of reason, without works in prose. This view has led to the production of such works as Prem-Sagar, story of Rani Ketaki, etc. But the melody of the dialect, enchanting and unmixed Hindi language, never reached the ears of the Indians, until Bharatendu Babu Harish Chandra (the moon of India) wielded his pen with a view to reform the Hindi language. It is the fruit of the diligence of this illustrious promoter and scholar of the Hindi language that the Indian now witnesses beautiful compositions of Hindi in prose. It is the fruit of the disinterested aspirations of this great poet that people versed in the Hindi language have come to realise what a

newspaper is, and in what a melodious language can even prose be written. The circle of learned and educated men now know it full well, to what a great extent has Babu Harish Chandra sacrificed his self-interest to bring about the advancement of the Hindi language, which will ever remain indebted to this true lover of his country.

The children of the Aryas are themselves to blame, if the Hindi language has not fully advanced up to this time.

The Brahmans who know the paternal language (Sanskrit) and carefully preserve it—from whom the mother-tongue Hindi expects a good deal—do not think it worth their while to minister to its needs or strive for its advancement. Our personal experience shows that some of the greatest scholars of Sanskrit cannot even write in Hindi and, what is worse, consider it disgraceful to peruse books in Hindi. At the same time we also find that many savants cultured by English education do not care to focus their attention upon the improvement of their mother-tongue. Indeed, their glance has been detracted from this subject to such a great extent that they even converse, and correspond by letters, with their friends and relations, in English. The rapid progress which Bengali has made in the course of so short a time will, on a shifting enquiry, be found to be due to the fact that not only Sanskrit-knowing prominent Brahmins have been always attempting with their whole head and heart to bring about its advancement, but the English-knowing public of Bengal, also have been fully co-operating with them in this respect. On the same lines, so long as the affectionate glance of the learned men of both the English-knowing and Sanskrit-knowing communities is not directed towards Hindi, the mother-tongue of the Aryas, the complete development of this language is quite out of the question.

There are two kinds of propensities in the human heart: one, leading to the spiritual affairs, and the other, to temporal affairs. The first is mainly associated with intellect and is characterised by the predominence of knowledge and Bhava, *i. e.*, inner light. The second is mainly associated with mind and is particularly concerned with the social world and attractions of the heart. The function of the first class of propensities is the discrimination of ego and non-ego (spirit and matter), the determination of God and Jiva, this world and the next world, virtue and vice, as well as disquisition on other metaphysical points of a similar nature. The function of the second class of propensities is the experience of social enjoyments by maintaining connexion of the mind with the external world, transmission of the feelings of one human being into the heart of another human being, etc., etc. The sutras (aphorisms)

of the Darshans (Hindu philosophy) are serviceable in the discriminations assigned to the first class of propensities : the proverbs of the mother-tongue are still more helpful in matters relating to the world of sense. As the Shastric aphorisms, equal in force with the mantras, enable the intellect to comprehend the mysteries which are beyond the scope of mind, language, and reason, so the proverbs as embodied in a language are helpful in enabling the mind to transmit to the external world, subtle feelings and sentiments, and likewise to understand and expound in a nut-shell, a high and comprehensible idea.

The proverbs current in a certain language are, indeed, so very helpful to persons to enter into one another's feelings as to render it simply useless for them to expect so much help from any other quarter. For every proverb embodies in a condensed form so many sentiments that a detailed description of them may well form the subject-matter of a beautiful treatise.

As according to the esoteric shastras, a single mantra, pronounced or heard accurately brings home to the mind of an adept, the image, virtues and aspect of the presiding deity of the mantra, as the perusal of an aphorism of any of the Darshans (Hindu philosophy) immediately brings home to the mind of a philosopher the doctrine relating to the connexion of the soul and matter (ego and non-ego) which the said sutra suggest, so the proverbs current in a language, as soon as they are heard or read, produce in the mind (by association of ideas) a legion of corresponding sentiments current in the said language and unfold before the eye of imagination the mysteries of the psychology constituting the ground-work of human society. This corresponding train of ideas is suggested by the use of the words embodied in the popular sayings. In fact, the popular sayings are a powerful factor in feeling the pulse of the nation. They constitute, as it were, an artery by pressing which the beat of the heart may be discovered. This is why the great savants of modern Europe and America have discovered a very close affinity of the popular sayings to the current languages and human race. They have likewise demonstrated that solely through the help of popular sayings a person may get a clue to the ancient condition of the human race to the idiosyncracies and salient features of a nation and to the particular genus to which a particular human species belongs. The popular sayings are to a language what pillars are to a building: the word suggests the meaning, the meaning suggests the propensity of the heart, and the propensity engenders emotion—the inner light. Conversely, as soon as the word is pronounced, the emotion of the mind awakens, the propen-

sity rouses the feelings and brings before the mind a host of corresponding ideas and a train of analogous feelings suggested by the word. This is why one word is an open sesame to the talismanic gate of the treasure-house of many sympathetic ideas and sentiments linked up with the word in question and roused by association of ideas. Although very few words are embodied in a particular saying, still they thrill the heart of the audience as soon as they are uttered and bring in their train an imagery of connected thoughts suggested by the words in question. Herein consists the extraordinary greatness of the proverbs.

This work, "Kahawat Ratnakar," has been published with a view to serve the mother-tongue, Hindi. These sayings have been collected through the assistance of many savants. The number of these sayings will be increased in the next edition. Sayings in Hindi (our mother-tongue) are the main factor in this work; and as matters of subsidiary importance sayings have likewise been culled from Sanskrit (the father-tongue) or rendered into Sanskrit in several instances. For the sake of convenience, sayings have also been culled from English (the sovereign language) or Urdu or translated in either of these languages. Care has been taken to gleen, as far as possible, corresponding proverbs from the Arabic and Persian also. In the end, the extraordinary Nyayavalis of Sanskrit have also been inserted with their commentaries. Some Sanskrit sayings have also been added to the work in its later pages We shall consider our labour amply rewarded if this work is at all serviceable to those who are conversant with the mother-tongue.

THE AUTHOR.

His Highness the Late Maharawal Bharat
Dharma Sudhakar
Sri Bejai Singh Bahadur of Dungarpur.

THE INDIAN ART SCHOOL
BOWBAZAR STREET, CALCUTTA

श्रीजगदम्बायै नमः ।

कहावतरत्नाकर

की

भूमिका ।

शिवे ! गौरीदुर्गात्मकमिह जगन्मातरनिशं
महामाये ! ह्यार्य्यानवसि दधती स्त्रीवपुरहो ।
विधत्से सृष्टे रक्षणभवलयान्भोगमपि च
भवत्यां सत्यां जन्मभुवि भवमुक्तिं वितरसि ॥
मनुष्येभ्यो मातर्वितरसि चतुर्वर्गमखिलं
स्वमातुर्भाषारूपत इह सदा धर्म्मप्रमुखम् ।
त्वमेवाहो विद्याऽर्थबलमतिरूपेण सततं
कृतार्थाल्लोकाँस्ताञ्जननि ! कुरुषे नौमि भवतीम् ॥

हे जगज्जननि ! हे महामाये ! हे शिवे ! आप गौरी और दुर्गारूप में नारी शरीर धारण करके आर्य्यजाति की निरन्तर रक्षा करती हैं । आपही इस जगत् के सृष्टि स्थिति और लय को करनेवाली हैं । जन्मभूमि रूप से आपही भोग और मोक्ष प्रदान करनेवाली हैं । मातृभाषा रूप में आपही मनुष्य समाज को धर्म अर्थ काम और मोक्षरूपी चतुर्वर्ग प्रदान किया करती हैं । आपही बल बुद्धि धन और विद्यारूप से मनुष्यों को कृतकृत्य करती हैं आपको प्रणाम है ।

जैसे जन्मभूमि जगदम्बा का स्वरूप है वैसेही मातृभाषा भी जगदम्बा का स्वरूप है । विना मातृभाषा की उन्नति के किसी जाति की पूर्ण उन्नति नहीं होसक्ती । विना मातृभाषा की उन्नति के स्वधर्म्मका पूर्ण विकाश नहीं होसक्ता । मातृभाषा की उन्नति के विना कोई मनुष्यजाति शीघ्र सफलता लाभ नहीं करसक्ती । विना मातृभाषा की उन्नति के देश में ज्ञान का पूर्णरूप से विस्तार होना असम्भव है । विना मातृभाषा की उन्नति के देश का गौरव कदापि वृद्धि को प्राप्त नहीं होसक्ता । विना मातृभाषा की उन्नति के कोई जाति भी अपने स्वजाति भाव की रक्षा करने में समर्थ नहीं होसक्ती । विना मातृभाषा की रक्षा में सफलकाम हुए कोई मनुष्य कदापि पूर्ण मनुष्यत्व को प्राप्त नहीं करसक्ता और न अपनी ऐहलौकिक उन्नति, पारलौकिक उन्नति और मुक्तिप्राप्ति में शीघ्रता से सफलता प्राप्त करसक्ता है । जिस प्रकार बुद्धिराज्य के साथ शास्त्रीय सूत्रों का सम्बन्ध है ठीक उसी प्रकार मनोराज्य के साथ भाषा की कहावतों का सम्बन्ध है । बुद्धिराज्य के बड़े बड़े गभीरभाव जिस प्रकार छोटे छोटे सूत्रों के द्वारा प्रकाशित होते हैं ठीक उसी प्रकार मनोराज्य के बड़े बड़े भाव छोटी छोटी कहावतों के द्वारा प्रकाशित हुआ करते हैं। मातृभाषा देवी का कहावतरूपी वाहन है ऐसा समझना उचित है ।

इस समय भारतवासियों की मातृभाषा के स्थान में विशुद्ध हिन्दीभाषा को ही मानसक्ते हैं । इस समय भारतवासियों के थोड़े से ही प्रयत्न द्वारा यह मधुरभाषा भारतवर्ष की सार्वभौम भाषा और आर्य्यजाति की परमहितकारिणी मातृभाषा रूप से स्थापित होकर भारतवर्ष और आर्य्यजाति के सब प्रकार के मङ्गल साधन में समर्थ होसक्ती है । उत्तर में हिमालय के पवित्र प्रदेशों से ले दक्षिण में भारत-समुद्र के तट पर्य्यन्त, और पूर्व्व में ब्रह्मपुत्र के तीरवर्ती प्रदेशों से ले पश्चिम में सिन्धुनदी तक, इस विशाल देवभूमि के विभिन्न प्रदेशों में यद्यपि अब बहुत प्रकार की भाषाएं बोली जाती हैं, तथापि विचार से यही सिद्धान्त होता है कि यदि अब भी कोई सार्व्वभौमिक भाषा हो तो वह हिन्दी भाषा ही है, जोकि अनादि और अभ्रान्त देवनागरी अक्षरों में लिखी जाती है ।

यह तो सर्ववादिसम्मत है और इसको ज्ञानाभिमानी पश्चिमीय वैज्ञा-

निक विद्वानों ने भी स्वीकार करलिया है कि, सब से प्राचीन भाषा संस्कृत है; और हमारे शास्त्रों में तो अनेक ही प्रमाण मिलते हैं कि यह देववाणी अनादिकाल से प्रचलित है । ऋषिकाल में तो समस्त भारतवासी ही इस श्रेष्ठ भाषा को बोलते थे । पश्चात् जब ऋषिशिक्षा की कुछ न्यूनता होने लगी तब साधारण लोगों में संस्कृत की अपभ्रंश "प्राकृत" भाषा प्रचलित हुई; उस समय ब्राह्मण और नृपति आदि शिक्षित लोग तो संस्कृत बोलते थे और साधारण जन एवं स्त्री, बालक आदि इस नवीन भाषा को बोलते रहे । इसका प्रमाण अधिक ढूंढने की आवश्यकता नहीं है, केवल काव्य और नाटकों के देखने सेही यह भलीभांति सिद्ध होजाता है । पुनः जब संस्कृत का प्रचार बहुतही थोड़ा रहगया और ऋषिशिक्षा प्रायः जाती ही रही तब प्राकृत भाषा से "पाली" भाषा की सृष्टि हुई । परन्तु प्राकृत भाषा की नाई पाली भाषा अशिक्षित लोगों में ही नहीं रही किन्तु इसको विद्वानों ने भी ग्रहण किया और राजकाज में भी यह भाषा प्रचलित हुई, अब भी बहुत से वैज्ञानिक, दार्शनिक, ऐतिहासिक और काव्य-ग्रन्थ इस भाषा में देख पड़ते हैं । बौद्ध-धर्म्म जिसका कि विस्तार पृथिवी के सकल धर्म्मों से अब अधिक है, उसके धर्म्म-पुस्तक इस पाली भाषा में ही लिखित हैं । ग्रन्थों के देखने से प्रतीत होता है कि इस भाषा ने भी किसी समय बड़ी उन्नति पाई थी ।

तदनन्तर ऐसा विचार होता है कि जब ब्राह्मणगण पुनः सम्हले और सनातन वैदिकमार्ग को सुधारने लगे, उस समय शासक राजाओं के परिवर्तन से एक बड़ाही राजनैतिक उलटफेर हुआ था, उसी समय में मधुर हिन्दी-भाषा की सृष्टि हुई; और तबसे अभीतक यह भाषा अपने प्रवर्त्तक आर्य्यों का नाम रखती हुई इस भारतभूमि में प्रचलित है । यद्यपि अन्य भाषाओं के उलटफेर और संसर्ग के कारण इसी मधुर भाषा से उर्दू, पंजाबी, मराठी, गुजराती, बङ्गाली, उड़िया आदि बहुत प्रकार की भाषाओं की सृष्टि हुई है और वे शनैः शनैः उन्नत होकर बहुत प्रशंसनीय दशा पर पहुँचगई हैं, तथापि इस भाषा का आदर अब भी पंडितों में पूर्णतः बना हुआ है । हिन्दी-भाषा से उत्पन्न हुई उपरोक्त भाषाओं की उन्नति कितनी ही क्यों न हो परन्तु उनमें भारतवर्ष की सार्वभौमभाषा बनने का भाव

कदापि स्थापित नहीं होसक्ता; कारण उन पृथक् २ प्रादेशिक भाषाओं से उन उनके प्रदेशों में ही कार्य चलसक्ता है, परन्तु दूसरे प्रदेशों में उन भाषाओं से कोई कार्य नहीं चलसक्ता । जैसे यदि कोई बङ्गभाषाका पण्डित गुर्ज्जर देश में जाय तो उसकी भाषा को वहां के लोग नहीं समझ सकेंगे; इसीभांति कोई मराठी वा गुजराती भाषा का बोलनेवाला पञ्जाब प्रदेश में चला जावे तो उसको बातचीत करना वा अपने इच्छित भाव दूसरों पर सुगमता से प्रदर्शित करना महाकठिन होगा; परन्तु यदि कोई हिन्दी भाषा का जाननेवाला इन प्रदेशों में से चाहे जहां चला जावे उसको सम्भाषणादि करने की कठिनता नहीं होगी, क्योंकि प्रत्येक प्रदेश के लोग थोड़ा या बहुत हिन्दी भाषा को समझही सकते हैं; और इसका मूल हेतु यही है कि हिन्दी भाषा ही भारतवर्ष की इन आधुनिक सब भाषाओं की जननी है । इस कारण हिन्दी भाषा ही भारतवर्ष की सार्वभौमभाषा होने के उपयुक्त है इसमें सन्देहमात्र नहीं ।

नदियाँ पर्वतों से निकलती हैं; और जैसे जैसे आगे बढ़ती हैं उनका प्रवाह भी बढ़ता जाता है । इधर उधर के पाषाण जब प्रवाह में आ गिरते हैं तो वेग के अनुसार वे थोड़ी बहुत दूर तक बहते हैं और प्रायः यह क्रिया प्रतिदिन हुआ करती है, इस कारण आपस की रगड़ से उन पाषाणों का आकार बदलताही जाता है, यहांतक कि घिसते घिसते उनका आकार एक नूतन भाव को धारण करलेता है; इसीभांति सब भाषाएं भी रूपान्तर को धारण करती रहती हैं । व्यवहाररूपी प्रवाह में शब्दरूप पाषाण भी रगड़ खाकर रूप बदलते जाते हैं; इसलिये अधिक काल में उन शब्दों का पहचानना कठिन हो जाता है । आदि में संस्कृतभाषा का प्रचार था; जबतक नियमानुसार पठन पाठन होता रहा लोगों को शब्दों की शुद्धाशुद्धि का ज्ञान बने रहने के कारण शब्दों का उच्चारण यथावत् बना रहा, परंच जब शिक्षा का प्रचार शिथिल होने लगा संस्कृत भाषा का भी रूपान्तर होकर प्राकृतभाषा और क्रमशः प्राकृत भाषा से पाली भाषा बन गई । यह वह भाषा है जिसमें "ललितविस्तर" तथा "कारण्डव्यूह" इत्यादि बौद्धों के ग्रन्थ लिखे गये हैं; और भारतवर्ष के भिन्न भिन्न प्रदेशों में अशोक राजा के जो शिला-लेख देखने में आते हैं वे भी इसी भाषा में

हैं। कुछ कालतक इस भाषा की विशेष उन्नति हुई; राजकीय सब व्यवहार इसी भाषा द्वारा होते रहे और उस समय के पण्डितों ने भी प्रायः सबही विषयों के ग्रन्थ इसी भाषा में लिखे। परंच अधिक व्यवहार में आने के कारण इसका रूपान्तर बहुत शीघ्रता के साथ होनेलगा; शब्दों के आकार और भी अधिक भावान्तर को धारण करने लगे। इस रीति से जो भाषा प्रकट हुई उसका नाम अपभ्रंश हुआ। भारतवर्ष जैसे विशाल देश में एक भाषा का स्थिर रहना असंभव था क्योंकि जिस भाषा की रक्षा करने वाला व्याकरण नहीं होता वह भाषा बहुत कालतक एक रूप में नहीं रह सकी। यद्यपि पाली वा प्राकृत भाषा के कई व्याकरणग्रन्थ विद्यमान हैं तथापि वे यथार्थ व्याकरण नहीं हैं; क्योंकि इन प्राकृत व्याकरणों का यह उद्देश्य है; कि अमुक प्राकृत शब्द किस संस्कृत शब्द का अपभ्रंशहै अर्थात् किस संस्कृत शब्द के बिगड़ने से यह प्राकृत शब्द बना है इसका पता लग जाय। तात्पर्य यह है कि प्राकृत शब्द को देखकर उसके मूलरूपी संस्कृत शब्द का निश्चय करलेना यही प्राकृत व्याकरणों का उपयोग है। इस पिछली भाषा के चार मुख्य भेद हुए; मागधी, सूरसेनी, पैशाची और महाराष्ट्री। सेतुबंध, हालसप्तशती, बृहत्कथा, गोमदसार इत्यादि ग्रंथ इनके उदाहरण हैं। यहां यह कहदेना उचित है कि आजकल की महाराष्ट्री (मरहठी) भाषा से उस पूर्व महाराष्ट्री भाषा में बहुत अन्तर था, वह कुछ औरही भाषा थी।

नियमानुसार ये भाषा भी स्थिर न रहसकीं और अर्द्धमागधी, देशी वा ठेठ हिन्दी इत्यादि भाषाओं की सृष्टि हुई। यहांतक जो परिवर्तन हुआ वह एकही प्रकार का था; परंतु जब पश्चिम से मुसलमान जातियों का भारतवर्ष पर आक्रमण होना आरम्भ हुआ और उन लोगों से भारतवासियों की बोल चाल का व्यवहार होने लगा तो उनकी भाषाओं के शब्द भी इस देश की भाषाओं में मिश्रित होने लगे और यों क्रमशः उर्दू भाषा की सृष्टि हुई। परन्तु उर्दू भाषा अपने ग्रहण योग्य नहीं है; क्योंकि वह यवन-भाषामिश्रित एक नवीन भाषा है। आजदिन यदि आर्यसन्तानों के ग्रहण करने योग्य कोई भाषा हो तो वह संस्कृत भाषा की अन्तिम अपभ्रंश रूपी हिन्दी भाषा ही है। इस मधुर भाषा कोही आजदिन भारतवर्ष में सार्व-

भाँम भाषा समझ सकते हैं ।

संस्कृत-अनुयायी जितनी भाषाएँ अब भारतवर्ष के प्रदेशान्तरों में प्रचलित हैं उन सबों में से बङ्गभाषा आज दिन सर्वोत्तम गिनी जासकी है। यदिच इस भाषा की सृष्टि अर्द्धमागधी वा ठेठ हिन्दी भाषा से ही हुई थी, क्योंकि बङ्गभाषा के आदिकवि चण्डीदास विद्यापति आदि के ग्रन्थ देखने से स्पष्ट सिद्ध होता है कि बङ्गभाषा आदि भी हिन्दी भाषा से ही निकली थीं, परन्तु अब बङ्गभाषा ने हिन्दी भाषा से भी बहुत अधिक उन्नति पाई है; भाषा के सम्पूर्ण होने के जो जो लक्षण हैं वे सब ही वर्तमान बङ्गभाषा में पाये जाते हैं। देखते देखते थोड़े ही दिनों में इस नवीन भाषा ने ऐसी उन्नति पाई है कि अब उसमें कुछ अधिक अभाव देख नहीं पड़ता। बङ्ग-देशीय अनेक विद्वानों के प्रयत्न से अति शीघ्रही इस भाषा की ऐसी उन्नति हुई है कि हिन्दी भाषा को उस उन्नत अवस्था तक पहुँचने में अभी बहुत देर है। बड़े ही दुःख का विषय है कि एक अतिनवीन भाषा जो कि भारतवर्ष के एक कोने में ही बोली जाती है उसने थोड़ेसे ही विद्वानों के परिश्रम से इतनी उन्नति पाई, परन्तु हिन्दी भाषा जो कि एक प्राचीन काल से भारतवर्ष में प्रचलित है और अब भी समस्त भारतवर्ष की पण्डित-मण्डली की मातृभाषा है तिस पर भी हमारे प्रिय भाइयों की रुचि इसकी उन्नति की ओर नहीं होती !!!

भाषा की शोभा साहित्य और साहित्य की शोभा काव्य है; हो न हो इसी विचार के वशवर्ती होकर हमारे पूर्वपुरुष ऋषियों ने जितने ग्रन्थ बनाये थे वे प्रायः पद्य में ही लिखे गये थे। गद्य-ग्रन्थों के बनाने की परि-पाटी ऋषियों में थोड़ी थी; इसी कारण हमारे हिन्दी भाषा के आचार्य्यों ने भी गद्यरचना पर मन नहीं लगाया था। हिन्दी भाषा के ये श्रेष्ठ आचार्य्य हुए हैं, यथा—

"सूर सूर तुलसी शशी, उडुगन केशवदास।
अबके कवि खद्योतसम, जहँ तहँ करहिं प्रकास" ॥

इन सब महाशयों ने जो कुछ लिखा सो सब पद्य में ही लिखा; क्योंकि उस समय की परिपाटी ही यही थी कि 'काव्य हो तो पद्य में ही हो'।

यदि कहीं कोई गद्य-ग्रन्थ वैदिक, ज्योतिष अथवा साम्प्रदायिक मिलते भी हैं तो सड़ीगली हिन्दी में लिखे हुए मिलते हैं, यह इसी परिपाटी का ही दोष था कि हिन्दी-भाषा की विशेष उन्नति न होसकी। अब अंग्रेज़ी-शिक्षाप्रचार के साथ साथ यह भाव लोगों के हृदय में उदय हुआ कि बिना गद्यपद्यात्मक ग्रन्थों के भाषा की पूर्ण शोभा नहीं; और न वह सर्वसाधारण के बोध-उपयोगी और उपकारी होसक्ती है; इसी विचार से प्रेमसागर, रानी केतकी की कहानी आदि ग्रन्थों का दर्शन हुआ। परन्तु अतिमधुर, सुन्दर और अमिश्रित हिन्दी भाषा भारतवासियों के कर्णगोचर तबतक नहीं हुई जबतक भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्रजी ने भाषा के सुधारने में लेखनी नहीं चलाई। यह इन्हीं भाषा के श्रेष्ठ आचार्य्य महाशय का परिश्रम है कि जिस से भारतवासियों ने मधुर हिन्दी भाषा के गद्यकाव्य देखे; उन्हीं कविश्रेष्ठ के निःस्वार्थ भाषानुराग का फल है कि जिससे हिन्दीभाषाज्ञों ने जाना कि समाचारपत्र क्या है और गद्यमय मधुर भाषा कैसे लिखी जाती है। सब विद्वन्मण्डली इस बात को भलीभांति जानती है कि बाबू हरिश्चन्द्रजी ने प्रिय भारतवासी और हिन्दी भाषा की उन्नति के अर्थ कितने स्वार्थ त्याग किये थे। इस स्वदेशहितैषी महाशय के निकट हिन्दी भाषा सदाही ऋणी रहेगी।

यह आर्य्यसन्तानों काही दोष है कि हिन्दी भाषा की उन्नति अभीतक सम्पूर्ण न होसकी। आर्य्यों की पितृभाषा संस्कृत की सुरक्षा करनेवाले और उसके जाननेवाले ब्राह्मणगण जिनसे कि हमारी मातृभाषा हिन्दी बहुत कुछ आशा रखती है वे तो मातृभाषा की सेवा करने की अथवा उस की उन्नति करने की आवश्यकता ही नहीं समझते। यहां तक देखने में आया है कि संस्कृत के बड़े बड़े विद्वान् हिन्दी तो लिखना जानतेही नहीं अधिकन्तु हिन्दी पुस्तक पढ़ने में अपना अपमान मानते हैं। दूसरी ओर अंग्रेजी भाषा की शिक्षा में उन्नति प्राप्त किये हुए आधुनिक विद्वान्गण की रुचि अपनी मातृभाषा की उन्नति की ओर अभी तक आकर्षित हुईही नहीं। इस ओर से उनकी दृष्टि ऐसी फिरी हुई देखने में आती है कि अपने स्वजनों से वार्त्तालाप और पत्रव्यवहार करने में भी वे अंग्रेज़ी भाषा को ही काम में लाते हैं। बङ्गला भाषा की इतने थोड़े समय में इतनी उन्नति

होने का कारण ढूंढ़ने से यही प्रतीत होगा कि बङ्गदेश के बड़े बड़े संस्कृतज्ञ ब्राह्मणों ने बङ्गलाभाषा की उन्नति करने में जैसा प्रयत्न किया है और कर रहे हैं वैसेही वहां के अंग्रेज़ी शिक्षित विद्वन्मण्डली ने चित्त से प्रयत्न किया है और वह अभी भी कररही है। अस्तु जब तक इन दोनों सम्प्रदाय के विद्वानों की समानरूप से प्रेमदृष्टि हमारी मातृभाषा हिन्दी की ओर नहीं खिंचेगी तब तक आर्य्यजाति की मातृभाषा हिन्दी की पूर्ण उन्नति होना सम्भव नहीं है।

अन्तःकरणकी दो प्रकारकी वृत्तियां होती हैं एक आत्मभावको लिये हुई और दूसरी विषय भाव को लिये हुई। पहली वृत्तियाँ बुद्धि से विशेष सम्बन्ध रखती हैं और वे ज्ञान और भाव प्रधान होती हैं। और दूसरी श्रेणी की वृत्तियां मनसे अधिक सम्बन्ध रखती हैं और वे लौकिक जगत् से और चित्तकी आसक्ति से अधिक सम्बन्ध रखती हैं। आत्मा अनात्मा का विचार, ईश्वर जीव का विचार, इहलोक परलोक का विचार, धर्म्म और अधर्म्म का विचार आदि और उनका वैज्ञानिक रहस्य अनुसन्धान करना पहली श्रेणी की वृत्तियों का काम है। और जगत् के साथ मनका सम्बन्ध रखकर लौकिक आनन्द अनुभव करना, एक मनुष्य के चित्तवृत्ति के भाव को दूसरे मनुष्य तक पहुँचाना, इत्यादि दूसरी श्रेणी की वृत्तियों का काम है। दार्शनिक सूत्र पहली श्रेणी के विचार के सहायक हैं; ठीक उसी प्रकार दूसरी श्रेणी की वृत्तियों के लिये कहावतें परम सहायक हैं; अन्तर्राज्य के लिये दार्शनिक सूत्र जैसे उपकारी हैं, बहिर्राज्य के कार्य्य के लिये अपनी मातृभाषा की कहावतें भी उससे अधिक उपकारी हैं। शास्त्रीय सूत्र मन वाक् और बुद्धि से अगोचर दार्शनिक रहस्यों के विचार करने में मन्त्ररूप होकर बुद्धि में प्रेरणा करते हैं; ठीक उसी प्रकार लौकिक जगत् में भाव के विस्तार करने और बड़े भाव को संक्षेप से समझने और समझाने के लिये अपनी मातृभाषा की कहावतें मनोराज्यको बड़ी भारी सहायता देती हैं। किसी भाषा में प्रचलित कहावतें एक दूसरे के चित्त के भावसमूह के समझाने के लिये इतनी सहायता देती हैं कि ऐसी सहायता और किसी प्रकार से प्राप्त नहीं होसक्ती; क्योंकि प्रत्येक कहावत में इतना भाव भरा रहता है कि जिसको यदि विस्तार से प्रकाशित किया जाय तो एक सुन्दर प्रबन्ध बन सक्ता है।

जिस प्रकार मंत्रशास्त्र के अनुसार किसी शुद्ध मंत्र के सुनने पर अथवा उस मंत्र के ध्यान में आने पर उस मंत्र के अधिष्ठातृ देवता के स्वरूप, गुणावली और विज्ञान का ठीक ठीक पता साधक को लग जाया करता है, जिस प्रकार किसी दर्शनशास्त्र के एक सूत्र को पढ़ते ही अथवा सुनते ही उस सूत्र द्वारा इङ्गित किया हुआ आत्मा और अनात्मा के सम्बन्ध का विज्ञान, उसका गूढ़ रहस्य और उस विज्ञान का विस्तारित और वचन से अतीत स्वरूप दार्शनिक पण्डित की समझ में सुगमता से आ जाता है; ठीक उसी प्रकार किसी भाषा की प्रचलित कहावतों के पढ़ते ही अथवा सुनते ही उस भाषा में प्रचलित उस प्रकार की भावराशि और उस मनुष्यसमाज में प्रकाशित उस मनोविज्ञान का रहस्य जितना कुछ प्रचलित उन शब्दों से हुआ है, सब ही उन थोड़े शब्दों से समझ में आ जाता है। इसी कारण आधुनिक यूरोप और अमेरिका के बड़े बड़े विद्वानों ने कहावतों के साथ प्रत्येक प्रचलित भाषा और मनुष्यजाति का बड़ाभारी सम्बन्ध आविष्कार किया है। उन्होंने यह भी सिद्ध करके दिखाया है कि केवल कहावत के द्वारा ही किसी मनुष्यजाति की प्राचीन दशा, प्राचीन स्वरूप और किस श्रेणी की वह मनुष्यजाति है, इसका पता भी लग सक्ता है। किसी भाषा की प्रचलित कहावतें उस भाषारूपी वृहद्भवन की स्तम्भरूप हैं, ऐसा भी कह सक्ते हैं। शब्द से अर्थ, अर्थ से वृत्तियां और वृत्तियों से भाव का उदय होता है। दूसरी ओर शब्द प्रकट होते समय भाव को आश्रय करके अन्तःकरण की वृत्तियां और अन्तःकरण की वृत्तियों से प्रेरित होकर वृत्तियों के स्वरूप-द्योतक और उनके भावार्थव्यञ्जक शब्द प्रकट होते हैं। इसी कारण एकही शब्द कई वृत्तियुक्त अर्थों का प्रकाशक हो सक्ता है। किसी भाषा के प्रचलित कहावतरूपी थोड़े शब्दों में उस भाषा में प्रकाशित अनेक भावराशि उक्त कहावत के थोड़े ही शब्द के कान में पहुँचतेही श्रोता के हृदय में विकसित हो जाते हैं। यही कहावतों का अपूर्व महत्त्व है।

मातृभाषा हिन्दी की सेवा के लिये यह कहावतरत्नाकर प्रकाशित किया जाता है। अनेक विद्वानों की सहायता से ये हिन्दी की कहावतें संगृहीत हुई हैं। अगले संस्करण में इनकी संख्या भी बढ़ सकेगी। मातृभाषा हिन्दी की कहावतों को मुख्य रखकर पितृभाषा संस्कृत की कहावतें भी संग्रह की गई हैं,

और अनेक स्थलों में बना दी गई हैं । सुबिधा के लिये राजभाषा अंग्रेज़ी का भी और प्रचलित उर्दू का भी ऐसाही संग्रह या अनुवाद किया गया है । फ़ारसी और अरबी का भी संग्रह जहांतक सम्भव है किया गया है । संस्कृत-भाषा की अपूर्व्व "न्यायावली" भी गाथासहित दीगई है और अन्त में कुछ सुभाषित भी दिये गये हैं । इस पुस्तक के द्वारा मातृभाषाज्ञ व्यक्तियों की सहायता होने पर मैं अपने परिश्रम को सफल समझूंगा ।

ग्रन्थकर्त्ता ।

श्रीजगदम्बायै नमः ॥

कहावत रत्नाकर।

अ

अति का फूला सैंजना डाल पात से जाय।

(सं) पतनान्ताः समुच्छ्रयाः (अं) Too quick growth lasteth not. (उ) جو چڑھیگا وہ گریگا—ہر کمال کو زوال ہے

(फ़ा) ہر بہارے را خزانے—ہر کمالے را زوالے

अति सब में बुरी होती है।

(सं) अति सर्वत्र वर्जयेत् (अं) Golden means between two extremes. (उ) جو سادی چال رکھتا ہے وہ ہمیشہ خوشحال رہتا ہے

(फ़ा) درہمہ کارمیانہ رو باش

अधजल गगरी छलकत जाय।

(सं) अत्यन्तं श्लाघते क्षुद्र आत्मानं न गुणी जनः। शब्दायतेऽपूर्णघटो निरन्तरम्। (अं) Empty vessel sounds much.

(उ) تھونا چنا—باجے گھنا (फ़ा) صداے دھل ازخالی بودن شکم است

(अ) رب صلف تحت الراعدة

अधर में घर बनाना।

(सं) अनागतवतीं चिन्तामसम्भाव्यां करोति यः। स एव पाण्डुरः शेते सोमशर्मपिता यथा (अं) Building castles in the air.

(उ) دھول کی رسی بٹنا—ہوائی قلعہ تعمیر کرنا (फ़ा) باد بہ مشت پیمودن

(अ) لا يدخل الجمل في سم الخياط

अनाड़ी बंज भारी।

(सं) व्यापारे ह्यपटुः सम्यक् महावाणिज्यनायकः (अं) Knows little, attempts much. (उ) عیب کرنے کو بھی ہنر چاہیئے

(फ़ा) عیب کردن را ہنرے باید (अ) الحکمت مفتاح السعادة

अपना पूत पराया डंगर।

(सं) ममता स्वेषु सर्वेषाम् (अं) Every cook praises his own broth. (उ) اپنے دہی کو کوئی کھٹا نہیں کہتا

(फ़ा) کس نگوید کہ دوغ من ترش است (अ) یحسب کل احد ذا کمال و ولده ذاجمال

अपना हाथ जगन्नाथ का भात।

(सं) स्वीयं कस्मै न रोचते (अं) Self-done is done best.
(उ) اپنا کام اپنے ھی سے خوب ھوتا ھے (फ़ा) دست خود دھان خود

अपनी अपनी खाल में सभी जीव खुशहाल।

(सं) अनेकदोषदुष्टोऽपि कायः कस्य न वल्लभः (अं) Every one loves his own skin. (उ) اپنے حال مھن سب مست
(फ़ा) بادشاھان مال مست و ماگدایان حال مست

अपनी ओर निहारो।

(सं) स्वात्मानमवलोकय (अं) Look at thyself! Physician, heal thyself! (उ) ھون لاکھہ خطا و جرم ھمسے - گذرے ھے کریم کب کرم سے
(फ़ा) بومن منگر جو کرم خویش نگر

अपनी करनी अपने आगे।

(सं) यादृशाचरणं यस्य स तादृग् विन्दते फलम् (अं) As you sow, so you shall reap. (उ) جیسا بوؤگے ویسا کاٹوگے جیسي کرني ویسي بھرني
(फ़ा) کردني خویش آمدني پیش (अ) کماتدین تدان

अपनी करनी परमान, क्या हिन्दू क्या मुसलमान।

(सं) स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः (अं) You shall be judged by your act, not creed.
(उ) تجھے اور کي کیا پڑي ھے تو اپني تو نباہ (फ़ा) ھر کسے آن درود عاقبت کار کہ کشت (अ) لنا اعمالنا و لکم اعمالکم

अपनी करनी पार उतरनी।

(सं) स्वकर्म्मणैव संसारात् पारं गच्छन्ति मानवाः (अं) As they brew, so let them drink. (उ) قاضي جي کیوں دبلے شہر کے اندیشہ سے
(फ़ा) نیکي نیک را و بدي بد را (अ) لنا اعمالنا و لکم اعمالکم

अपनी गांठ पैसा, तो पराया आसरा कैसा।

(सं) स्वात्मावलम्बस्य कुतः पराशा (अं) Why seek help when you have means? (उ) پیسہ گانٹھہ کا ھتھیار ساتھہ کا
(फ़ा) زریکہ ازتست ھمانست کہ درمشت (अ) القبض دایل الملک

अपनी टेंट सूझे नहीं और की फूली निहारे।

(सं) खलः सर्षपमात्राणि परच्छिद्राणि पश्यति। आत्मनो बिल्वमात्राणि

पश्यन्नपि न पश्यति (अं) Does not see the beam in one's own eyes but sees the mote in other's.

(उ) اپنی آنکھہ کا شہتیر نہیں سوجھتا—اوروں کا تنکا سوجھتا ہے

(फ़ा) عیب خود هر کسے نمي بیند (अ) یکسوالناس ستة عاریة

अपनी डाढ़ी का मचरका।

(सं) सदोषो वाऽसि निर्दोषो दण्डार्हस्त्वं न संशयः

(अं) Plough or not plough, you must pay your rent.

(उ) اڑکا روئے بالونکو نائي روئے منڈائي کو (फ़ा) سلام روستائي بیغرض نیست

अपनी नरमी दुश्मन को खाय।

(सं) मृदुना दारुणं हन्ति (अं) A soft word turneth away wrath. Love disarms opposition. (उ) ٹھنڈھا لوھا گرم کو کاٹتا ہے

(फ़ा) دواے غضب خاموشی است (अ) اللین تطفي الغضب

अपने अपने ओसरे कुए भरे पनिहार।

(सं) अपेक्ष्यते स्वावसरो ध्रुवं जनैः (अं) Every dog has his day.

(उ) کبھي گھورے کے بھی دن پھرتے ھیں (फ़ा) هر کسے پنج روز نوبت اوست

(अ) المریض یشفی و الفقیر یغني

अपने जामे में सभी नंगे।

(सं) वसनाभ्यन्तरे नूनं नग्नाः सर्वे न संशयः (अं) Every one is naked under his clothes. (उ) بندہ بشر ہے چوک ھی جاتا ہے

(फ़ा) درجامہ حیوان همہ بر هنہ

अपने मन से पूछिये मेरे मन की बात।

(सं) सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः

(अं) Love begets love. True hearts beat in unison.

(उ) دل کو دل سے راہ ہے (फ़ा) دل را بدل رھیست (अ) القلب یھتدي الے القلب

अपने मुँह से धन्ना बाई।

(सं) स्वात्मानं श्लाघते मूढः (अं) Self-praise is no praise.

(उ) اپنے منھہ سے میان مٹھو مشک کو عطار کي تعریف کي حاجت نہیں

(फ़ा) مشک آنست کہ خود بوید نہ کہ عطاربگوید

अपनो है फिर आपनो यामें फेर न सार। गोड़ नमत निज उदर को कहत सकल संसार।

(सं) स्वजना उपकुर्व्वन्ति स्वजनानेव निश्चितम्। प्रकृत्या नमतः पादाबुदराऽभिमुखं यथा (अं) Near is my shirt, but nearer my skin.
(उ) گھٹنے پیٹ ھي کو جھکتے ھیں (फ़ा) دگر دگر است جگر جگر است

अब सतवन्ती बनी लूट खायो संसार।

(सं) वृद्धा वेश्या तपस्विनी (अं) After a life of sin turns a holy ascetic. (उ) نو سے چوھے کھاکے بلي حج کو چلي
(फ़ा) من خوب میشناسم پیران پارسارا (अ) انا اعرف باسرارک

अभी सेर में पौनी भी नहीं कती।

(सं) पदमेकं न चलितं क्रोशेष्वद्यावधि ध्रुवम् (अं) The task is not yet one-fourth done. (उ) رات بہر پیسا فجر چنکي بھر اٹھایا— پہاڑ کھود کر چوھا نکالنا (फ़ा) کوہ کندن و کاہ برآوردن

अरजी हमारी आगे मरजी तिहारी है।

(सं) कृतन्निवेदनं देव यदिच्छसि तथा कुरु (अं) We can but pray, fulfilment rests with you.
(उ) هم نیک و بد حضور کو سمجھائے جاتے ھیں * پر مانو یا نہ مانو تمھیں اختیار ھے
(फ़ा) اختیار بدست مختار

अरे जौहरी बावले सुन मेरे दो बोल। बिन गाहक जनि खोल तू गठरी रतन अमोल।

(सं) अरसिकेषु कवित्वनिवेदनं शिरसि मा लिख मा लिख मा लिख
(अं) Don't scatter pearls before swine.
(उ) جب کوئي سنتا ھے تب بات کہتا ھے (फ़ा) پیش کسے روکہ طلبگار تست

अलख अखण्ड आदि अविनाशी।

(सं) अखण्डं विभु ब्रह्म नित्याविनाशि समस्तादिरूपादिहीनं प्रशान्तम्
(अं) The Formless, the Indivisible, the One without Beginning, One without End. (उ) خدا کي ذات بےنظیر ھے
(फ़ा) ذات خدا لایزال هست قدیم و بیمثال

अपना दूर से सूझता है।

(सं) सर्वः स्वतां पश्यति दूरतो हि (अं) One's own is ever evident to one. (उ) اپنا کام دور سے سوجھتا ھے (फ़ा) کار خویش از دور نظر مي آید

अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता।

(सं) न ह्येकं चणकं कुर्यात् खण्डशो भर्जनं सखे। (अं) United you can what singly you can't. (उ) اکیلا چنا بھاڑ نہیں پھوڑتا
(फ़ा) از یکے چہ بر آید

अशरफ़ी लुटें कोयलों पर मुहर।

(सं) रत्नं चौरा हरन्त्येव शीताङ्गारे महादरः (अं) Penny wise pound foolish. (उ) اشرفیون کی لوٹ کویلون پر مہر
(फ़ा) اشرفی ضایع شوند مہر بر انکشت نہند

अपने स्वार्थ को गधा चराते।

(सं) स्वार्थिनः किं न कुर्वन्ति। (अं) One is slave to one's own interest. The selfish stick at nothing. (उ) غرضمند باؤلا
(फ़ा) برائے مطلب خود خران می چرانیم

अपनी बुद्धि पराया धन कई गुना दिखाई देता है।

(सं) अन्यस्य वित्तं स्वमतिश्च नैकगुणं प्रपश्यन्ति जना जगत्याम्।
(अं) Intelligence of self and wealth of others look bigger.
(उ) اپنی عقل اور دوسرے کی دولت سب کو بڑی معلوم ہوتی ہے
(फ़ा) عقل خود و مال دیگران بکمال می نماید

अवसर चूकी डोमिनी गावे ताल बेताल।

(सं) व्यतीते समये कार्य्यं व्यर्थतां वहते खलु। (अं) There is time for every work and work for every time.
(उ) ہر کام کے لئے وقت ہوتا ہے
(फ़ा) مشتے کہ بعد از جنگ یاد آید بر کلہ خود باید زد

अरहर की टट्टी गुजराती ताला।

(सं) अल्पस्य हेतोर्बहुलः प्रयासः। (अं) Laying a battery for killing a mosquito. (उ) ٹاٹ پر ریشم کی بخیہ
(फ़ा) قفل گجراتی بدریچہ نباتی

अपनी नींद सोना अपनी नींद उठना।

(सं) स्वतन्त्रस्य निजाधीनं शयनं जागृतिस्तथा। न स्वातन्त्र्यसमं सुखम्।
(अं) Do as you need, not as you are told. (उ) اپنی نیند سونا اپنی نیند جاگنا
(फ़ा) آزاد باش قماش کہ نہ غم خواب نہ تلاش معاش

अपनी नाक कटे तो कटे दूसरे का सगुन तो बिगड़े।

(सं) प्रणाशयन्ते शकुनं परेषां छित्वाऽपि स्वीयां किल नासिकां वै।

(अं) To cut one's nose to spite other's face. (उ) دوسرے کے برے شگون کے لئے اپنی ناک کٹانا (फ़ा) براے نحس دیگران بینی خود برانیدن

अपने घर में कुत्ता भी सिंह होजाता है।

(सं) स्वगृहे कुक्कुरोऽपि सिंहायते। स्वस्थाने बलवन्तः स्युः क्षुद्रा जीवगणा अपि। (अं) A cur is a lion in his own kennel.

(उ) اپنی گلی میں کتا بھی شیر ہوتا ہے (फ़ा) بمسکن خود سگے ہم شیر باشد

अर्क तरुन की डार तें कहुँ गज बाँधे जाहिं?

(सं) गजो नैवाऽर्कवृक्षेषु बद्धः क्वचन दृश्यते। (अं) To lean upon a broken reed. (उ) مدار کی ڈال سے ہاتھی کا باندھنا ناممکن ہے

(फ़ा) پیلے بمیلے نہ توان بست

अपनी अपनी ढपली अपना अपना राग।

(सं) अनैक्ये यान्ति संसारे व्यक्तिस्वाधीनतां जनाः। (अं) Dancing to one's own pipe. (उ) اپنی دھن میں سب مگن ھین

(फ़ा) ہر کس بخیال خویش خبطے دارد

The meaning of this maxim is: Just as a serpent, after it has cast off its slough, does no longer regard the same as a part of itself, so a man, on acquiring *vidya* or true knowledge, regards his self as distinct from his body.

अहिकुण्डलन्यायः ॥ २० ॥

जैसे सर्प का कुण्डलाकार वेष्टन होना स्वाभाविक है, वैसे ही जो जिसका स्वाभाविक धर्म है, उसमें उसकी अवश्य ही प्रवृत्ति होती है।

20. *The maxim of the coils of a snake.*

Just as the coils of a venomous serpent are natural to it so are the crooked ways to a wicked man.

This maxim is used to denote the natural propensites and impulses of a man.

अन्धकवर्तकीन्यायः ॥ २१ ॥

जैसे कोई मनुष्य दोनों हाथों से ताली बजा रहा हो और उसी समय उसके उन दोनों हाथों के बीच में वर्त्तक पक्षी (बटेर) आजाय, यह असम्भव है। इसी प्रकार के असम्भव अर्थ में इस न्याय का प्रयोग होता है।

21. *The maxim of the man clapping his hands and the sparrow.*

It is unthinkable that a sparrow will perch on the hands of a person clapping.

This maxim is used to denote impossibility.

अजाकृपाणीयन्यायः ॥ २२ ॥

किसी खम्भे में बिना म्यान की तलवार टँगी हुई थी, उसमें बकरा आकर स्वयं शिर खुजलाने लगा जिससे उसका शिर कट गया। अघटित घटना में यह न्याय लगता है।

22. *The maxim of the goat and the naked sword.*

A goat was scratching its neck at the sharp edge of a naked sword and cut it.

One should not meddle with dangerous things.

अग्न्यानयनन्यायः ॥ २३ ॥

अग्नि लाओ, यह कहने से ही अग्निपात्र का भी लाना सिद्ध हो जाता है। साहचर्यद्योतक अर्थ में इस न्याय का प्रयोग होता है।

23. *The maxim of asking to bring fire.*

When a person is asked to bring some fire, it is implied that he is to bring it in a pot or vessel.

This maxim is used in those cases where anything is not explicitly expressed, but implied.

अन्यद्भुक्तमन्यद्वान्तमितिन्यायः ॥ २४ ॥

खाया हो कुछ और वमन किया कुछ, यह परस्पर विरुद्ध है। 'कहे आम सुने इमली' 'मांगे हर्रे दे बहेरा' इत्यादि कहावतों के अनुरूप अर्थ में इस न्याय का प्रयोग होता है।

24. *The maxim of eating one thing and vomiting something else.*

This maxim is used in cases where the answer to a question does not touch the question at all.

अन्धस्यैवान्धलग्नस्येतिन्यायः ॥ २५ ॥

एक अन्धा दूसरे अन्धे को पकड़ कर चलने लगा, रास्ते में कई जगह ठोकरें खाकर गिर गया। उसी प्रकार जिसका नेता (अगुआ) भी मूर्ख हो और वह स्वयं भी मूर्ख हो तो उसके काम में सफलता कभी नहीं होती, प्रत्युत काम में अनेक बाधाएँ उपस्थित हो जाती हैं। मूर्ख नेता के अनुयायी बनने में यह न्याय घटता है।

25. *The maxim of the association with the blind.*

What shall it profit a man if he associates with men of little knowledge? A man should always keep the company of persons, superior to him in learning, wisdom, and good qualities.

अर्द्धं त्यजति पण्डित इतिन्यायः ॥ २६ ॥

यदि सर्व वस्तु का नाश होना संभव हो और उसमें से आधा त्याग देनेसे आधा मिल जाता हो, तो विद्वान् पुरुष आधे को छोड़ कर आधे ही को ले लेता है।

26. *The maxim of saving one half.*

When a man is likely to lose all, he ought to sacrifice one-half in order to save the other half.

अल्पस्यहेतोर्बहुहातुमिच्छन्निति न्यायः ॥ २७ ॥

थोड़े के लिये बहुत का त्याग कर देना यह बुद्धिमत्ता नहीं है। जो पुरुष 'त्यजेदेकं कुलस्यार्थे आत्मार्थे पृथिवीं त्यजेत्' अर्थात् कुल के लिये एक व्यक्ति को छोड़ देना चाहिये और आत्मा के लिये पृथ्वी का त्याग करना चाहिये, इस नीति का आश्रय नहीं करते, उनके लिये ऐसे न्याय का प्रयोग होता है।

27. *The maxim of a person sacrificing much in order to gain a trifle.*

What sacrifices does not a man make, what troubles does he not take to win transient worldly gain? But he is a truly wise man, who seeks That, gives up his all for That, on obtaining which he obtains everything.

c.f. The English proverb: "Penny-wise, pound-foolish."

अलाभेमत्तकाशिन्याइतिन्यायः ॥ २८ ॥

मत्तकाशिनी नाम की स्त्री को जब और कहीं सुरतोत्सव का मौका न मिला तब उसने तिर्य्यग्योनि में सुरतोत्सव किया। तात्पर्य यह है कि जीव की इच्छा पूरी नहीं होती तो वह निकृष्ट उपाय द्वारा भी इच्छा को पूर्ण करने में प्रयत्न करता है।

28. *The maxim of the passionate Kasini.*

The passionate Kasini, failing to secure other means of satisfying her passion was obliged to satisfy the same on an animal.

This maxim is used to denote the irresistible powers of lust and vile passions, and the degradation caused by them.

अण्डकुक्कुटीन्यायः ॥ २६ ॥

किसी ने एक मुर्गी पाली, वह रोज एक अण्डा देती थी। एक दिन उसके पालक ने विचारा, रोज रोज एक एक अण्डा पाने की अपेक्षा एक ही साथ इसके सब अण्डों को निकाल लूं तो अच्छा हो। इसलिये उसने मुर्गी को मार डाला; फल यह हुआ कि मुर्गी और अण्डे दोनों से उसको हाथ धोना पड़ा। यह न्याय मूर्खताद्योतक है।

29. *The maxim of the hen and the eggs.*

A hen used to lay one egg daily. Its owner thought that he would have all the eggs that were in her at one time. Accordingly he ripped open the abdomen of the hen with the result that might be imagined.

This maxim is used in cases where a person becomes a loser on account of covetousness.

अश्वभृत्यन्यायः ॥ ३० ॥

यह घोड़ा किसका है? ऐसा पूछने पर किसी ने कहा कि जिसका मैं नौकर हूं। तब फिर उसने पूछा कि किसका तू नौकर है? तब उसने जवाब दिया कि जिसका यह घोड़ा है। ऐसे कथोपकथन से निर्णय कुछ भी नहीं होता है, परस्पर ज्ञान की सापेक्षता में यह न्याय लगता है।

30. *The maxim of the horse and its owner.*

A man asked an hostler who was attending to a horse, "whose horse is this?"

The hostler replied, "His, whose servant I am."

The man again asked, "whose servant are you, my good man?"

The hostler replied readily, "why, his, whose horse this is!"

This maxim is applied to a person who argues in a circle, or gives evasive answers.

अजातपुत्रनामोत्कीर्तनन्यायः ॥ ३१ ॥

पुत्र होने से पहले ही पुत्र का नामकरण करना व्यर्थ है। यह न्याय निष्प्रयोजनताद्योतक है।

31. *The maxim of christening the babe yet unborn.*

This maxim is applied to superfluous, foolish, or useless acts of persons.

अन्तेयामतिःसागतिरितिन्यायः ॥ ३२ ॥

मरने के समय जैसी बुद्धि होती है, वैसीही गति होती है, अर्थात् मृत्यु-कालीन भावना के अनुरूप ही परलोक में जीव की गति होती है । यह न्याय अन्तिम विचार की सर्वोत्कृष्टताद्योतक है ।

32. *The maxim of: As thou thinkest in thy last moments, so shalt thou be.**

King Bharata had a favourite antelope, who used to follow him wherever he went, and whom the King loved very much. While on death-bed, the dying King's thoughts were of his pet antelope. The King in his next birth was born as an antelope.

**c.f.* Bhagawad Gita, VIII, 5. 6.

अपराह्णच्छायान्यायः ॥ ३३ ॥

मध्याह्न के बाद की छाया उत्तरोत्तर बढ़ने वाली होने के कारण बहुकाल-व्यापिनी होती है । यह न्याय उत्तरोत्तर वृद्धि और चिरकालव्यापकता के अर्थ में घटता है ।

33. *The maxim of the shadow of the evening.*

This maxim is applied in cases where prosperity or intimacy is on a continued wax.

असाराणामपिबहूनामितिन्यायः ॥ ३४ ॥

अनेक क्षुद्र वस्तुओं का भी मेल बहुत बड़े कार्य्य को कर सकता है; जैसे क्षुद्र घासों से रस्सी बनाई जाती है उससे हाथी भी बांधा जाता है । यह संघशक्तिद्योतक न्याय है ।

34. *The maxim of many trifles.*

A straw is an insignificant thing of little strength, but when it unites with others to make a stout rope, it can bind and hold in check even a mad elephant.

Cf. The English proverbs: "Union is strength." "Many a little makes a mickle."

अस्नेहदीपनन्यायः ॥ ३५ ॥

बिना तेल के दीपक नहीं जल सकता है । कारण के अभाव से कार्य्य का भी अभाव हो जाता है; ऐसे अर्थ में इस न्याय का प्रयोग होता है ।

35. *The maxim of burning a lamp without oil.*

This maxim is used in the following and like senses. A man spends more than he earns; he builds a structure on a

foundation which is weak ; he looks more to show than real worth; he cares for a transient effect instead of permanancy, etc.

आ

आकाशपरिच्छिन्नत्वन्यायः ॥ ३६ ॥

आकाश का माप नहीं हो सक्ता है। किसी व्यापक तत्त्व के विषय में उदाहरण देते समय इस न्याय का व्यवहार होता है।

36. *The maxim of dividing and limiting the limitless and All-pervading Akash (Sky, ether).*

The infinite sky cannot be measured, divided, or limited.

This maxim is used in those cases where a person undertakes or attempts an impossible task; or where one wants to illustrate the infinite, eternal and all-pervasive character of a category, such as the self.

आकाशमुष्टिहननन्यायः ॥ ३७ ॥

आकाश को मुट्ठी से मारना असंभव है। असंभव अर्थ में यह न्याय प्रयुक्त होता है।

37. *The maxim of striking the sky with fists.*

This maxim is used to denote an impossible act.

आदावन्तेचेतिन्यायः ॥ ३८ ॥

आदि और अन्त का उल्लेख होने से मध्य भी समझा जाता है। उस अर्थ में इस न्याय का व्यवहार होता है।

38. *The maxim of the beginning and the end.*

If anything has a beginning, it must have an end; and if it has a beginning and an end, it has a middle also.

आचारार्यत्वन्यायः ॥ ३९ ॥

वर्णाश्रम सम्बन्धी सदाचार के विना मनुष्य जाति में आर्यत्व नहीं हो सक्ता। धर्मधर्मिनिर्णय में इस न्याय का प्रयोग होता है।

39. *The maxim of the existence of the Arya race and good conduct.*

It is on the practice and Continuance of the *Varna* and *Ashram Dharma*, and rules of good conduct, that the existence and prosperity of the Arya race depends.

This maxim is used in those cases where one thing depends upon another for its very life.

आभाणकन्यायः ॥ ४० ॥

जहां मिथ्या किंवदन्ती पर विश्वास करके काम किया जाता है वहां इस न्याय का प्रयोग होता है। जैसे अमुक स्थान में भूत रहता है, यह झूठी अफवाह लोगों में चली आती है और उस पर विश्वास करके लोग उस स्थान पर जाने में भयभीत होते हैं।

40. *The maxim of believing in a rumour.*

This maxim is used in cases where people believe in false rumours as ghost etc., and are swayed by the same.

आम्रवणन्यायः ॥ ४१ ॥

जहां आम के वन बहुत हों वहां अन्य वृक्षों के रहने पर भी आम्रवन के नाम से ही प्रसिद्धि होती है। यह न्याय बाहुल्य का महत्त्वव्यंजक है।

41. *The maxim of the mango grove.*

In a mango grove, there may be some other trees, but still people call it a mango grove.

This maxim is used to denote the force of habit, or the effect of a company or an association, good and bad.

आयुर्घृतमितिन्यायः ॥ ४२ ॥

आयु और घृत का घनिष्ठ सम्बंध है, वा यों कहना चाहिये कि घृत आयु-रूप ही है। परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध बतलाने में यह न्याय लगता है।

42. *The maxim of long life and ghee.*

Ghee is the cause of long life; for, if one regularly takes at meals a little pure *ghee* every day, one is healthier for it, and lives to a ripe old age.

This maxim is used to denote the relation of cause and effect.

आषाढवातेचलतिद्विपेन्द्रइतिन्यायः ॥ ४३ ॥

आषाढ महीने की हवा चलने पर हाथी को सर्वत्र समुद्र ही मालूम पड़ता है; तात्पर्य यह है कि हाथी का उत्साह वर्षा में और निरुत्साह गर्मी में हुआ करता है। निरुत्साह के बढ़ाने वाले स्थल में यह न्याय लगता है।

43. *The maxim of the elephant and the wind blowing in the month of Ashar (July.)*

When the wind blows in the month of Ashara (*July*) everything around an elephant appears to him like the sea and so he becomes very exultant, but when the summer sets in he becomes very dispirited and morose.

This maxim is used in discouraging one in any matter.

इ

इक्षुविकारन्यायः ॥ ४४ ॥

ऊख के पेरने से रस, रसके पकाने से गुड़ और गुड़ के साफ़ करने से खाँड़ आदि वस्तुएँ उत्तरोत्तर उत्तम बनती जाती हैं; इसी प्रकार जहां क्रमशः उत्तरोत्तर विशेष उन्नति दिखाई जाय वहां इस न्याय का व्यवहार होता है।

44. *The maxim of the modifications of the sugar-came.*

The raw sugar-cane is first pressed and the juice extracted therefrom. The liquid juice is then boiled, and made into solid *gur*, which is then refined and turned into fine, white crystallised sugar.

This maxim is used to denote gradual progress.

इक्षुरसन्यायः ॥ ४५ ॥

ऊख को कोल्हू में पेरने से ही रस निकलता है; तात्पर्य यह है कि जहाँ कठिन व्यवहार करने से ही फल अच्छा हो, ऐसे स्थल पर यह न्याय काम में आता है।

45. *The maxim of the juice of sugar-cane.*

You cannot extract the juice out of sugar-cane without first crushing it. So, in order to obtain particular results in certain cases, you have to assume a severe, stern, and unyielding attitude.

इषुवेगक्षयन्यायः ॥ ४६ ॥

धनुष से छूटे हुए बाण का वेग लक्ष्य तक जाकर ही समाप्त होता है, बीच में नहीं। जो पुरुषार्थ लक्ष्यसिद्धि के बिना विरत न हो, वहां ही यह न्याय व्यवहृत होता है।

46. *The maxim of the ceasing of the impulse of a Discharged arrow.*

Just as an arrow discharged from a bow flies on and

on, till it pierces the object aimed at, when it stops, so a worthy man toils day and night, and stops not, unless and until he obtains his heart's desire, when he puts his tools aside and joyfully takes rest.

इच्छेष्यमाणसमभिव्याहारेइतिन्यायः ॥ ४७ ॥

तात्पर्य यह है कि इच्छा के उत्पन्न होने में इच्छा को उत्पन्न करनेवाली वस्तु ही कारण होती है। यह न्याय हेतुहेतुमद्भाव का सूचक है।

47. *The maxim of the will to attain an end and the means.*

If a man has an earnest and ardent desire to achieve anything, the means will not be wanting.

Cf. The English Saying: "Where there is a will, there is a way."

उ

उपास्यमहिलान्यायः ॥ ४८ ॥

जैसे उपासक के लिये जब तक एक उपास्य इष्टदेव न होगा तब तक कदापि सिद्धि नहीं होगी उसी प्रकार आर्यनारी जब तक एक पति-निष्ठा न होगी, तब तक उसका कल्याण नहीं हो सक्ता। यह एकपरायणताद्योतक न्याय है!

48. *The maxim of Upasya (object of worship)—and a woman.*

As firm belief in one is essentially necessary for a worshipper to attain success, so unflinching devotion to her husband is equally necessary for an Aryan woman for the attainment of highest good in life.

This maxim is intended to teach firm faith in one.

उत्खातदंष्ट्रोरगन्यायः ॥ ४९ ॥

जिसका दांत उखाड़ा हुआ है ऐसा सांप काट नहीं सक्ता; जैसे शक्तिहीन दुष्ट, निर्बल डाकू और वृद्ध कामी आदि। ऐसे ही स्थलों में यह न्याय घटता है।

49. *The maxim of a Fangless serpent.*

As a serpent deprived of its fang is harmless, so also a wicked man, who has lost his power, a robber, who has become weak and infirm, or a voluptuous debauch in his old age, can do no harm to any one.

This maxim teaches that the evil propensities lose their force with the decline of physical strength

उदकनिमज्जनन्यायः ॥ ५० ॥

जैसे जल में डूबी हुई वस्तु बड़ी कठिनता से मिलती है; ऐसे ही दुःसाध्य काम को सुसाध्य करने के अर्थ में यह न्याय लगता है।

50. *The maxim of sinking into water.*

It is very difficult to find out a thing that has sunk into water.

The maxim is used to denote the difficulty to be experienced in attempting a thing, which is not easy of performance.

उष्ट्रकण्टकभक्षणन्यायः ॥ ५१ ॥

जिस वस्तु में जिसकी रुचि होती है, उसी में वह आनन्द समझता है। जैसे ऊंट बबूल आदि कँटीले वृक्षों के कांटे सहित पत्तों को खाने से ही आनन्द समझता है। उत्तम खांड़ आदि वस्तुओं में उसकी रुचि नहीं होती है। रुचि के अनुकूल प्रवृत्ति में यह न्याय लगता है।

51. *The maxim of a camel and a thorny plant.*

The camel likes much to eat the thorny leaves and bark of a certain plant though it has to suffer much pain. It is used to denote that one would be pleased to follow his own taste however inconvenient or undesirable it may in reality be.

उपनयन्नपनयन्धर्मोविकरोतिहिधर्मिणमितिन्यायः ॥ ५२ ॥

धर्मी में से धर्म निकल जाने पर उसमें विकार उत्पन्न होजाता है, जैसे अग्नि में से उष्णत्व निकल जाने पर वह कोयला बन जाता है; इसी प्रकार के उदाहरण में यह न्याय लगता है।

52. *The maxim of a thing and its altered condition.*

The maxim originates from the fact that a burning fuel when fully burnt down, and fire is extinguished loses its true nature and is reduced to ashes, and is used to signify that a thing ceases to be called as such when it is deprived of its essential properties.

उपवासाद्वरंभिक्षेतिन्यायः ॥ ५३ ॥

भूखे रहने से भीख मांगकर खाना अच्छा है। आपद्धर्म में यह न्याय लगता है।

53. *The maxim of Apat-Dharma (rules of conduct in time of danger).*

It is better to beg than to fast.

उभयतःपाशारज्जुरितिन्यायः ॥ ५४ ॥

दोनों ओर जाल फैलाने पर हरिण जिधर जाता है उसी ओर फँस जाता है। जिस कार्य्य के करने और न करने, दोनों में ही आपत्ति हो, वहां यह न्याय लगता है।

54. *The maxim of nets in both sides.*

When there are nets on either side, one is sure to get entangled to whichever direction he may move. It is used to denote the difficulty of situation of a person when it is injurious for him either to do a thing or to leave it undone.

उष्ट्रलगुडन्यायः ॥ ५५ ॥

ऊंट जिस लाठी को ढोता है उसी से वह मार खाता है। मूर्खता के उदाहरण में यह न्याय घटता है।

55. *The maxim of a camel and a club.*

The camel is beaten by the rod which it carries on its back. So a fool has to suffer much as the consequence of his foolish conduct.

ऊ

ऊषरवृष्टिन्यायः ॥ ५६ ॥

ऊषर ज़मीन में बहुत वर्षा होने पर भी बीज से अंकुर की उत्पत्ति नहीं होती है। जहां कार्य में सफलता असंभव हो, वहां उद्योग व्यर्थ है । ऐसेही स्थलों पर यह न्याय लगता है।

56. *The maxim of sterility and rain.*

The seeds sown in a barren land do not germinate though there may be a copious rainfall. It is used to denote fruitlessness of efforts in a matter which it is impossible to perfom.

ऋ

ऋजुमार्गेणसिद्ध्यतइतिन्यायः ॥ ५७ ॥

जो काम सुगम उपाय से होसक्ता है उसको कठिनाई के साथ करना अनुचित है।

57. *The maxim of easy way of success.*

It is not proper to take recourse to a difficult way for doing a thing when it can be done easily.

ए

एकवृन्तगतफलद्वयन्यायः ॥ ५८ ॥

जैसे एकही गुच्छे में दो फल लगते हैं, वैसेही दो अर्थों के रखनेवाले एक शब्द के प्रयोग में यह न्याय लगता है।

58. *The maxim of two fruits in one stem.*

As two fruits sometimes grow in one stem, so the same word may sometimes be used in two senses.

एकसंधित्सतोऽपरंप्रच्यवतइतिन्यायः ॥ ५९ ॥

एक ओर जोड़ता है तो दूसरी ओर बिगड़ता है और दूसरी ओर जोड़ता है तो तीसरी ओर छिद्र निकल आता है। नाना विघ्न बाधाएं एक साथ उपस्थित होने पर यह न्याय लगता है।

59. This logical formula is applicable to those cases where one part of argument breaks down, while the other part holds good. At the same time a whole test of logical inconsistencies crop up to make the situation untenable.

एकत्रनिर्णीतःशास्त्रार्थोऽन्यत्रापितथेतिन्यायः ॥ ६० ॥

प्रमाण आदिसे एक स्थान में निर्णय किया हुआ शास्त्र का अर्थ, अन्य स्थानों में भी अनुमान से उसी प्रकार का हो सकता है। यह न्याय सिद्धान्त समर्थक है।

60. Two similar lines of argument when applied to cases of similar character in different circumstances tend to make for certainty in reasoning.

एकदेशविकृतमनन्यवदितिन्यायः ॥ ६१ ॥

किसी भी वस्तु के किसी एक अंश में विकार (हानि या आधिक्य) होजाने से वह वस्तु दूसरी नहीं होजाती, यथा-पुच्छहीन अश्व (घोड़ा) अश्व ही रहता है, गदहा नहीं होजाता; अथवा एक हाथ में छः अंगुलियों के होने से मनुष्य पशु नहीं होजाता।

61. *The maxim of a thing remaining unchanged in form though it may be maimed in part.*

A horse continues to be a horse, and is not transformed into an ass, though its tail may be cut off; or a man does not become a beast though he may lose one of his fingers.

It is used to denote that external deformity is no indication of any change of the true nature of a thing.

एकाकिनीप्रतिज्ञाहिन्यायः ॥ ६२ ॥

केवल प्रतिज्ञामात्र से ही कार्य की सिद्धि नहीं होती है। बहुत बोलने और व्यर्थ बोलने वाले के सम्बन्ध में यह न्याय लगता है।

62. *The maxim of promise alone.*

Mere words of promise cannot secure success, (action is essentially necessary).

It is used to denote that those who talk much are not men of action.

एकाऽसिद्धिंपरिहरतोद्वितीयापद्यतइतिन्यायः ॥ ६३ ॥

एक असिद्धि को दूर करते हुए दूसरी आजाती है। संसार की आपत्ति-बहुल अवस्था में यह न्याय लगता है।

63. *The maxim of one failure bringing other failures in its train.*

In going to remedy one failure, another thing requiring attention is neglected, and that, too, therefore, ultimately proves to be a failure.

एकवाक्यतापन्नानामितिन्यायः ॥ ६४ ॥

एक वाक्य में जिन शब्दों के अन्वय हों वह उसी वाक्य के कहलाते हैं। जो कोई व्यक्ति यदि अपने भाव को छिपाकर बहुत कुछ बोलना चाहे वहां यह न्याय लगता है।

64. *The maxim of being one in month and at heart.*

It is used in cases where a man has one thing at heart, and expresses quite a different thing by words.

एकसम्बन्धिदर्शनन्यायः ॥ ६५ ॥

एकसम्बन्धिज्ञान दूसरे का स्मारक है। विचार सादृश्य के निर्णय में यह न्याय लगता है।

65. *The maxim of association.*

This maxim is used in cases where a thing reminds one of other things with which it is associated or with which it has some resemblance.

औ

औपाधिकाकाशभेदन्यायः ॥ ६६ ॥

विभिन्न उपाधि से युक्त जाति में अवश्य भेद है। भेद प्रतिपादन में यह न्याय काम में आता है।

66. *The maxim of the surnames and the sky.*

As the same atmosphere appears to be different, being circumscribed by different things, so the same class of things becomes different according to the difference of designations and surnames.

It is used to establish the difference among things.

क

क्षीरंविहायरोचकग्रस्तस्यसौवीररुचिमनुभवतीतिन्यायः ॥ ६७ ॥

जिसमें खाने की रुचि नहीं होती ऐसे रोग से पीड़ित पुरुष दूध को छोड़कर कढ़ी में रुचि करता है। कुपथगामी तथा असद् विषय की इच्छा करनेवाले के लिये इस न्याय का व्यवहार होता है।

67. *The maxim of preferring a sour thing to milk.*

There are patients who would not like to take milk, but would long for curd or some preparation of it.

It is used to denote the vitiated taste of those that have gone astray or that are addicted to evil practice.

कण्टकन्यायः ॥ ६८ ॥

कांटे से कांटा निकाला जाता है; अर्थात् दुष्ट के दमन करने के लिये दुष्ट या दुष्टता का प्रयोग युक्तियुक्त है।

68. *The maxim of thorn.*

To draw out a thorn from any part of the body, the help or use of another thorn is necessary. So wicked means may be adopted for putting down a wicked man.

कण्ठचामीकरन्यायः ॥ ६९ ॥

जैसे कोई गले में भूषण पहरा हुआ है और भूलसे दूसरे से पूछ रहा है कि कहां है, दूसरे ने कहा गले में देखो तब उसने कहा हां मिल गया।

69. *The maxim of the neck and the necklace.*

One day a lady was anxiously engaged in search for her

necklace, though in fact she had it then round her neck. When she enquired of another person about it, she was asked only to feel her neck.

It is used to denote the useless attempt of a person to obtain a thing from somewhere else though in fact he is in possession of it, only he is not aware of it.

कण्ठाभरणन्यायः ॥ ७० ॥

यह भी उपरोक्त प्रकार का न्याय है, भ्रम प्रतीति में लगता है।

70. This sort of reasoning is also held to be logical like the above, but it is still not free from error.

कन्याविक्रयिद्विजन्यायः ॥ ७१ ॥

ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य इन द्विजातियों के लिये कन्या देकर धन लेना महापाप है। इस कारण यह पापबोधक न्याय है।

71. *The maxim of a Brahman who accepted money to give his daughter in marriage.*

It is sinful on the part of a Brahman, a Kshatriya or a Vaisya, to accept money as a consideration for giving away his daughter in marriage.

करस्थबिल्वन्यायः ॥ ७२ ॥

जैसे हाथ में रक्खा हुआ बिल्व का फल स्पष्ट दिखाई पड़ता है। वैसेही ज्ञानी व्यक्ति के संमुख जगत्प्रपञ्च का स्वरूप खुलजाता है।

72. *The maxim of a Bilwa fruit on the palm of hand.*

As a Bilwa fruit may be fully well-known on minute examination when it is placed on the hand, so it is possible for man to acquire a thorough knowledge of this world as he is always in direct contact with it.

करिबृंहितन्यायः ॥ ७३ ॥

बृंहित यह शब्द सब की बोलियों के अर्थ में व्यवहृत होसकने पर भी बृंहित कहनेसे केवल हाथी केही शब्द का बोध होता है। एक शब्द अनेक अर्थ में प्रयुक्त होने पर भी जिसमें उसकी प्रसिद्धि है उसी अर्थ का बोध करावेगा। ऐसे उदाहरण में यह न्याय व्यवहृत होता है।

73. *The maxim of Kari-brinhita (the elephant and its particular sound).*

As the word *Brinhita* is ordinarily taken to mean the sound

of an elephant, although the word properly means the sound of all animals, so a word though from its derivation may be applied in various senses, is by usage is restricted to any particular sense.

का

कांस्यभोजीन्यायः ॥ ७४ ॥

जैसे किसी शिष्य ने ऐसा नियम किया कि मैं नित्य गुरुका उच्छिष्ट खाऊंगा और कांसे के बर्तन में कभी नहीं खाऊंगा, गुरु उसका नियमभंग करने के लिये सदा कांसे के बर्तन में खाने लगे, तब शिष्य को कांसे के पात्र में ही खाना पड़ा अतः परस्पर सम्बन्ध से एक को प्रधानता देते समय यह न्याय लगता है।

74. *The maxim of one eating on a bell-metal plate.*

A disciple promised never to take his meal from a bell-metal plate. But his *guru* was resolved to break that promise, and so he began to use bell-metal plates at the dinner time. As it was binding on the part of the disciple to eat the remainder of the food left by the *guru*, he could not but break his promise.

It is used to denote that in cases of mutual relations preference must be given to him who is higher in position.

काफोणिगुडन्यायः ॥ ७५ ॥

कफोणि अर्थात् केहुन में यदि गुड़ लगजाय तो वह चाटा नहीं जासक्ता है। ऐसे असंभव भावप्रकाश में यह न्याय लगता है।

75. *The maxim of the elbow and molasses.*

It is impossible for one to lick out the molasses which is stuck on his elbow.

It is used in cases where one is called upon to perform an impossible task.

काकतालीयन्यायः ॥ ७६ ॥

कौआ अपनी इच्छा से उड़ा आ रहा था, किसी ताड़ के पेड़ के नीचे आने पर दैवात् ताड़का फल गिरा, कौआ मरगया ऐसीही दैवी घटना के प्रकाश में यह न्याय लगता है।

76.' *The maxim of a crow and the palm fruit.*

It takes its origin from the unexpected and sudden fall of a palm fruit upon the head of a crow (so as to kill it) at the very moment of its sitting on a branch of that tree.

It is used to denote an unexpected and accidental occurrence, whether welcome or otherwise.

काकदधिघातकन्यायः ॥ ७७ ॥

जैसे कौए से दही बचाना कहने पर ऐसा समझना चाहिये कि सब पक्षी आदि से दही बचाने को कहा जाता है।

77. *The maxim of a crow and a vessel of curd.*

It has thus come in use :—A vessel containing co-agulated milk is placed by a man in charge of another with a request to protect it carefully from the crow. Here though the man mentions only crow, he means that it should be properly taken care of so that it might not be spoiled by any animal whatever.

It is used to denote that the intention of the speaker is to be marked and given effect to, though his words may not clearly express it.

काकाक्षिगोलकन्यायः ॥ ७८ ॥

ऐसी किंवदन्ती है कि कौआ दोनों आंख का उपयोग नहीं कर सक्ता। ऐसे उदाहरण पर इस न्याय का व्यवहार होता है।

78. *The maxim of the crow's eye-ball.*

It originates from the supposition that the crow has but one eye, and that it can move it, as occasion requires, from the socket on one side into that of the other.

This maxim is applied to a word or phrase which though used only once in a sentence, may, if occasion requires, serve two purposes.

काकदन्तपरीक्षान्यायः ॥ ७९ ॥

कौए के दांतों की परीक्षा करना व्यर्थ है। असंबद्ध और निष्फल कार्यों के लिये इस न्याय का उपयोग है।

79. *The maxim of searching after a crow's teeth.*

It is used to denote any useless, unprofitable, or impossible task.

कामनागोचरत्वेनशब्दबोधएवशब्दसाधनतान्वयइतिन्यायः ॥८०॥

अर्थ का बोध ही मनोवाञ्छित अर्थ का विषय है इसलिये अर्थबोध में शब्द ही कारण है। यदि कोई मनोभाव छिपावे उस समय यह न्याय प्रयुक्त होता है।

80. *The maxim of Sound with meaning is expressive of mental conditions or states.*

This reasoning is applicable only in cases when mental reservation is practised.

कारणगुणप्रक्रमन्यायः ॥ ८१ ॥

जैसा कारण में गुण हो कार्य में भी वैसाही होता है, जैसे तन्तुरूप पटरूप का कारण है, जैसा तन्तु का रूप रहता है वैसाही पट का रूप होता है।

81. *The maxim of properties of cause and effect.*

It is used to denote that the properties or qualities belonging to the cause pass to the effect.

कामिपतिसपत्नन्यायः ॥ ८२ ॥

कामी पति स्त्री को बिगाड़ डालते हैं अतः शत्रु हैं। यह स्त्रियों की पवित्रता के विषय में व्यवहृत होता है।

82. *The maxim of the lewed husband corrupting his wife.*

It is used to denote that husbands are responsible (oftentimes) for the corrupted course of life led by their wives.

कार्येणकारणसंप्रत्ययन्यायः ॥ ८३ ॥

कार्य से कारण का अनुमान होता है। गुप्त कारण पर जोर देने पर यह न्याय लगता है।

83. *The maxim of effect proving the existence and nature of the cause.*

Cf. Eng. saying—A tree is known by the fruit it bears.

कारणनाशेकार्यनाशन्यायः ॥ ८४ ॥

कारण के न रहने से कार्य नहीं रहता है। जैसे दीप के जलने में तेल कारण है तेल के अभाव से दीप नहीं रह सक्ता उसी प्रकार द्वेष आदि कारण नष्ट होने पर द्वेष आदिका कार्य कदापि नहीं रह सक्ता।

84. *The maxim of the destruction of the cause results in the destruction of the effect.*

The effect cannot exist if the cause giving rise to it ceases to exist.

कि

किमज्ञानस्यदुष्करमितिन्यायः ॥ ८५ ॥

अज्ञानी क्या नहीं करसक्ता है। अज्ञान की निन्दा में इस न्याय का प्रयोग होता है।

85. *The maxim of nothing is impossible on the part of a fool.* A foolish and ignorant man is equal to any task

की

कीटभृङ्गन्यायः ॥ ८६ ॥

भ्रमरकीट तैलपाई कीट को पकड़ लेता है और पकड़ कर अपने बिल में बन्द करदेता है और हर समय बिलपर जाकर बोलता रहता है, तैलपाई कीट भय से भ्रमरकीट का ध्यान करते २ भ्रमरकीट बन जाता है।

86. *The maxim of a cockroach and a black-bee.*

A cockroach was seized and carried away by a black-bee to its nest, kept there in close confinement, and at last transformed into a black-bee as an effect of its constant hearing of the buzzing of the bees and being occupied with their thought.

The maxim denotes that mind acts powerfully upon the body.

कु

कुक्कुटध्वनिन्यायः ॥ ८७ ॥

मुर्गे के शब्द की ध्वनि क्रम से बढ़ती है, जैसे पहले एक मात्रा तब दो मात्रा फिर तीन मात्रा की ध्वनि होती है।

87. *The maxim of crowing of a cock.*

The crowing of cocks grows louder and louder by gradual steps. It is used to denote the gradual course to be followed in the path of improvement, which is brought about step by step and not by leaps and bounds.

कुम्भीधान्यन्यायः ॥ ८८ ॥

जिसके पास घड़ाभर अन्न है उसके लिये अन्नदान निष्प्रयोजन है। इस न्याय का स्वारस्य यह ही है कि अभाव में देना उचित है।

88. *The maxim of an earthern jar full of paddy.*

It is needless to give in charity to one who is in possession of a big vessel full of paddy.

It is used to denote that charity is meant for the poor and needy and not for those that have sufficient means of subsistence.

Cf. the English proverb :—To send coal to New Castle.

कुसीदग्राहीब्राह्मणन्यायः ॥ ८९ ॥

सूद खाना ब्राह्मणों के लिये पाप है क्योंकि उससे ब्रह्मतेज जाता रहता है। अतः यह नीचतासूचक न्याय है।

89. *The maxim of a usurious Brahman.*

The Brahman who lives by means of usury is a sinner, for, thereby he loses the spiritual power which is the peculiar possession of a Brahman.

It is used to denote that a man degrades himself by taking recourse to unworthy or base profession.

कुशकाशावलम्बनन्यायः ॥ ९० ॥

जैसे नदी में पड़ा हुआ मनुष्य किसी मजबूत आधार को न पाकर कुश या काश का अवलम्बन करके विफल मनोरथ होता है ऐसेही अच्छी युक्तियों से परास्त पुरुष छोटी युक्ति का अवलम्बन करके हास्यास्पद होता है।

90. *The maxim of catching a straw.*

As a ship-wrecked person in making struggles for saving his life, catches hold of even a straw that he comes across (if he cannot get any thing more solid) though quite in vain, so a person in course of a debate, when he fails to gain his point by a strong argument, takes recourse to a frivolous one, and thus becomes only a butt of ridicule.

कू

कूपखानकन्यायः ॥ ९१ ॥

कूप के खोदने से देह पर पड़ा हुआ कीचड़ कूप के जलहीसे धोया जाता है।

91. *The maxim of digging a well.*

The object of the maxim is to denote that as in course of digging a well the body of the worker becomes soiled with the dust, clay, etc., but these may be washed off again with the water of that well, so the sins committed by one at first may be removed by the merits of the virtuous acts done by him afterwards.

कूपन्यायः ॥ ९२ ॥

विना लोटा डोरी के कूप में जल रहने पर भी उसका कुछ उपयोग नहीं होता है।

92. *The maxim of a well.*

There is water in the well, but it cannot be obtained without the help of a jar and a rope, so the Shastras are store-houses of knowledge no doubt, but they are inaccessible to those that are ignorant.

कूपयन्त्रघटीन्यायः ॥ ६३ ॥

भाग्य किसी का अभ्युदय और किसी की अवनति करता है, जैसे कूपयन्त्र में बँधे हुए पात्रों मेंसे किसीमें जल भरता है और किसी का खाली होता है।

93. *The maxim of the buckets attached to the water-wheel.*

It takes its origin from the fact that while some of the buckets filled with water go up, some are emptied of their contents, while others go down quite empty.

It is used to denote the various vicissitudes of worldly existence.

कूपमण्डूकन्यायः ॥ ६४ ॥

कोई समुद्र का मण्डूक दैववश तीर में आकर कुएँ में पड़ गया। कुएँ के मण्डूक ने उसको देख कर पूछा आप कहां से आये ? उसने कहा मैं समुद्र से आया हूं। तब उसने पूछा समुद्र कितना बड़ा है ? उसने कहा बहुत बड़ा है। तब उसने कहा क्या मेरी जंघा के बराबर ? उसने कहा बहुत बड़ा है। तब कूपमंडूक ने कहा मेरे दोनों जंघाओं के बराबर है ? समुद्रमण्डूक ने कहा नहीं बहुत बड़ा है, ऐसे कहने पर कहा क्या कुएँ के समान तो नहीं है ? उसने कहा समुद्र अपार और अति गम्भीर है यह सुन कर कूपमण्डूक बोला तुम मिथ्या कहते हो, सुन कर वह हँसने लगा।

94. *The maxim of a frog in a well.*

The maxim is supposed to originate thus:—One day a sea frog came upon the shore. Proceeding onwards for a time it came at last to a well and accidentally fell into it. There lived a frog in that well, on seeing the stranger it came up and held the following conversation :—

The second frog:—" Where do you come from ?"
" *first* " :—"I came from the sea I live in."
" *second* " :—" How big is a sea ?"
" *first* " :—" Very big."
" *second* " :—" As big as my thigh."
" *first* " :—" Bigger than that."
" *second* " :—" As big as my both the thighs together."
" *first* " :—" Bigger still."

The second frog :—"Certainly not bigger than this well?"

,, first ,, :—"The sea is, my friend, much bigger than this well. It is a vast expanse of water, and appears to have no limit."

Hearing this the frog in the well laughed at the sea frog, and said that it was a lie. There could not be anything bigger than this well.

It is used to denote that a man of limited ideas, having experience only of his own neighbourhood cannot make himself believe that there can be anything better than what he himself knows.

कूर्माङ्गन्यायः ॥ ९५ ॥

कछुआ अपनी इच्छा से अपना शरीर काम करने के लिये फैलाता है और आपत्ति से बचने के लिये सिकोड़ लेता है।

95 *The maxim of the movement of the limbs of a tortoise.*—

It originates from the fact that a tortoise projects its limbs, *i.e.*, its legs and neck, when it has to serve any purpose, and again it draws them in, when that purpose is served, or any danger is apprehended.

It is used to denote that a sensible person will like a tortoise make an exhibition of his power only when there is an opportunity or necessity for it.

कृत्वाचिन्तान्यायः ॥ ९६ ॥

चिन्ता करके कार्य करना बुद्धिमान् का काम है, कार्य करके चिन्ता करना बुद्धिहीन का काम है।

96. *The maxim of doing an act after due consideration.*—

A sensible man will think twice before he undertakes to do anything. But to do something in hot haste and then to consider the propriety or otherwise about it, is the sign of foolishness.

कैमुतिकन्यायः ॥ ९७ ॥

विना परिश्रम के जहां अर्थसिद्धि हो वहां यदि व्यर्थ परिश्रम किया जाय, तो ऐसे स्थलपर इस न्याय का उपयोग होता है।

97. *The maxim of "how much more".*

This maxim is applied to cases where it is unnecessary to

do any labour, if the object may be gained without any labour whatsoever.

कोषपानन्यायः ॥ ६८ ॥

यह न्याय दिव्य परीक्षा में होता है। चोरी आदि करने वाले मनुष्य को मन्त्रादिक से पवित्र किया हुआ जल पिलाते हैं, यदि वह जल पीकर चौदह दिन तक निरोगी हो तो बिना अपराध का समझा जाता है, नहीं तो अपराधी समझा जाता है।

98. *The maxim of drinking water.*

It thus originates that a man guilty of theft or some such crime is given to drink a quantity of water sanctified by means of *mantra*. If in the course of a fortnight he gets no attack of any disease that would go to prove his innocence, but if he becomes unwell any way, that would go to show that he is guilty.

This maxim is used in the cases of ordeals.

कौण्डिन्यन्यायः ॥ ६६ ॥

कहीं निमन्त्रण में ऐसा कहा गया, सब को दही और कौण्डिन्य को तक्र दो, यहां कौण्डिन्य को दही देना उचित नहीं है, ऐसा समझा गया।

99. *The maxim of Kaundinya.*

This maxim has its origin in the following story. There was a Brahman named Kaundinya. On the occasion of a feast in which many Brahmans were invited, curdled milk was served out to all except Kaundinya for whom *ghol* (a species of that milk) was provided for.

It is used to denote "Exception proves the rule."

कौन्तेयराधेयन्यायः ॥ १०० ॥

जैसे कर्ण कुन्ती का ही पुत्र था, परन्तु ज्ञात न होने से अपने को राधा का पुत्र समझता था, पीछे किसी आप्त पुरुष के कहने से अपने को कुन्ती का पुत्र समझने लगा।

100. *The maxim of Kaunteya Radheya.*

It has its origin in the fact that *Karna*, a hero of the Mahabharat, was in reality the son of *Kunti*, but as he was brought up from his infancy by a carpenter-woman named Radha, he was ordinarily called Radheya.

This maxim is applied to the cases in which a fictitious appellation gets currency in suppression of the real one.

खल्वाटबिल्वीयन्यायः ॥ १०१ ॥

कोई खल्वाट अर्थात् चाँदुल पुरुष धूप को नहीं सहन करता हुआ बिल्व के पेड़ के नीचे गया वहां उसके अभाग्यवश बिल्व का फल गिरा, उसका शिर फट गया। ऐसे भाग्यहीन पुरुष जहां जाते हैं वहां ही आपत्तियां आ पड़ती हैं।

101. *The maxim of a bald-headed man and the Bilva fruit.*

It takes its origin from the story that one day at noon a bald-headed man, tired of the excessive heat of the sun, took shelter under the shadow of a *Bilva* tree. Unfortunately for the man a ripe *Bilva* fruit fell down and struck him severely on the head.

It is used to denote that an unfortunate man is pursued by the evil fate wherever he goes.

खलमैत्रीन्यायः ॥ १०२ ॥

दुर्जनों की मैत्री पहले बहुत बड़ी होती है, पीछे धीरे २ छोटी हो जाती है अथवा खल की मैत्री बालू के भीत के समान मिथ्या होती है।

102. *The maxim of the friendship of a Villain.*

It has its origin in the fact that a Villain is at first very profuse in the profession of his friendship. But as time rolls on its intensity gradually diminishes.

It is used to denote that the friendship of a mischievous villain is as unreliable as a bund of sand.

खलेकपोतन्यायः ॥ १०३ ॥

खलिहान में बूढ़ा, जवान तथा बच्चा सबही कबूतर एक साथ आ जाते हैं ऐसे मनोरथ पूर्ति होने योग्य महत्स्थान का सबही सहारा रखते हैं।

103. *The maxim of the barn of corn and the pigeons.*

As all kinds of pigeons, young and old, go flying into a barn and help themselves to the corn therein to their hearts' content, so this maxim is used to denote that all kinds of men repair to a great man's place to fulfil their own respective ends.

खादकघातकन्यायः ॥ १०४ ॥

भक्ष्य और भक्षक की प्रीति कदापि नहीं होसक्ती, हो तो स्थायी नहीं रह सक्ती।

104. *The maxim of the eater and the eatable.*

It is used to denote that there can be no friendly relation between one that eats and the thing that is eaten. If there be any such relation ever it invariably ends in misery and troubles.

गजघंटान्यायः ॥ १०५ ॥

आडम्बर वर्णन में यह न्याय लगता है ।

105. *The maxim of an assemblage of elephant.*

This maxim is used in discribing any pagentry.

गजभुक्तकपित्थन्यायः ॥ १०६ ॥

हाथी से खाया गया कैथका फल जैसा कि खाया है वैसा ही निकलता है परन्तु भीतर का गूदा गल जाता है । अस्तु जब भीतर साररहित हो बाहर ठीक दिखाई दे तो यह न्याय लगता है ।

106. *The maxim of a wood-apple eaten by an elephant.—*

It takes its origin from the fact that a wood-apple eaten by an elephant is execreted apparently quite unchanged though in fact its contents have all been digested and it has become quite empty.

It is used to denote the internal worthless state of a thing though externally it looks all right.

गड्डलिकाप्रवाहन्यायः ॥ १०७ ॥

जाते हुये भेड़ के समूह में से एक यदि कूएँ में गिरे तो सब गिर जाते हैं या एक जिधर जाता है उधर ही सब जाते हैं ।

107. *The maxim of a continuous current.*

This maxim takes its origin from the fact that in a flock of sheep, if one accidentally slips into a well, the rest will also fall into that well.

It is used to denote the tendency of blindly following others without pausing to think whether the course is right or wrong.

गणपतिन्यायः ॥ १०८ ॥

किसी की प्रधानता या प्रथम सन्मान वर्णन में यह न्याय लगता है ।

108. *The maxim of Ganapati.*

This maxim has its origin in the custom of worshipping Ganapati first on the occasion of the worship of the gods and goddesses whoever they may be and is used to denote the first place to be assigned or the highest respect to be shown to a person who deserves it.

गतानुगतिकोलोकइतिन्याय: ॥ १०९ ॥

संसार में जो प्रवाह पड़ जाता है उसी ढंग पर विना विचारे लोग चलने लगते हैं।

109. *The maxim of a blind follower.*

This maxim is used to signify the tendency of imitation prevailing in men. When any fashion becomes current many would follow it without any judgment as to its propriety or importance.

गर्दभरोमगणनन्याय: ॥ ११० ॥

गदहे के रोमों की गिनती करना व्यर्थ है, क्योंकि अशुचि और अप्रयोजनीय है।

110. *The maxim of the fur of the asses.*

The fur of the asses is unholy and so it is useless to shear these animals. It is used to denote an unprofitable undertaking in which one may be engaged.

गलेपादुकान्याय: ॥ १११ ॥

असंबद्ध वर्णन में इस न्याय का उपयोग होता है। गले में कोई पादुका नहीं पहनता है।

111. *The maxim of wearing shoes or sandals in the neck*

This maxim is used in reference to any absurd or preposterous thing.

गगनरोमन्थन्याय: ॥ ११२ ॥

आकाश में बैल के पागुर का फेन असंभव है, क्योंकि वह जमीन ही पर गिरता है।

112. *The maxim of chewing the end in the air.*

The maxim is used to denote impracticability of any absurd attempt like the remaining suspended in the air of the froth from the mouth of a cow as it is chewing the end.

गुडजिह्विकान्याय: ॥ ११३ ॥

निम्ब नहीं पीनेवाले बालक को पहले गुड़ पिलाते हैं तब निम्ब पिलाते हैं।

113. *The maxim of the Molasses and the Nimba (a kind of bitter fruit).*

The maxim takes its origin from the fact that when it is necessary for a child to use *Nimba* fruit, he is at first given some molasses to taste and then he can eat the *nimba* fruit.

It is used to denote when one feels reluctant to do a thing on account of its very seeming difficult or which is uninteresting to him, he is first given some easy and congenial task to prepare him gradually for the difficult task.

गुणोपसंहारन्यायः ॥ ११४ ॥

दोष न देखने में और गुण के देखने के सम्बन्ध में इस न्याय का प्रयोग है।

114. *The maxim of collecting or gathering virtues.*

This maxim is used in overlooking the faults or defects and observing and gathering merits in others.

गृहार्थमारोपितस्य दीपस्येतिन्यायः ॥ ११५ ॥

घर में दरवाजे के सामने जलाया गया दिया गली में भी उजाला करता है।

115. *The maxim of the lamp placed over the threshold.*

It takes its origin from a lamp hanging over the threshold of a house, which, by its peculiar position, serves to light both the house and the path leading to it.

It is used to denote something which serves a two-fold purpose at the same time.

गोवलीवर्दन्यायः ॥ ११६ ॥

गो यह शब्द बैल तथा गाय का वाचक है तथापि गो शब्द की अधिक प्रसिद्धि गाय के अर्थ में होती है, इसलिये बैल के अर्थ में गोवलीवर्द का प्रयोग करते हैं।

116. *The maxim of a bull-cow.*

The origin of the maxim lies in this that the word *cow* strictly signifies both a male cow and a female cow; but ordinarily it is used in the sense of a female cow; and a different word "*bull*" is used to mean a male cow.

It is used to denote that the ordinary acceptance of a word is not always what it strictly or derivatively signifies.

गोक्षीरं श्वदन्तैर्धृतमितिन्यायः ॥ ११७ ॥

गाय का दूध कुत्ते के दाँतों से पकड़ा गया। उत्तम वस्तु भी असत्स्पर्श से असत् हो जाती है।

117. *The maxim of the cow-milk being touched by a dog's teeth.*

It takes its origin from the cow-milk; a pure thing, getting polluted by the touch of a dog's teeth.

It is used to denote that a good and holy thing becomes corrupted and unholy by coming in contact with something that is bad and impure.

गोमहिष्यादिन्यायः ॥ ११८ ॥

गाय भी दूध देती है और भैंस भी दूध देती है, परन्तु दोनों के दूध और शरीर में आकाश पातालकासा अन्तर है।

118. *The maxim of the cow, buffalo, etc.*

The maxim has its origin in this that the cows give milk, as well as the buffalos give milk, but there is a vast difference in the quality of these two kinds of milk.

It is used to denote that the individual objects falling under one general class are not alike in every respect but have many peculiarities especial only to them.

ग्रहराशिभेदनन्यायः ॥ ११६ ॥

जैसे राशि स्थित रहती है और ग्रह की अलग २ चाल होती है जिससे यह दिखाई पड़ता है कि अमुक ग्रह अमुक जगह है और अमुक कक्षा में है। उसकी चाल, उसकी गति और दूरी में आकाश पातालकासा भेद होने पर भी मालूम और ही होता है। इस बात को ज्योतिषी लोग ठीक समझ सकते हैं। विकल्प वृत्ति में यह न्याय लगता है।

119. *The maxim of the planets and their movement in the Zodiac.*

As the movements of the planets and the Zodiac are not easily comprehensible this maxim is applicable to the circumstances in which eyes fall prey to the illusions of sight.

घट्टकुटीप्रभातन्यायः ॥ १२० ॥

किसी घाट के पास चुंगी घर था। किसी रोज रात में चुंगी देने के डर से कोई मुसाफिर चुंगी के घर के रास्ते को छोड़ कर दूसरे रास्ते से चला परन्तु रात भर घूम कर सवेरे उसी चुंगी घर के पास आगया।

120. *The maxim of the octroi house in the morning.*

The maxim has its origin in the story that one night a passenger with a view to avoid payment of octroi duty proceeded to his destination by a different way. But he walked throughout the whole night, and to his great surprise found himself just before the octroi house when it was morning.

It is used to denote that there is no avoiding the payment of the dues. They must be satisfied sooner or later.

घटप्रदीपन्यायः ॥ १२१ ॥

घड़े के अन्दर रखा हुआ दीया केवल घड़े के भागही को प्रकाश कर सक्ता है।

121. *The maxim of a lamp in a jar.*

The maxim takes its origin from the fact that if a lamp is placed in a jar, it will light only the inside of the jar and nothing else; and is used to denote that bright intelligence, if confined to a private place can be of no use to others.

घुणाक्षरन्यायः ॥ १२२ ॥

घुने हुये काठ में विना यत्न से ही अक्षर बन जाते हैं।

122. *The maxim of letters bored by an insect in wood.*

It takes its origin from the unexpected and chance resemblance of an incision in wood, or in the leaf of a book, made by an insect to the form of some letter.

It is used to denote any fortuitous or chance occurrence.

चक्रभ्रमणन्यायः ॥ १२३ ॥

जब तक चक्र में वेग रहेगा तब तक चक्र घूमताही रहेगा।

123. *The maxim of a wheel in motion.*

It takes its origin from the fact that a wheel will continue to be in motion, so long as the force which imparted motion to it remains unspent.

It is used to denote that all kinds of movement, whether social, religious, or political, remain in active state, so long as the prime movers can keep up their energy.

चतुर्वेदविन्न्यायः ॥ १२४ ॥

किसी मूर्ख ने सुना कि सुवर्ण आदि अधिक धन चारों वेद जाननेवाले ही को दिया जाता है। ऐसा सुनकर वह अपने को कहने लगा मैं चारों वेद जानता हूं। ऐसा कहने पर उसको धन नहीं मिला और हास्य का पात्र बना॥

124. *The maxim of one wellversed in all the four Vedas.*

It takes its origin from the story that an ignorant and unlettered man heard that the possession of the knowledge o the four *Vedas* has the effect of procuring wealth. Hearing this he went on proclaiming himself fully conversant with the

Vedas. But unhappily for him he got no gold, on the other hand he became a laughing stock of all wherever he went.

It is used to denote that by false representation no one can gain any honour, rather thereby he lowers himself in the estimation of others.

चम्पकपटवासन्यायः ॥ १२५ ॥

चम्पे के फूल से सुगन्धित कपड़े में फूल के हटा लेने पर भी सुगन्धि रहती है।

125. *The maxim of the* Champaka *flower in a cloth.*

The *champaka* flowerleaves its fragrance in the piece of cloth in which it is kept, even after the flower is taken away.

The maxim is used to denote that the virtues of a man continue to exercise their genial influence upon others even after the man has departed from this world.

चन्द्रचन्द्रिकान्यायः ॥ १२६ ॥

चन्द्र के साथ ही चन्द्रिका रहती है।

126. *The maxim of the moon and her lustre.*

The maxim originates from the inseparable connection between the moon and her pleasing lustre, and is used to denote that where there is cause there is effect.

चाण्डालब्राह्मणन्यायः ॥ १२७ ॥

(362) *The maxim of a dog, the wife's brother.*

It takes its origin from a story that a man called his dog to be his brother in-law (wife's brother), and called it names often times only with a view to try the patience of

his wife, who would fly into rage at this conduct of the husband; and it is used to denote an unbecoming conduct of a person towards any one among his friends and relatives.

श्वपुच्छोन्नमनन्यायः ॥ ३६३ ॥

कुत्ते की पूंछ का सीधा करना असंभव है।

(363) *The maxim of a dog's tail.*

This maxim is used to denote inflexibility of nature just as the tail of a dog, which is naturally crooked, can never be made straight, however hard one may try for the purpose.

शौर्यहीनक्षत्रियन्यायः ॥ ३६४ ॥

शूरता से हीन क्षत्रिय पतित क्षत्रिय कहाता है। यह पातित्यबोधक न्याय है।

(364) *The maxim of a Kshatriya without prowess.*

This maxim is used to denote fallen condition, as a Kshatriya *i. e.*, one belonging to the warrior class, without bravery, is considered to be a disgrace of his race.

श्वश्रूनिर्गच्छोक्तिन्यायः ॥ ३६५ ॥

घर में जैसा श्वश्रू का अधिकार है वैसाही पुत्रवधू का भी अधिकार है।

(365) *The maxim of "Mother-in-law, go out."*

No lady has any right to turn her mother-in-law out of doors, as the mother-in-law has the same right to occupy the house as she has; so this maxim is used to denote improper exercise of one's power.

श्वः कर्तव्यमद्यकुर्वीति न्यायः ॥ ३६६ ॥

जो कल करना है वह आजही करो।

(366) *The maxim of "Do to-day what you have to do to-morrow."*

This maxim is used to denote that it is proper to make use of the earliest possible opportunity to perform one's duties.

ष

षड्दर्शनन्यायः ॥ ३६७ ॥

जैसे नास्तिक दर्शन छः होने से वैदिक दर्शन का भी नाम षड्दर्शन पड़ गया है। नहीं तो वैदिक दर्शन सप्तज्ञानभूमि के अनुसार सात ही हैं।

(367) *The maxim of the six schools of philosophy.*

It is used to mean that the atheistic schools of philosophy being six, the theistic or the Vaidic philosophies are also regarded as being divided into six schools, while in fact the philosophies are of seven schools according to the seven planes of *jnana* or knowledge.

स

संकरपितृन्यायः ॥ ३६८ ॥

जैसे अर्यमा आदि पितरों की सहायता उस कुल या जाति को मिल सक्ती है जिसमें संकरता दोष न हो और जिसमें रजोवीर्य की शुद्धि हो क्योंकि संकर प्रजा पर पितरों की उपेक्षा रहती है यही कारण है कि संकर जाति या संकर कुल थोड़े दिनों में नष्ट हो जाता है। असंभवता में इस न्याय का प्रयोग होता है।

(368) *The maxim of the intermixed parents.*

This maxim is used to denote an impossible exception. The wishes of the issues of the intermixed parents of presenting libations of water to the names of the deceased ancestors, cannot be realised, as their offerings are not acceptable to *Aryama* and other *pitars.*

सच्छिद्रघटाम्बुन्यायः ॥ ३६९ ॥

छिद्रवाले घड़े में जल रखने से नहीं ठहरता।

(369) *The maxim of a water-vessel with holes in it.*

A water-vessel, even if filled to the brim, becomes soon emptied of all water, if there be holes in it. So this maxim is used to denote utter fruitlessness of efforts on the part of an instructor to help a pupil who is naturally defective, to grow in knowledge and character.

संदिग्धप्रयोजनं च विचारमर्हतीति न्यायः ॥ ३७० ॥

संदेहवाले प्रयोजन में विचार करना पड़ता है।

(370) *The maxim of necessity and judgment.*

This maxim denotes that a necessity, if suspected to be of doubtful utility or importance, should not be done at once, without considering it very carefully and minutely in all its bearings.

समुद्रवृष्टिन्यायः ॥ ३७१ ॥

समुद्र में वर्षा होना; अर्थात् समुद्र में वर्षा होने का प्रयोजन न होने पर भी अधिक होती है।

(371) *The maxim of the sea and rain.*

This maxim is used to denote supply of a thing to one who is in the least need of it just as rain is quite unnecessary in the sea where there is no want of water.

Cf. The English proverb – "To carry coal to New Castle."

सर्वं वाक्यं सावधारणं न्यायः ॥ ३७२ ॥

जितनी बातें होती हैं वे निश्चय अर्थ को कहनेवाली हैं।

(372) *The maxim of a sentence and the assertion it makes.*

This maxim denotes that what a sentence asserts must necessarily be so.

सर्वं विशेषणं सावधारणमिति न्यायः ॥ ३७३ ॥

सर्व विशेषण विशेष्य का बोधक अवश्य ही होता है।

(373) *The maxim of the adjectives and their significations.*

This maxim means that all adjectives express the qualities of the nouns they modify. It is used to denote that nature and character of a great person may be understood from those of his attendants and followers.

सर्वशाखाप्रत्ययन्यायः ॥ ३७४ ॥

जो विषय है वह अवश्यही एक लक्ष्य से युक्त होगा। जैसे वेद की अनेक शाखाओं से किये हुए कर्म लक्ष्य के हिसाब से एकही है।

(374) *The maxim of the things and their aim*

As the Vedas have different branches but they all aim at the great one, so the variety of things in creation have one and the same aim.

संप्रदायकलहन्यायः ॥ ३७५ ॥

कर्मकाण्ड के संप्रदाय और उपासनाकाण्ड के संप्रदाय, सब एकही लक्ष्य की ओर जाने पर भी आपस में अज्ञान से विरोध किया करते हैं ऐसे वृथा विरोध के स्थल में इस न्याय का प्रयोग होता है।

(375) *The maxim of the different systems of religious teaching and their discordance.*

Different systems of religious teaching quarrel among themselves as regards the details of their doctrine, but in reality they all inculcate the worship of the One Being. So this maxim is used to denote the futility of such differences.

साक्षात्प्रकृताविति न्यायः ॥ ३७६ ॥

सबका लय मूलकारण में होता है जैसे घड़े का लय मिट्टी ही में होता है।

(376) *The maxim of universal union in Nature.*

As an earthen vessel is finally reduced to earth of which it is made, so everything in the universe will at last be dissolved into the Great First cause from which they emanated.

साधुमैत्री न्यायः ॥ ३७७ ॥

सज्जनों की मैत्री चिरस्थायी होती है और दिनों दिन बढ़ती है।

(377) *The maxim of friendship of the good and the honest.*

This maxim is used to denote that friendship with persons that are good and honest is permanent in nature and grows in strength and intensity with the increase of years.

सावकाशनिरवकाशन्यायः ॥ ३७८ ॥

चरितार्थ और अचरितार्थ में चरितार्थ बली है।

(378) *The maxim of applicability and non-applicability.*

This maxim denotes that applicability is always more powerful than its reverse.

साहंकारज्ञानीन्यायः ॥ ३७९ ॥

यदि ज्ञानी में अहंकार हो जाय तो उसका ज्ञानमार्ग बन्द हो जाता है।

(379) *The maxim of the wise who is proud.*

The maxim originates from the fact that if a person possessed of wisdom be also proud, his wisdom proves ineffectual, as it thus loses its worth and utility. The maxim is therefore used to determine the course that is proper and advisable.

सिंहमृगन्यायः ॥ ३८० ॥

सिंह और हरिण का स्वाभाविक वैर है क्योंकि खाद्य-खादक संबन्ध है।

(380) *The maxim of the lion and the deer.*

The maxim originates from the fact that there is natural enmity between the lion and the deer as the former lives upon the flesh of the latter, and is used to denote the feeling of enmity that naturally exists between the two, one of whom is stronger than and is always bent upon doing harm to the other.

सिंहमेषन्यायः ॥ ३८१ ॥

कोई सिंह का बच्चा किसी गांव में जाकर भेड़ों के साथ चरने लगा। जवान होने पर भी अपने को भेड़ही समझने लगा। फिर जङ्गली सिंह के उपदेश से उसने अपने को सिंह समझा।

(381) *The maxim of the lion and the sheep.*

The maxim has its origin in the fact that a young lion once strayed into a village and mixed with a flock of lambs. It lived there for some days, and then when it was able to make sound peculiar to its own race or class, it did not perceive it in its proper element. Afterwards a lion from the forest came there and taught it what it was, whereupon it left the flock of the lambs and went to the forest to join the company of lions there. The maxim denotes that under the circumstances, one may for the time being be in a position not to realise one's true worth but at last when under instruction his eyes are opened he behaves in a manner true to his self and nature.

सिंहावलोकनन्यायः ॥ ३८२ ॥

सिंह स्वभाव ही से बड़ा धीर होता है, वह सामने ही देखता है, चंचलता से इधर उधर नहीं देखता है।

(382) *The maxim of the lion's glance.*

A lion is very grave by nature, casts his glance towards the front, and does not see sideways through fickleness.

सार्वजनीनतुल्यायव्ययन्यायः ॥ ३८३ ॥

जमा और खर्च समान होने से लाभ का होना असंभव है।

(383) *The maxim of equal receipts and disbursements.*

It denotes that one, whose expenditure equals his income, can make no savings in his life.

सुतजनिमृतिन्यायः ॥ ३८४ ॥

किसी ने देव की आराधना से पुत्र लाभ करके फिर दूसरे पुत्र के लिये दूसरे देवकी आराधना की । दूसरे पुत्र के जन्म समय में ही पहले देव के कोप से पहला पुत्र मर गया ।

(384) *The maxim of the birth of a son and death of a son.*

The maxim originates from a story that a person got a son by propitiating a certain god, and then again he worshipped and propitiated a different god for another son. The result was that when the second son was born, the first one breathed his last. It is intended therefore to teach that one should devote himself to the worship of one and the same god or, oneness of aim and purpose is indispensably necessary for success in life.

सुभगाभिक्षुकन्यायः ॥ ३८५ ॥

यदि दरिद्री के पास भी धर्मवती स्त्री हो तो उसकी दरिद्रता एक दिन अवश्य ही कट जाती है क्योंकि सुभगा स्त्री लक्ष्मीरूपा है ।

(385) *The maxim of an unlucky husband and a lucky wife.*

If a poor man can marry a wife who is a favourite of Fortune, he is also sure to enjoy fortune's smile in course of time. The maxim therefore denotes that a woman plays an important part in the fortune of a man to make him prosperous in life.

सुन्दोपसुन्दन्यायः ॥ ३८६ ॥

सुन्द और उपसुन्द नामक दैत्य तिलोत्तमा अप्सरा के लिये आपस में लड़कर मर गये।

(386) *The maxim of Sunda and Upasunda.*

The maxim originates from a *Pauranic* story that two *daityas* or demon brothers of the names of Sunda and Upasunda became enamoured of one and the same woman, and the outcome was that they quarrelled among themselves for the damsel, and at last met with their death by fighting with each other, and it denotes that rivalry on account of woman often proves to be the cause of total destruction.

सूचीकटाहन्यायः ॥ ३८७ ॥

कोई कढ़ाई बनवाने के लिये लोहार के पास पहले गया । सुई बनवाने के लिये कोई दूसरा पीछे गया । लोहार को पहले कढ़ाई बनाना उचित था परन्तु सुई के बनाने में अल्प समय लगने से पहले सुई ही को बनाया ।

(387) *The maxim of the needle and the kettle.*

It is used to denote that when two things one easy and the other difficult are required to be done, the easier should be first attended to, as when a smith is required to make a needle and a kettle, he should first take in hand the needle as it is comparatively easier.

सूत्रशाटिकान्यायः ॥ ३८८ ॥

साड़ी बुनते समय में ही साड़ी शब्द का व्यवहार होता है परन्तु उस समय साड़ी सूत के रूप में ही रहती है ।

(388) *The maxim of thread and cloth.*

The maxim takes its origin from the word 'cloth' being used even when it is not in existence, the threads only being put in order for the purpose of making it, and denotes that a thing is freely-talked of as an accomplished fact even when materials only are gathered and all other preparations are made for making that thing.

सूर्योदयास्तन्यायः ॥ ३८९ ॥

जैसे सूर्य का उदय अस्त नहीं होता है, सूर्य अपनी कक्षा में ही रहता है, ऐसे भ्रमोत्पादक विषय में इसका प्रयोग होता है ।

(389) *The maxim of sunrise and sunset.*

The maxim takes its origin from the erroneous notion regarding the motion of the sun who has, broadly, speaking, no motion, but still erroneously believed by people to be rising in the east and setting down in the west, and is used to denote various sorts of erroneous notions that the human nature is subject to.

सोपानारोहणन्यायः ॥ ३९० ॥

जैसे महल पर चढ़नेवाला एक सीढ़ी से दूसरी सीढ़ी चढ़ता हुआ महल के ऊपर चढ़ जाता है वैसे ही शनैः शनैः कार्य करने में इस न्याय का प्रयोग होता है ।

(390) *The maxim of going upstairs.*

It is used to denote that one must perform his duties,

gradually, just as one going upstairs must proceed by passing the steps one after another.

सोपानावरोहणन्यायः ॥ ३९१ ॥

जिस क्रम से सीढ़ी पर चढ़ा जाता है शनैः २ उलटे क्रम से उतरा जाता है, नहीं तो गिरने का डर रहता है।

(391) *The maxim of coming downstairs.*

Just as one coming down from the first floor or the second floor must have to pass the steps in gradual succession, or there is every chance of suffering a fall and breaking his limbs, so in retracing one's course in the performance of a work, he should proceed very cautiously, or his whole previous labour may come to nothing.

स्थालीपुलाकन्यायः ॥ ३९२ ॥

बटुआ में एक चावल पका हुआ देखने से मालूम हो जाता है कि समस्त चावल पक गया।

(392) *The maxim of the cooking pot and boiled rice.*

In a cooking pot all the grains being equally moistened by the hot water, when one grain is found to be well cooked, the same may be inferred with regard to other grains. So the maxim is used when the condition of the whole class is inferred from that of a part.

स्थावरजङ्गमविषन्यायः ॥ ३९३ ॥

विष स्थावर हो अथवा जंगम हो दोनों ही मृत्यु के कारण हैं।

(393) *The maxim of poison—movable and immovable.*

Poison, obtained whether from any thing or any animal, may in all cases prove fatal. Similarly an evil, be it done by a friend or a foe, always produces an injurious effect.

स्थूणानिखननन्यायः ॥ ३९४ ॥

स्थूणा (खम्भा) बार २ हिलाकर तब मजबूत गाड़ा जाता है।

(394) *The maxim of digging or fixing in the post.*

As a stake or post to be firmly fixed in the ground is again and again moved and thrust inward, so this maxim is used when one (say a disputant) adds several corroborative illustrations, arguments &c. to strengthen and confirm still more his position already strong.

स्थूलारुन्धतीन्यायः ॥ ३६५ ॥

वर और वधू को विधि के अनुसार ध्रुव और अरुन्धती के तारे को दिखाने के लिये लोग पहले चन्द्रमा को दिखाते हैं तब चन्द्रमा के समीप में रहनेवाली तारा को दिखाते हैं, तब उसके समीप में रहनेवाली सप्तर्षि की तारा दिखाते हैं, तब वशिष्ठ की तारा को निश्चय करके बताते हैं।

(395) *The maxim of a huge thing and a tiny thing (like the star Arundhati.)*

This maxim takes its origin from the custom of showing the star *Arundhati* to the bride and the bridegroom at the close of the marriage ceremony. At that time attention of both is first drawn to the moon, and from the moon to a big star close by, and thus gradually to *Arundhati*, which is a very tiny star. It is used in cases when with a view to bring a very small thing to one's notice, his attention is first drawn to a big and conspicuous object near by and then gradually to the thing in question.

स्फटिकलौहित्यन्यायः ॥ ३६६ ॥

स्फटिक मणि के सामने जपा के फूल रखने से वह लाल दिखाई पड़ता है फिर हटाने से सफेद ही रहता है।

(396) *The maxim of the crystal and the red flower called japa.*

This maxim is used to denote the property of a purely transparent object to reflect the colour of a thing presented before it, just as a crystal which is naturally white, looks red, when a red flower called *japa*, is placed before it, and the flower being removed, the crystal assumes its own white colour again.

स्वकरकुचन्यायः ॥ ३६७ ॥

जैसे अपने आप कुच मर्दन करनेवाली युवती स्त्री आनन्द को नहीं पाती है वैसेही जिज्ञासु अपने से ज्ञान नहीं पाता है।

(397) *The maxim of a female's pressing her breast.*

This maxim is used to denote the fruitlessness of attempts on the part of a seeker of knowledge to acquire it only through his own exertion without any help from a teacher, just as the attempt of a young woman to

enjoy pleasure by rubbing her own breast proves quite fruitless.

स्वप्नमन्त्रलाभन्यायः ॥ ३९८ ॥

स्वप्न के मन्त्रलाभ से कोई सिद्धि नहीं होती है।

(398) *The maxim of getting a mantra in dream.*

This maxim takes its origin from the fact that a *mantra* in order that it may secure success to a worshipper must be obtained not in a dream but from a *guru* or a preceptor, who has himself attained success, and is used to denote that to be able to attain success in any undertaking one must submit himself to the guidance of an experienced teacher.

स्वप्नव्याघ्रन्यायः ॥ ३९९ ॥

स्वप्न में मिला हुआ व्याघ्र स्वप्न के बाद नहीं रहता है।

(399) *The maxim of the tiger dreamt in a dream.*

This maxim is used to indicate the unsubstantial and worthless nature of an imaginary dread just as the fear of the tiger dreamt in sleep is quite worthless.

स्वभावो दुरतिक्रमो न्यायः ॥ ४०० ॥

अपनी आदत नहीं छुटती है।

(400) *The maxim of Nature is unchangeable.*

This maxim is used to denote that one's own nature is not changed.

स्वामिभृत्यन्यायः ॥ ४०१ ॥

स्वामी प्रधान और नौकर अप्रधान है।

(401) *The maxim of the master and the servant.*

This maxim is used to denote the unchangeableness of the relation subsisting between the two persons and the necessity of the discharge of duties attached to the positions of those persons respectively, just as it is with regard to the master and the servant.

स्वाङ्गं स्वव्यवधायकं न भवति न्यायः ॥ ४०२ ॥

अपना अंग अपने से नहीं छिपा रहता है।

(402) *The maxim of a person and his limbs.*

Just as a person knows fully well the condition of his different limbs, so the head of a family or a corporate body

is expected to know the merits and demerits of all under his protection or guidance.

स्वपक्षहानिकर्तृत्वात्स्वकुलाङ्गारतांगत इति न्यायः ॥ ४०३ ॥

अपने पक्ष की हानि करनेवाला कुलाङ्गार के समान है।

(403) *The maxim of the one who fouls one's own nest.*

This maxim is used to denote that he who fouls his own nest is a disgrace of the family he belongs to.

ह

हस्तामलकन्यायः ॥ ४०४ ॥

हाथ पर धात्रीफल रखने से उसका सब अंग देखने में आता है।

(404) *The maxim of the amalak (a fruit of the Emblis amaroblams) on the palm of the hand.*

This maxim is used to denote the facility of studying a thing most familiarly over which one has full control just as an *amalak* fruit on the palm of the hand may be easily and fully known in all its various particulars.

हस्तियूथपतिन्यायः ॥ ४०५ ॥

हाथी के झुण्डों का जो नेता होता है वह वीर सबके आगे चलनेवाला सबका रक्षक सहायक और पालक होता है। मनुष्य के सामाजिक नेता को वैसा होना चाहिये। यह नेतृत्व प्रतिपादकन्याय है।

(405) *The maxim of the leader of a herd of elephants.*

The maxim is used to denote that a popular leader must have courage, strength and discretion enough to guide, help, and protect his followers, just as a leader of the herd of elephants.

ह्रदनक्रन्यायः ॥ ४०६ ॥

जलाशय में रहकर मगर से विरोध असंभव है अर्थात् जिसके अधिकार में रहना उससे विरोध असंभव है।

(406) *The maxim of the lake and the crocodile.*

This maxim originates from an idea, that if any one live in a lake and quarrel with the crocodile in possession of that lake, he is sure to get the worst of it, and is used to denote that it is unwise and injurious, on the part of a person to serve a master and at the same time to find fault with his principles etc.

सुभाषितावलिः।

अ

ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन्।
यः प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमाङ्गतिम्॥

"ॐ" इस एकाक्षर ब्रह्म के नाम को कहते हुए और श्रीभगवान् का स्मरण करते हुए जो स्थूल शरीर को छोड़ता हुआ जाता है वह परमगति को प्राप्त होता है।

अकुण्ठं सर्वकार्येषु धर्म्मकार्यार्थमुद्यतम्।
वैकुण्ठस्य हि यद्रूपं तस्मै कार्य्यात्मने नमः॥

जो सब कार्य्यों में अवारितगति हैं, जो धर्मकार्य्यों के लिये उद्यत हैं और जो वैकुण्ठ के अर्थात् अकुण्ठित भाव के स्वरूप हैं उन कार्य्यात्मा भगवान् को प्रणाम है।

अवेक्षते केलिवनं प्रविष्टः क्रमेलकः कण्टकजालमेव।

ऊंट क्रीड़ावन में जाकर कांटों को ही देखता है।

अज्ञातकुलशीलस्य वासो देयो न कस्यचित्।

जिसके कुल और स्वभाव ज्ञात नहीं हैं ऐसे किसी को वासस्थान न देना चाहिये।

अतीत्य हि गुणान् सर्वान् स्वभावो मूर्ध्नि वर्तते।

सब गुणों को दबाकर स्वभाव ऊपर ही रहता है।

अधोमुखस्यापि कृतस्य वह्ने-
र्नाधः शिखा याति कदाचिदेव।

अग्नि को निम्न मुख करने पर भी उसकी ज्वाला कभी भी नीचे को नहीं जाती।

अङ्गीकृतं सुकृतिनः परिपालयन्ति।

सुकृती पुरुष स्वीकृत वस्तु का पालन करते हैं।

अपकारिषु यः साधुः स साधुः सद्भिरुच्यते।

जो अपकार करनेवाले की भलाई करता है सज्जन पुरुष उसीको साधु कहते हैं।

आमोदं कुसुमभवं मृदेव धत्ते
मृद्गन्धं न च कुसुमानि धारयन्ति।

मिट्टी ही फूल के गन्ध को धारण करती है परन्तु फूल मिट्टी के गन्ध को धारण नहीं करता है।

अरक्षितं तिष्ठति दैवरक्षितं ।
सुरक्षितं दैवहतं विनश्यति ॥

भाग्य अनुकूल रहने से रक्षा न करने पर भी रक्षित रहता है किन्तु भाग्य के प्रतिकूल होने पर भली भांति रक्षा करने पर भी विनष्ट होजाता है।

असंपादयतः कंचिदर्थं जातिक्रियागुणैः ।
यदृच्छाशब्दवत्पुंसः संज्ञायै जन्म केवलम् ॥

जाति, क्रिया और गुणों से किसी प्रयोजन को नहीं संपादन करनेवाले पुरुष का जन्म यदृच्छा शब्द के समान केवल संज्ञा के लिये होता है।

अन्तःसारविहीनस्य सहायः किं करिष्यति ।

जो अन्तःसाररहित है उसका सहायक क्या करेगा अर्थात् कुछ भी नहीं कर सकता।

अति सर्वत्र वर्जयेत् ।

अत्यन्त सब जगह वर्जनीय है।

अतिरमणीये काव्येपि पिशुनो दोषमन्वेषयत्येव ।

अति मनोहर काव्य में भी खल दोष का ही अन्वेषण करता है।

अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम् ।

यह अपना है और यह दूसरा है यह विचार छोटे हृदयवालों का है।

अहो गुणानां प्राप्त्यर्थं यतन्ते बहुधा नराः ।

अहो ! गुणों की प्राप्ति के लिये मनुष्य अनेक प्रकार के यत्न करते हैं

अल्पानामपि वस्तूनां संहतिः कार्यसाधिका ।

छोटी वस्तुओं का भी सङ्ग कार्यसाधक होता है।

अहो दुर्जनसंसर्गादात्महानिः पदे पदे ।

अहो ! दुर्जन के संसर्ग से पद-पद में अपनी हानि होती है।

अणुरप्यसतां सङ्गः सद्गुणं हन्ति विस्तृतम् ।

दुर्जन का अणुमात्र भी संसर्ग विस्तृत उत्तम गुण को नष्ट करता है।

असत्सङ्गाद् गुणज्ञोपि विषयासक्तमानसः ।

दुष्ट के संसर्ग से गुणज्ञ भी विषयासक्त चित्त (विषयी) हो जाता है।

अयाचितः सुखं दत्ते याचितश्च न यच्छति ।
सर्वस्वं चापि हरते विधिरुच्छृङ्खलं नृणाम् ॥

उद्दण्ड दैव विना मांगे मनुष्यों को सुख देता है और मांगने पर नहीं देता है प्रत्युत सर्वस्व हर लेता है।

अलसमपि भाग्यवन्तं भजते पुरुषार्थितेव श्रीः।

भाग्यवान् यदि आलसी भी हो तो उसको लक्ष्मी पुरुष के समान कामुकी बनकर भजती है।

अव्यक्तानि च भाषन्ते धनिनो मद्यपा इव।

धनीलोग मद्यपों के समान स्पष्ट नहीं बोलते।

अन्तरं नैव पश्यामि निर्धनस्य मृतस्य च।

धनहीन और मृतक में भेद नहीं ही देखता हूँ।

अनुगन्तुं सतां वर्त्म कृत्स्नं यदि न शक्यते।
स्वल्पमप्यनुगन्तव्यं मार्गस्थो नावसीदति॥

यदि सज्जनों के मार्ग का पूर्णतया अनुगमन नहीं करसके तो थोड़ा भी उसका अनुगमन करना चाहिये क्योंकि मार्ग पर चलनेवाला दुःख नहीं पाता है।

अपि सम्पूर्णतायुक्तैः कर्तव्याः सुहृदो बुधैः।

बुद्धिमानों को चाहिये कि सम्पूर्ण समृद्धियुक्त होने पर भी मित्रों का संग्रह करें।

अन्यायोपार्जितं वित्तं दशवर्षाणि तिष्ठति।

अन्याय से उपार्जित धन दश वर्ष तक ठहरता है।

असती भवति सलज्जा क्षारं नीरं च शीतलं भवति।
दम्भी भवति विवेकी प्रियवक्ता भवति धूर्त्तजनः॥

व्यभिचारिणी स्त्री सलज्जा होती है, क्षार (खारा) जल ठण्डा होता है, कपटी पुरुष विवेकी होता है और धूर्त्त प्रियवक्ता होता है।

अनुक्तमप्यूहति पण्डितो जनः।

पण्डित लोग न कही हुई बातको भी समझ जाते हैं।

असंतुष्टा द्विजा नष्टाः।

असंतोषी ब्राह्मण नष्ट होते हैं।

असंमाने तपो वृद्धिः।

सम्मान न होने पर तपकी वृद्धि होती है।

अपुत्रस्य गृहं शून्यम्।

पुत्रहीन का घर शून्य है।

अजरामरवत्प्राज्ञो विद्यामर्थं च चिन्तयेत्।

विद्वान् पुरुष को अजर अमर के समान अपने को समझ कर विद्या और धन का चिन्तन करना चाहिये।

अजीर्णे भोजनं विषम्।

अजीर्ण होने पर भोजन करना विष है।

अयशः प्राप्यते येन येन चापगतिर्भवेत् ।
स्वर्गाच्च भ्रश्यते येन तत्कर्म न समाचरेत् ॥

जिससे अपकीर्ति हो, जिससे अधोगति हो और जिससे स्वर्ग से पतन हो उस कार्य को न करना चाहिये ।

अकाञ्चनेऽकिञ्चननायिकाङ्के किमारकूटाभरणेन न श्रियः ।

सुवर्ण के भूषण से रहित दरिद्र स्त्री के अंग में क्या पीतल के भूषण से शोभा नहीं होती है ?

अनुकूलं दैवं सर्वस्मै स्वस्ति करोति ।

अनुकूल दैव सबका कल्याण करता है ।

अलङ्घनीया राजाज्ञा ।

राजा की आज्ञा का उलङ्घन नहीं करना चाहिये ।

अपेयेषु तटाकेषु बहुतरमुदकं भवति ।

अपेय (जिसका जल पीने योग्य नहीं है) तलावों में बहुत जल होता है ।

अवन्ध्यकोपस्य विहन्तुरापदां
भवन्ति वश्याः स्वयमेव देहिनः ।

जिसका कोप बँधा हुआ नहीं है अर्थात् अव्यर्थ क्रोध करनेवाले और इसी कारण आपत्तियों को नाश करनेवाले के सब लोग स्वयं वशीभूत होजाते हैं ।

अपि ग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम् ।

पाषाण भी रोता है और वज्र का हृदय भी फटता है ।

अहेतुः पक्षपातो यस्तस्य नास्ति प्रतिक्रिया ।

विना कारण के पक्षपात का प्रतीकार नहीं है ।

अनेकशः संस्तुतमप्यनल्पा नवं नवं प्रीतिरहो करोति ।

अधिक प्रीति अनेकबार परिचय होने पर भी अहो बार बार नवीनता को ही प्रगट करती है ।

अनवहितमानसानां भवन्ति नित्यं भयोदयस्थानम् ।

असावधान चित्तवालों के लिये सदा भयोत्पत्ति का स्थान बना रहता है ।

अर्थो हि कन्या परकीय एव ।

कन्या दूसरे का ही धन है यह निश्चित है ।

अन्यायिनं द्रुतमुदस्यति राज्यलक्ष्मीः ।

अन्यायी व्यक्ति को राज्यलक्ष्मी शीघ्र छोड़ देती है ।

अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ।

श्रीभगवान् शरणागत व्यक्ति को सब पापों से छुड़ादेते हैं इसकारण शरणागत व्यक्ति को कोई चिन्ता नहीं करनी चाहिये ।

अतिपरिचयादवज्ञा ।
अत्यन्त परिचय हो जाने से अवज्ञा होती है ।

आचारः परमो धर्म्मः ।
आचार परमधर्मस्वरूप है ।

आचारमूला जातिः स्यादाचारः शास्त्रमूलकः ।
जाति आचारमूलक होती है और आचार शास्त्रमूलक होता है ।

आत्मनि सर्वभूतानि सूत्रे मणिगणा इव ।
आत्मा में ही सर्वप्राणिमात्र हैं जैसे सूत्र में माला की मणियें रहती हैं ।

आत्मवर्गहितमिच्छति सर्वः ।
सब लोग अपने वर्गका हित चाहते हैं ।

आनीय झटिति घटयति विधिरभिमतमभिमुखीभूतः ।
अनुकूल भाग्य इच्छित वस्तु को लाकर शीघ्र जुटा देता है ।

आरभन्तेऽल्पमेवाज्ञाः कामं व्यग्रा भवन्ति च ।
महारम्भाः कृतधियस्तिष्ठन्ति च निराकुलाः ॥
मूर्ख लोग तुच्छ कार्य को आरम्भ करके बहुत व्यग्र हो जाते हैं और धीर पुरुष महान् कार्य को आरम्भ करके भी अव्यग्र (स्वस्थचित्त) रहते हैं ।

आमरणान्ताः प्रणयाः कोपास्तत्क्षणभङ्गुराः ।
परित्यागाश्च निःसङ्गा भवन्ति हि महात्मनाम् ॥
महात्माओं का प्रेम मरण पर्यन्त रहता है, क्रोध उसी क्षण तक रहता है और परित्याग सङ्गरहित होता है ।

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः ।
आलस्य ही मनुष्यों के शरीर में रहनेवाला महान् शत्रु है ।

आपदि मित्रपरीक्षा ।
मित्र की परीक्षा आपत्ति में होती है ।

इ

इहलोकेपि धनिनां परोपि स्वजनायते ।
इस संसार में धनवान् पुरुष के लिये शत्रु भी अपना कुटुम्ब होजाता है ।

इन्द्रोपि लघुतां याति स्वयं प्रख्यापितैर्गुणैः ।
अपने गुण की स्वयं प्रशंसा करने से इन्द्र भी तुच्छ होजाते हैं ।

ईशभक्ते न दारिद्र्यम् ।
शङ्करजी का भक्त दरिद्र नहीं होता ।

उ

उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः ।

उद्यमी पुरुषश्रेष्ठ को लक्ष्मी मिलती है ।

उद्यमेन हि यच्छक्यं न तच्छक्यं मनोरथैः ।

जो कार्य उद्यम से सिद्ध होनेवाला है वह मन में विचार करने से नहीं सिद्ध होसक्ता है ।

उपदेशो न दातव्यो यादृशे तादृशे जने ।

जिस किसी मनुष्य को उपदेश नहीं देना चाहिये ।

उद्योगः खलु कर्त्तव्यः फलं मार्जारवद्भवेत् ।

उद्योग अवश्य ही करना चाहिये क्योंकि उसका फल बिडाल की तरह होता है, जैसे बिडाल गौ न रहने पर भी दूध रोजही पीता है ।

उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ।

उदार पुरुष का कुटुम्ब पृथ्वी के सब लोग हैं ।

उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये ।

मूर्खों के लिये उपदेश क्रोधवर्धक होता है शान्ति के लिये नहीं ।

उपकारमेव तनुते विपद्गतः सद्गुणो महताम् ।

विपत्ति में रहनेवाला भी सज्जन बड़ों का उपकार ही करता है ।

उपचरितव्याः सन्तो यद्यपि कथयन्ति नैकमुपदेशम् ।

यद्यपि सज्जन एक भी उपदेश नहीं दें तथापि उनकी सेवा करनी चाहिये ।

उद्यमं साहसं धैर्यं बुद्धिः शक्तिः पराक्रमः ।
षडेते यत्र विद्यन्ते तत्र देवः सहायकृत् ॥

उद्यम, साहस, धैर्य, बुद्धि, शक्ति और पराक्रम ये छः जहां रहते हैं वहां देव भी सहायक होता है ।

उद्योगिनः करालम्बं करोति कमलालया ।

लक्ष्मी उद्यमी का हस्तावलम्बन करती हैं ।

उदारस्य तृणं वित्तम् ।

उदार के लिये धन तृण के समान है ।

उपकर्तुं यथा स्वल्पः समर्थो न तथा महान् ।
प्रायः कूपस्तृषां हंति सततं न तु वारिधिः ॥

छोटा जितना उपकार कर सक्ता है उतना महान् पुरुष नहीं कर सक्ते हैं । कूप सदाही प्यास को दूर करता है, समुद्र प्यास नहीं मिटासक्ता ।

उत्तमस्तोषमायाति तदङ्गं पोष्यते यदि।

उत्तम पुरुष उनको अङ्गभूत वस्तु की रक्षा करने से प्रसन्न होते हैं।

उपाधिभिः संततसंगतोऽपि न हि स्वभावं विजहाति भावः।

अनेक प्रकार की उपाधियों से संबन्ध होनेपर भी वस्तु अपने स्वभाव को नहीं छोड़ती है।

उचितमनुचितं वा कुर्वता कार्यजातं
परिणतिरवधार्या यत्नतः पण्डितेन।

उचित या अनुचित कार्य करनेवाले विद्वान् को परिणाम अवश्य सोचना चाहिये।

उद्योगेन हि सिद्ध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।

उद्यम से कार्यसिद्धि होती है मनोरथ से कार्य्यसिद्धि नहीं हो सक्ती।

उत्साहात्कार्यसिद्धिः स्यात्।

उत्साह से कार्य की सिद्धि होती है।

उत्साहः परमं पदम्।

उत्साहही उत्कृष्ट स्थान है।

उत्साहिना सदा भाव्यम्।

सदा उत्साही रहना चाहिये।

उपकर्त्रारिणा सन्धिर्न मित्रेणापकारिणा।

उपकार करनेवाले शत्रु से सन्धि करना चाहिये और अपकार करनेवाले मित्र से सन्धि नहीं करना चाहिये।

उपकृत्य निसर्गतः परेषामुपरोधं न हि कुर्वते महान्तः।

महान् पुरुष स्वभाव से ही दूसरे का उपकार कर प्रत्युपकार नहीं चाहते हैं।

उपचितेषु परेष्वसमर्थतां व्रजति कालवशाद्बलवानपि।

शत्रुओं के बढ़जाने पर समयानुसार बलवान् भी असमर्थ होजाता है।

उदीरितोऽर्थः पशुनापि गृह्यते।

कही हुई वस्तु को पशु भी ग्रहण कर सक्ता है।

ऋ

ऋणकर्ता पिता शत्रुः।

ऋण करनेवाला पिता शत्रु है।

ऋणशेषं न कारयेत्।

ऋण का शेष नहीं करना चाहिये ; अर्थात् ऋण बाकी नहीं रखना चाहिये।

ऋषयो राक्षसीमाहुर्वाचमुन्मत्तदृप्तयोः।

ऋषिलोग उन्मत्त और उच्छृङ्खल के वचन को राक्षसी वचन कहते हैं।

ऋणी लभेन्नैव कदापि मोक्षम्।

ऋणकर्ता का कभी मोक्ष नहीं हो सक्ता है जोकि ऋण करके ऋण नहीं देता है।

ऋषिर्नैव वदेन्मिथ्या।

ऋषि मिथ्या नहीं बोलते हैं।

ए

एकादिमध्यपरिणतिरमणीया साधुजनमैत्री।

सज्जनों की मैत्री आदि, मध्य और अन्त में एकरूप तथा मनोहर होती है।

एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः।

गुण के समूह में एक दोष चन्द्रकिरण में कलङ्क के समान छिप जाता है।

एकश्चन्द्रस्तमो हन्ति न च तारागणोपि च।

एकही चन्द्रमा अन्धकार को दूर करता है। ताराओं का समूह अन्धकार दूर नहीं कर सक्ता।

एकेनापि सुपुत्रेण सिंही स्वपिति निर्भयम्।
सहैव दशभिः पुत्रैर्भारं वहति गर्दभी॥

एकही सुपुत्र से सिंही निर्भय सोती है और दश पुत्रों को साथ लेकर गर्दभी भार ढोती है।

एकस्य कर्म संवीक्ष्य करोत्यन्योपि गर्हितम्।

एक का निन्दित कर्म देखकर दूसरा भी करता है।

एकस्मै स्पृहयालूनामिष्टाय सुधियामपि।
करस्थमेव ब्रुवते कलहं निधनावधिम्।

एकही इष्टवस्तु को चाहनेवाले विद्वान् पुरुषों को भी मरणपर्यन्त कलह हस्तगत रहता है।

एको देवः केशवो वा शिवो वा एका भार्या सुन्दरी वा दरी वा।
एकं मित्रं भूपतिर्वा यतिर्वा एको वासः पत्तने वा वने वा॥

एकही देव होना चाहिये केशव हों या शिव हों। स्त्री एकही होना चाहिये सुन्दरी हो या गुफा हो। मित्र एकही होना चाहिये राजा हो या साधु हो। निवास एकही जगह होना चाहिये नगर में हो या वनमें हो।

एकेन राजहंसेन सुशोभा सरसी भवेत्।

एकही राजहंस से सरोवर की उत्तम शोभा होती है।

एतदेव हि पाण्डित्यं न स्वल्पाद् भूरिनाशनम्।
यही विद्वत्ता है कि थोड़े के लिये बहुत का नाश नहीं करना।

क

किं दूरं व्यवसायिनाम्।
व्यवसाय करनेवाले पुरुष को कोई देश दूर नहीं है।

किं दुष्करं महात्मनाम्।
महान् पुरुष को कोई कार्य करना कठिन नहीं है।

क भोगमाप्नोति न भाग्यभाग्जनः।
भाग्यवान् पुरुष कहां भोग नहीं पाता है अर्थात् सब जगह उसको भोग्य पदार्थ मिलता है।

काचः काचो मणिर्मणिः।
काच काचही है और मणि मणिही है।

कीर्तिर्यस्य स जीवति।
जिसकी कीर्ति है वही जीता है।

कृतघ्ने नास्ति निष्कृतिः।
कृतघ्न पुरुष की निष्कृति नहीं है अर्थात् कृतघ्नता का अपराध दूर करने के लिये कोई उपाय नहीं है।

किं न कुर्वन्ति सुभगे कष्टमर्थार्थिनो जनाः।
धनार्थी पुरुष क्या नहीं करसक्ते हैं अर्थात् सब कुछ करसक्ते हैं।

कृपणेन समो दाता न भूतो न भविष्यति।
अस्पृशन्नेव वित्तानि यः परेभ्यः प्रयच्छति॥
कृपण के समान कोई दाता न हुआ न होगा क्योंकि अपने धन को नहीं स्पर्श करते हुए दूसरे को देता है।

कोऽतिभारः समर्थानाम्।
सामर्थ्यवाले को कोई भी कार्य भारी नहीं होता है।

क्षमारूपं तपस्विनाम्।
तपस्वी पुरुष का क्षमा ही रूप है।

कार्याकार्यविचारो लोभविमूढस्य नास्त्येव।
लोभग्रस्त पुरुष को कर्तव्याकर्तव्य का विचार नहीं होता है।

किं करोति नरः प्राज्ञः शूरो वाप्यथ पण्डितः।
दैवं यस्य छलान्वेषि करोति विफलाः क्रियाः॥
भाग्य जिससे सदा छल कर रहा है वह मनुष्य वीर हो या पण्डित हो

तब भी कुछ नहीं करसक्ता ।

कृशः कस्यास्ति सौहृदम् ।

दुर्बल से किसकी मैत्री होती है ?

किं कुलेन विशालेन विद्याहीनस्य देहिनः ।

विद्याहीन मनुष्य का उत्तम कुल में जन्म होने से क्या ?

कवीश्वराणां वचसां विनोदैर्नन्दन्ति विद्यानिधयो न चान्ये ।

उत्तम कवियों के वाग्विलास से उत्तम विद्वान् लोग ही आनन्दित होते हैं, मूर्ख लोग नहीं ।

कर्पूरः पावकस्पृष्टः सौरभं लभतेतराम् ।

अग्नि से स्पृष्ट होने पर कपूर से अधिक सुगन्धि निकलती है ।

क्षणक्षयिणि सापाये भोगे रज्यन्ति नोत्तमाः ।

क्षणमात्र में नष्ट होनेवाले और विघ्न से भरे हुए भोग में उत्तम पुरुष नहीं अनुरक्त होता है ।

क्षारं पिबति पयोधेर्वर्षत्यम्भोधरो मधु ह्यम्भः ।

मेघ समुद्र का क्षार जल पीकर अमृत के समान जल बरसाता है ।

किमात्मना यो न जितेन्द्रियो भवेत् ।

शरीर धारण करके यदि जितेन्द्रिय न हुआ तो सब व्यर्थ है ।

क्रियासिद्धिः सत्त्वे भवति महतान्नोपकरणे ।

महान् पुरुष की क्रियासिद्धि पराक्रम में होती है बाह्योपकरण में नहीं ।

क्वचित्सर्पोपि मित्रत्वमायान्नैव खलः क्वचित् ।

कभी सर्प मित्र बन जाता है परन्तु खल मित्र नहीं होता है ।

काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमताम् ।

काव्यशास्त्र के विनोद में बुद्धिमानों का समय जाता है ।

कवित्वं दुर्लभं लोके शक्तिस्तत्र सुदुर्लभा ।

लोक में कविता करना कठिन है उसमें भी शक्ति का होना और भी कठिन है ।

कृच्छ्रेपि न चलत्येव धीराणां निश्चलं मनः ।

धीर पुरुष का मन क्लेश में भी चलायमान नहीं होता ।

क्षमाशस्त्रं करे यस्य दुर्जनः किं करिष्यति ।

जिसके हाथ में क्षमा शस्त्र है उसका दुर्जन क्या करसक्ता है ।

किंचिदाश्रयसंयोगाद्धत्ते शोभामसाध्वपि ।

किसी उत्तम आश्रय के संयोग से नीच वस्तु भी शोभा को धारण करती है ।

कर्मणा बाध्यते बुद्धिर्न बुद्ध्या कर्म बाध्यते ।

कर्म से बुद्धि बाधित होती है और बुद्धि से कर्म बाधित नहीं होता है।

कलौ वेदान्तिनो भान्ति फाल्गुने बालका इव।

जैसे फाल्गुन मास में बालक मनमाना बकते हैं वैसे ही कलियुग में वेदान्ती बकते हैं।

कुपुत्रेण कुलं नष्टम्।

कुपुत्र होने से कुल का नाश होता है।

कृतस्य करणं नास्ति।

किये हुए को करना नहीं होता है।

कृते प्रतिकृतिं कुर्याद्धिंसिते प्रतिहिंसितम्।

उपकार करनेवाले का उपकार करना चाहिये, हिंसा करनेवाले के प्रति हिंसा करनी चाहिये।

किमाराध्यं सदा पुण्यं कश्च सेव्यः सदागमः।
को ध्येयो भगवान् विष्णुः किं काम्यं परमं पदम्।

सदा किसकी आराधना करनी चाहिये ? पुण्य की, और किसकी सेवा करनी चाहिये ? उत्तम शास्त्र की, किसका ध्यान करना चाहिये ? विष्णु भगवान् का, और किसकी इच्छा रखनी चाहिये ? मोक्षपद की।

कार्यापेक्षी जनः प्रायः प्रीतिमाविष्करोत्यलम्।

प्रायः कार्याभिलाषी मनुष्य अधिक प्रीति प्रगट करता है।

कटुकं वा मनोहरं वा प्रस्तुतवाक्यं मनोहारि
वामे गर्दभनादश्चित्तप्रीत्यै प्रयाणेषु।

कटु हो या मनोहर हो परन्तु समयोपयोगी वाक्य मनोहर ही होती है जैसे यात्रा में वाम भाग में गदहे का स्वर उत्तम शकुन होता है।

कुपात्र दानाच्च भवेद्दरिद्रः।

कुपात्र में दान करने से दरिद्र होता है।

क्रोधो हि शत्रुः प्रथमं नराणाम्।

मनुष्यों का प्रथम क्रोध ही शत्रु है।

कुदेशमासाद्य कुतोऽर्थसंचयः।

कुदेश में जाकर धन संचय कैसे हो सक्ता है।

कुपुत्रमासाद्य कुतो जलाञ्जलिः।

कुपुत्र को पा कर जलाञ्जलि कैसे मिल सक्ती है।

कुगेहिनीं प्राप्य कुतो गृहे सुखम्।

दुष्ट स्त्री पाकर कैसे घर में सुख हो सक्ता है।

कुशिष्यमध्यापयतः कुतो यशः।

दुष्ट शिष्य को पढ़ानेवाले का यश कहां से हो सक्ता है ।

किं जीवितेन पुरुषस्य निरक्षरस्य ।

निरक्षर होकर जीवित रहना व्यर्थ है ।

किं सेवया यदि परोपकृतौ न यत्नः ।

यदि परोपकार में यत्न न किया जाय तो केवल सेवा करना व्यर्थ है ।

किं यौवनेन विरहो यदि वल्लभायाः ।

यदि स्त्री का वियोग ही रहे तो यौवन निरर्थक है ।

किं संगमेन तनयो यदि नेक्षणीयः ।

स्त्रीप्रसंग करना व्यर्थ है यदि पुत्रोत्पत्ति न हो ।

किं भूषणं सुदृढमत्र यशो न रत्नम् ।

इस संसार में अच्छा भूषण क्या है ? यश है रत्न नहीं है ।

कलासीमा काव्यम् ।

कला की सीमा काव्य ही है ।

कर्मायत्तं फलं पुंसाम् ।

पुरुष को कर्मानुसार ही फल मिलता है ।

किं करिष्यन्ति वक्तारः श्रोता यत्र न विद्यते ।

यदि सुननेवाला न हो तो वक्ता क्या कर सक्ता है ।

किं कोकिलस्य विरुतेन गते वसन्ते ।

वसन्त के व्यतीत हो जाने पर कोकिल की मनोहर ध्वनि से क्या ?

किं कातरस्य बहुशस्त्रपरिग्रहेण ।

कातर पुरुष के बहुत से शस्त्र धारण करने से क्या फल है ।

कुलीनता यत्र न तत्र रूपं यत्रास्ति रूपं न कुलं च तत्र ।

जहां रूप है वहां कुलीनता नहीं है, जहां कुलीनता है वहां रूप नहीं है ।

किमिव हि मधुराणां भूषणं नाकृतीनाम् ।

मनोहर आकारवाले का सब ही भूषण है ।

कमीशते रमयितुं गुणाः ।

गुण किसको प्रसन्न करने में समर्थ नहीं है ?

काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमताम् ।

विद्वान् का समय काव्यशास्त्र के आनन्द में व्यतीत होता है ।

क्रियासु युक्तैर्नृपचारचक्षुषो न वञ्चनीयाः प्रभवोऽनुजीविभिः ।

क्रिया में नियुक्त किये गये कर्मचारियों को स्वामी को वञ्चित करना नहीं चाहिये ।

काले काले समारब्धाः फलं बध्नन्ति नीतयः।

समय समय में नियुक्त नीति फल को देती है।

के वा न स्युः परिभवपदं निष्फलारम्भयत्नाः।

जो निष्फल आरम्भ में यत्न करते हैं वे अनादर को प्राप्त होते हैं।

कार्पण्यं तु सदा हेयम्।

कृपणता सदा छोड़नी चाहिये।

कार्पण्यं दोषपोषकम्।

कृपणता दोषों को बढ़ाती है।

काले फलन्ति नीतयः।

नीति का फल समय आने पर मिलता है।

का चिन्ता मम जीवने यदि हरिर्विश्वम्भरो गीयते।

यदि विष्णु संसार के पोषक कहे जाते हैं तो हमारे जीवन में क्या चिन्ता है।

काकः काकः पिकः पिकः।

कौआ कौआ ही है और कोकिल कोकिल ही है।

कालः कं नैव भक्षयेत्।

काल किसको नहीं खा सक्ता है।

कालो हि बलवान् सदा।

काल सदाही बलवान् है।

कर्म्मण्येवाऽधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।

कर्म करने का ही तुम्हारा अधिकार है। कर्मफल की ओर दृष्टि डालने का तुम्हारा कभी भी अधिकार नहीं है।

कामार्त्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाऽचेतनेषु।

चेतन अर्थात् चेतन राज्य के जीव मनुष्यादि और अचेतन अर्थात् जड़ राज्य के उद्भिज्ज, स्वेदज, अण्डज और जरायुज जीव, इन दोनों प्रकार के ही जीवों में कामोन्मत्त होने के समय स्वभाव से ही कृपणता अर्थात् कायरपन आजाता है। कामी स्वभाव से ही कायर होता है यही तात्पर्य्य है।

कोऽर्थः पुत्रेण जातेन यो न विद्वान् न धार्मिकः।

उस पुत्र के उत्पन्न होने से क्या लाभ है जो न विद्वान् है और न धार्मिक है। मूर्ख और पापी पुत्र के उत्पन्न होने की अपेक्षा उसका उत्पन्न न होना ही अच्छा है यही तात्पर्य्य है।

किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या।

विद्या के द्वारा कल्पवल्ली के समान क्या क्या साधन नहीं होसक्ता है; अपि तु विद्या के द्वारा सकल कार्य सिद्ध हो सक्ते हैं।

क्षमातुल्यं तपो नास्ति।
क्षमा के समान तप नहीं है।

ख

खलः सत्क्रियमाणोपि ददाति कलहं सताम्।
दुग्धधौतोपि किं याति वायसः कलहंसताम्॥
दुर्जन मनुष्य सत्कार करने पर भी सज्जनों के साथ कलह करता है-यह बात सत्य ही है क्योंकि दूध से धोने पर भी कौआ हंस नहीं बन सक्ता।

खलसङ्गेपि नैष्ठुर्यं कल्याणप्रकृतेः कुतः।
श्रेष्ठ प्रकृतिधारी में खल के संसर्ग से भी क्रूरता नहीं आती।

खद्योतो द्योतते तावद्यावन्नोदयते शशी।
खद्योत तभी तक प्रकाश कर सक्ता है जब तक चन्द्रमा का उदय नहीं होता है।

ग

गुणाः सर्वत्र पूज्यन्ते पितृवंशो निरर्थकः।
गुण सर्वत्र पूजित होता है मातृवंश तथा पितृवंश का बड़ापन व्यर्थ है।

गुणैर्गौरवमायाति न महत्यापि संपदा।
गुण से गौरव होता है बड़ी संपत्ति से नहीं।

गुणैः सर्वज्ञकल्पोपि सीदत्येको निराश्रयः।
गुणों से शङ्कर के समान होने पर भी आश्रय के विना मनुष्य क्लेश पाता है।

गुणेषु क्रियतां यत्नः किमाटोपैः प्रयोजनम्।
गुण में ही यत्न करना चाहिये, वृथा आटोप से कुछ प्रयोजन नहीं सिद्ध होता है।

गुणैरुत्तुङ्गतां याति नोच्चैरासनसंस्थितः।
मनुष्य गुण से ऊंचा होता है, ऊंचे आसन पर बैठने से नहीं।

गुणो दूषणतां याति दूषणं गुणतां क्वचित्।
कहीं गुण दोष होता है और कहीं दोष गुण हो जाता है।

गुणवन्तः क्लिश्यन्ते प्रायेण भवन्ति निर्गुणाः सुखिनः।
प्रायः गुणवान् पुरुष ही क्लेश को पाते रहते हैं और निर्गुण पुरुष सदा सुखी रहते हैं।

गोत्रस्थितिं न मुञ्चन्ति सदा सन्नतिमाश्रिताः।
उदन्वन्तश्च सन्तश्च महासत्त्वतयानया॥

समुद्र और महान् पुरुष महासत्त्ववान् होने से अपनी गोत्र मर्यादा को नहीं छोड़ते हैं और सदा नम्र रहते हैं।

गुणमेव वक्ति साधुर्दोषमसाधुः प्रकाशयति।

सज्जन गुण को ही प्रकाश करता है और असज्जन दोष को ही प्रकाश करता है।

गुणिनामपि निजरूपप्रतिपत्तिः परत एव भवति।

गुणवान् को भी अपने स्वरूप का ज्ञान दूसरे के द्वारा ही होता है।

गुणा गुणज्ञेषु गुणा भवन्ति।

गुण गुण के जाननेवाले में ही गुण होता है।

गुणवज्जनसंपर्काद् याति स्वल्पोपि गौरवम्।

गुणीजन के संसर्ग से निर्गुण भी गौरव युक्त हो जाता है।

गुणोपि दोषतां याति वक्रीभूते विधातरि।

विधाता के प्रतिकूल होने पर गुण भी दोष हो जाता है।

गुणिनं जनमालोक्य निजबन्धनशङ्कया।
राजँल्लक्ष्मीः कुरङ्गीव दूरं दूरं पलायते।

हे राजन्! गुणी पुरुष को देख कर अपने बन्धन की शङ्कासे लक्ष्मी मृगी के समान दूर भागती है।

गतेपि वयसि ग्राह्या विद्या सर्वात्मना बुधैः।

अवस्था बीत जाने पर भी विद्वान् पुरुष को सर्वथा विद्या का ग्रहण करना चाहिये।

गुणवानपि नोपयाति पूजां पुरुषः सत्पुरुषैरकथ्यमानः।

गुणवान् पुरुष भी सत्पुरुषों के विना कहे पूजित नहीं होता है।

गुणैकपक्षपातिनां रिपोरपि गुणाः प्रीतिं जनयन्ति।

केवल गुण में पक्षपात रखनेवाले को शत्रु का भी गुण प्रीति प्राप्त करा सक्ता है।

गुणाः प्रियत्वेऽधिकृता न संस्तवः।

प्रियता में गुण ही अधिकारी हैं स्तुति नहीं।

गुणेन केनापि जनेऽनवद्ये दोषान्तरोक्तिः खलु तत्खलत्वम्।

दोष से सर्वथारहित मनुष्य में जो दोष लगाता है वह उसकी खलता है।

गुणगृह्या वचने विपश्चितः।

विद्वान् लोग वचन में गुणग्राही होते हैं।

गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः।

गुणी में पूजा के स्थान गुण ही होते हैं लिङ्ग (चिह्न) और अवस्था की पूजा नहीं होती है।

च

चण्डालश्च दरिद्रश्च द्वावेतौ सदृशाविह ।
चण्डालस्य न गृह्णन्ति दरिद्रो न प्रयच्छति ।

चण्डाल और दरिद्र दोनों समान ही हैं क्योंकि चण्डाल की वस्तु कोई ग्रहण नहीं करता है और दरिद्र किसी को देता नहीं है ।

चीयते बालिशस्यापि सत्क्षेत्रपतिता कृषिः ।

उत्तम क्षेत्र में की हुई खेती मूर्ख को भी फलती है ।

चिन्ता जरा मनुष्याणाम् ।

मनुष्यों के लिये चिन्ता ही बुढ़ापा है ।

चिन्तासमं नास्ति शरीरदूषणम् ।

चिन्ता के समान कोई शरीर का दूषण नहीं है ।

चकास्ति योग्येन हि योग्यसंभवः ।

योग्य के साथ योग्य का समागम शोभता है ।

ज

जन्मिनो मानहीनस्य तृणस्य च समागतिः ।

मानहीन पुरुष और तृण बराबर ही है ।

जलसेकेन वर्धन्ते तरवो नाश्मसंचयाः ।

जल से सींचने से वृक्ष बढ़ते हैं पाषाण नहीं ।

जीवन्तोपि मृताः पञ्च व्यासेन परिकीर्तिताः ।
दरिद्रो व्याधितो मूर्खः प्रवासी नित्यसेवकः ।

व्यासजी ने कहा है कि जीते हुए पांच मरे के समान हैं, जैसे—दरिद्र, रोगी, मूर्ख, परदेशी और नित्य सेवक ।

जन्तोर्निरुपभोगस्य दृश्यते भुवि रूक्षता ।

उपभोग से हीन पुरुष रुक्ष रहता है ।

जवो हि सप्तेः परमं विभूषणम् ।

घोड़े का वेगही उत्तम भूषण है ।

ज्यायांसमपि शीलेन विहीनं नैव पूजयेत् ।

अपने से श्रेष्ठ भी यदि शीलहीन हो तो उसकी पूजा नहीं करनी चाहिये ।

जात्यो न भाति तुरगः खरयूथमध्ये ।

जात्यश्व घोड़ा गदहों के बीच में नहीं शोभता है ।

ज्ञेयः स नित्यसंन्यासी यो न द्वेष्टि न काङ्क्षति।

उसको नित्य संन्यासी जानना चाहिये जो न किसी से द्वेष करता हो और न कुछ किसी से चाहता हो।

जनिता चोपनेता च यश्च विद्यां प्रयच्छति।

अन्नदाता भयत्राता पञ्चैते पितरः स्मृताः॥

जनक, उपनयन करनेवाला, विद्या पढ़ानेवाला, अन्नदाता और भय से रक्षा करनेवाला ये पांच पिता हैं।

जरा रूपं हरति।

बुढ़ापा रूप को हरण कर लेता है।

जरया बलं विनष्टं स्यात्।

बुढ़ापे से बलका नाश होजाता है।

जनः किलाचारमुचं विगायति।

आचारहीन पुरुष की लोग निन्दा करते हैं।

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।

गर्भधारिणी माता और जन्मभूमि ये दोनों स्वर्ग की अपेक्षा भी विशेष सुखप्रद होती हैं।

जडैर्जीवगणैर्विश्वं विषयात्मकमीक्ष्यते।

जगत्प्रपञ्चजातं तु ज्ञानवद्भिर्विवेकिभिः।

परिणामीति विज्ञाय दुःखरूपं प्रतीयते॥

जड़ अर्थात् मूर्ख वा अज्ञानी जीव इस जगत् को विषयात्मक देखते हैं और विवेकवान् ज्ञानी व्यक्तियों को तो यह सब जगत्प्रपञ्च परिणामी होने के कारण दुःखरूप प्रतीत होता है।

त

ते सर्वे धनवृद्धस्य द्वारे तिष्ठन्ति किंकराः।

ज्ञानवृद्ध वयोवृद्ध आदि सभी पुरुष धनवृद्ध पुरुष के पास भृत्य होकर रहते हैं।

त्यजेन्मायाविनं मित्रं धनं प्राणहरं त्यजेत्।

यदि मित्र कपटी हो तो उसका परित्याग करना चाहिये और जो धन प्राण का नाश करनेवाला हो तो उसका भी परित्याग करना चाहिये।

त्यजति कटुतां न स्वां निम्बः स्थितोपि पयोह्रदे।

दूध के तालाब में रखने पर भी निम्ब अपनी कटुता को नहीं छोड़ता है।

तुल्यं परोपतापित्वं क्रुद्धयोः साधुनीचयोः।

न दाहे ज्वलतोर्भिन्नं चन्दनेन्धनयोः क्वचित्।

क्रोध करनेवाला सज्जन और दुर्जन, दूसरे को समान ही कष्ट देनेवाले हैं, जैसे जलते हुए चन्दन और काठ में कोई भेद नहीं होता है।

तृणादपि लघुस्तूलस्तूलादपि च याचकः।
वायुना किं न नीतोऽसौ मामयं प्रार्थयेदिति॥

तृण से हलकी रुई और रुई से हलका याचक है, वायु ने डर से उसको नहीं उड़ाया क्योंकि उसने समझा कि मुझसे भी यह मांगेगा।

तेजस्विमध्ये तेजस्वी दवीयानपि गण्यते।

दूर रहनेवाला भी तेजस्वी पुरुष तेजस्वियों के मध्य में गिना जाता है।

तेजस्विनि क्षमोपेते नातिकार्श्यं समाचरेत्।

क्षमाशील तेजस्वी पुरुष के ऊपर कठोरपना नहीं करना चाहिये।

तुङ्गत्वमितरन्नाद्रौ नेदं सिन्धावगाधता।
अलङ्घनीयताहेतुरुभयं तन्मनस्विनि॥

पर्वत में उँचाई होती है और गम्भीरता नहीं होती और समुद्र में गम्भीरता होती है उँचाई नहीं रहती, मनस्वी में अलंघनीयता के कारण दोनों रहती हैं।

तादृशी जायते बुद्धिर्यादृशी भवितव्यता।

जैसा होनहार होता है वैसी ही बुद्धि हो जाती है।

त्यजेदेकं कुलस्यार्थे।

कुल के लिये एक का त्याग करना चाहिये।

तपःसीमा मुक्तिः।

तपस्या की सीमा मुक्ति है।

त्रिभुवनविषये कस्य दोषो न चास्ति।

त्रैलोक्य में किसमें दोष नहीं है।

तावच्च शोभते मूर्खो यावत्किंचिन्न भाषते।

मूर्ख तभी तक शोभता है जब तक बोलता नहीं।

तन्मित्रं यदकृत्रिमम्।

वही मित्र है जो अकृत्रिम हो।

तीर्थोदकं च वह्निश्च नान्यतः शुद्धिमर्हतः।

तीर्थ का जल और अग्नि, इनकी दूसरे के द्वारा शुद्धि नहीं होती है।

तीव्रः स्मरसन्तापो न तथाऽऽदौ बाधते यथाऽऽसन्ने।
तपति प्रावृषि नितरामभ्यर्णजलागमो दिवसः॥

काम का सन्ताप अर्थात् उत्ताप जैसा काम्य वस्तु के निकट होने पर बाधा

देता है अर्थात् कष्टप्रद होता है वैसा आदि में अर्थात् सङ्कल्प करने कासमय कष्टप्रद नहीं होता है। जैसे चातुर्मास्य में वर्षा होने से पहले गर्मी अधिक होती है।

द

दुर्जनः परिहर्तव्यो विद्ययालंकृतोपि सन्।

विद्या से भूषित भी दुर्जन मनुष्य का परित्याग करना चाहिये।

दारिद्र्यदोषो गुणराशिनाशी।

दरिद्रता आने से गुण का समूह नष्ट हो जाता है।

दुश्चारिणी च हसति स्वपतिं पुत्रवत्सलम्।

पुंश्चली स्त्री पुत्र को प्यार करनेवाले पति को हँसती है।

दन्तिदन्तसमानं हि निःसृतं महतां वचः।

कूर्मग्रीवेव नीचानां पुनरायाति याति च॥

जैसे हाथी का दाँत एकबार बाहर निकल जाने पर फिर भीतर नहीं जाता वैसे ही महान् पुरुष का वाक्य परिवर्तित नहीं होता है और नीचों का वाक्य कछुआ के गले के समान आता जाता रहता है।

द्रष्टदुर्जनदौरात्म्यः सज्जने रज्यते जनः।

दुर्जनों की नीचता देखकर लोग सज्जन में अनुरक्त होते हैं।

दोषा दोषा गुणा गुणाः।

दोष दोष ही है और गुण गुण ही है।

दुर्जनवचनाङ्गारैर्दग्धोपि न विप्रियं वदत्यार्यः।

दुर्जनोंके वचनरूपी अङ्गारसे जलेहुए भी सज्जन पुरुष कटुवाक्य नहीं बोलतेहैं।

दोषो गुणाय गुणिनाम्।

गुणी के लिये दोष भी गुणदायक होता है।

दानेन श्लाघ्यतां यान्ति पशुपाषाणपादपाः।

दान से पशु, पाषाण और पादप भी प्रशंसनीय होते हैं।

दुर्वृत्तसंगतिरनर्थपरम्पराया

हेतुः सतां भवति किं वचनीयमत्र।

सज्जनों को दुश्चरित्र पुरुष की संगति अनर्थकारिणी होती है।

दैवमुल्लङ्घ्य यत्कार्यं क्रियते फलवन्न तत्।

अदृष्ट के प्रतिकूल होने पर जो कार्य किया जाता है वह निष्फल होता है।

दैवे विमुखतां याते न कोप्यस्ति सहायवान्।

अदृष्ट के प्रतिकूल होनेपर कोई सहायक नहीं होता है।

दैवं फलति सर्वत्र न विद्या न च पौरुषम्।

अदृष्ट ही सब जगह फलता है विद्या और पुरुषार्थ नहीं।

दैवं हि फलसाधनम् ।

फल का साधक दैवही है ।

दीपशिखाचञ्चला राजलक्ष्मीः ।

दीपज्वाला के समान राजलक्ष्मी चञ्चला है ।

द्रव्येण सर्वे वशाः ।

द्रव्य के आधीन सब हैं ।

दोषोपि गुणतां याति प्रभोर्भवति चेत्कृपा ।

यदि प्रभुकी कृपा हो तो दोष भी गुण हो जाता है ।

दानेन भोगी भवति ।

दान देनेसे भोक्ता होता है ।

दूरतः शोभते मूर्खः ।

मूर्ख दूर ही से शोभता है ।

दीपनिर्वाणगन्धं च सुहृद्वाक्यमरुन्धतीम् ।
न जिघ्रन्ति न शृण्वन्ति न पश्यन्ति गतायुषः ॥

जो मरणासन्न होते हैं वे दीवा बुझने की सुगन्धि को नहीं सूंघ सक्के और मित्रवाक्य नहीं सुन सक्के और अरुन्धती की तारा को नहीं देख सक्के हैं ।

दारिद्र्यान्मरणाद्वा मरणं मम रोचते न दारिद्र्यम् ।
अल्पक्लेशं मरणं दारिद्र्यमनन्तकं दुःखम् ।

दरिद्र होना और मरण होना इनमें हमको मरणही अच्छा लगता है दरिद्रता नहीं क्योंकि मरण में अल्प क्लेश होता है और दरिद्रता में अनन्त दुःख हैं ।

देवे तीर्थे द्विजे मन्त्रे दैवज्ञे भेषजे गुरौ ।
यादृशी भावना यस्य सिद्धिर्भवति तादृशी ॥

देव, तीर्थ, ब्राह्मण, मन्त्र, ज्योतिषी, वैद्य और गुरु, इनमें जिसकी जैसी भावना होती है वैसीही सिद्धि होती है ।

दरिद्रता धीरतया विराजते ।

दरिद्रता धीरता से शोभती है ।

देशाटनं पण्डितमित्रता च वाराङ्गना राजसभाप्रवेशः ।
अनेकशास्त्रार्थविलोकनं च चातुर्यमूलानि भवन्ति पञ्च॥

देश परिभ्रमण, पण्डितों से मैत्री, वेश्या, राजसभा में प्रवेश और अनेक शास्त्र का अवलोकन, ये पांच चतुर होने के कारण हैं ।

दर्पणं किमपेक्षन्ते कङ्कणस्य निरीक्षणे ।

कँगना देखने के लिये क्या दर्पण की आवश्यकता होती है ?

ध

धर्मस्य त्वरिता गतिः ।

धर्म की गति बहुत शीघ्र है ।

धनिनोपि निरुन्मादाः युवानोपि न चञ्चलाः ।
प्रभवोप्यप्रमत्तास्ते महामहिमशालिनः ॥

महान् पुरुष धनवान् होने पर भी उन्माद नहीं करते और युवावस्था आने पर भी चंचल नहीं होते और स्वामी होने पर भी प्रमाद नहीं करते हैं ।

धीराः सूनृतां वाचमाहुः ।

धीर सत्य वाणी बोलते हैं ।

धनेन किं यो न ददाति याचके ।

जो याचक को न दिया जावे उस धन से क्या प्रयोजन है ।

धन्यो जनः प्राकृतः ।

स्वाभाविक आचरणवाला मनुष्य धन्य है ।

धनमपि परदत्तं दुःखमौचित्यभाजाम् ।

धन भी यदि दूसरे के पास हो अथवा दूसरों का दिया हुआ हो तो सहृदयों के लिये दुःखदायक ही होता है ।

धनैर्निष्कुलीना कुलीना भवन्ति ।

धन होने से नीचकुल भी कुलीन ही कहाता है ।

ध्यानशस्त्रं बकानां च ।

बगुलों का ध्यान ही शस्त्र है ।

धातुः परीक्षा दुर्भिक्षे ।

दुष्काल में धातु (सोना चांदी) की परीक्षा होती है ।

धनार्थी कार्यार्थी गणयति न दुःखं न च सुखम् ।

धनार्थी और कार्यार्थी दुःख और सुख को नहीं गिनता है ।

धर्म एको हि निश्चलः ।

एक धर्म ही स्थिर रहता है ।

धनाद्धर्मस्ततः सुखम् ।

धन से धर्म और धर्म से सुख होता है ।

धर्मेण हन्यते व्याधिः ।

धर्म से व्याधि हटाई जाती है ।

धर्महीना विगर्हिताः ।

धर्म से हीन की निन्दा होती है ।

धूसरापि कला चान्द्री न च बध्नाति लोचनम् ।
मलिन भी चन्द्रकला लोचन की प्रतिबन्धक नहीं होती है ।

धर्म्मं यो बाधते धर्म्मो न सद्धर्म्म कुधर्म तत् ।
जो धर्म अन्य धर्म का बाधक होता है वह सद्धर्म नहीं है कुधर्म है ।

धर्म्मो रक्षति रक्षितः ।
जो धर्म की रक्षा करता है उसको धर्म स्वयं रक्षा करता है ।

न

न हि दैवात्परं बलम् ।
दैव से बढ़कर कोई बल नहीं है ।

न ह्युद्यमसमो बन्धुः ।
उद्यम के समान कोई बन्धु नहीं है ।

न च व्याधिसमो रिपुः ।
रोग के समान कोई शत्रु नहीं है ।

न च विद्यासमो मित्रम् ।
विद्या के समान कोई मित्र नहीं है ।

नहि बन्ध्या विजानाति गुर्वीं प्रसववेदनाम् ।
बन्ध्या स्त्री प्रसव की कठिन पीड़ा को नहीं जानती है ।

न शालेः स्तम्बकरिता वप्तुर्गुणमपेक्षते ।
शालि के पेड़ के बड़ापन या छोटापन होने में बोनेवाले के गुणकी अपेक्षा नहीं रहती ।

नहि सर्वत्र पाण्डित्यं सुलभं पुरुषे क्वचित् ।
सब मनुष्यों में पाण्डित्य नहीं पाया जाता है ।

न कूपखननं युक्तं प्रदीप्ते वह्निना गृहे ।
घर में आग के लगने पर कुआं खोदना व्यर्थ है ।

निजप्रतिज्ञामनुरुद्ध्यमाना महोद्यमाः कर्मसमारभन्ते ।
उद्योग करनेवाले पुरुष अपनी प्रतिज्ञा का पालन करते हुए कार्य का आरम्भ करते हैं ।

न्याय्यात्पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः ।
धीर पुरुष न्यायमार्ग से च्युत नहीं होते हैं ।

नहि संहरते ज्योत्स्नां चन्द्रश्चाण्डालवेश्मतः ।
चन्द्रमा चण्डाल के घर में भी अपनी चन्द्रिका प्रदान करता है ।

निर्गुणेष्वपि सत्त्वेषु दयां कुर्वन्ति साधवः ।
साधु पुरुष निर्गुण प्राणी के ऊपर भी दया करते हैं ।

नीचो वदति न कुरुते न वदति सुजनः करोत्येव ।
नीच पुरुष बकता है परन्तु कार्य नहीं करता है और सज्जन पुरुष वचन से कुछ नहीं कहता हुआ केवल कार्य ही करता है ।

नाल्पीयसि निबध्नन्ति पदमुन्नतचेतसः ।
उच्च मनवाले पुरुष अल्प कार्य में पैर नहीं रखते हैं ।

निर्गुणोपि मृतः पश्य जनैः शिरसि धार्यते ।
निर्गुण भी मरा हुआ शिर पर रक्खा जाता है ।

निरवद्यानि पद्यानि यद्यनाढ्यस्य का क्षतिः ।
भिक्षुकक्षाविनिक्षिप्तः किमिक्षुर्नीरसोभवेत् ।
दरिद्र पुरुष के भी बनाये हुए श्लोक यदि मनोहर हों तो क्या हानि है । जैसे भीख मांगनेवाले के घर में भी रक्खी हुई ऊख रस सहित ही होती है ।

न विषममृतं कर्तुं शक्यं यत्नशतैरपि ।
सैकड़ों यत्न करने पर भी विष अमृत नहीं बनसक्ता ।

नियतिः केन लङ्घ्यते ।
भाग्य को कोई भी नहीं उल्लंघन कर सक्ता है ।

न दैवमिति संचिन्त्य त्यजेदुद्योगमात्मनः ।
अनुद्यमेन कस्तैलं तिलेभ्यः प्राप्तुमर्हति ॥
भाग्य सब कुछ करेगा ऐसा समझ कर उद्योग नहीं छोड़ना चाहिये क्योंकि विना यत्न किये तिल से तैल कौन प्राप्त कर सक्ता है ।

निःसारस्य पदार्थस्य प्रायेणाडम्बरो महान् ।
साररहित पदार्थ का प्रायः आडम्बर बड़ा होता है ।

निरस्तपादपे देशे एरण्डोपि द्रुमायते ।
जिस प्रदेश में कोई अन्य वृक्ष न हो वहां एरण्ड भी वृक्ष कहा जाता है ।

न पण्डिताः साहसिका भवन्ति श्रुत्वापि ते संतुलयन्ति चार्थम् ।
पण्डित लोग साहस करनेवाले नहीं होते हैं किंतु किसी भी कार्य को सुनकर अनुमान करते हैं ।

ना गुणी गुणिनं वेत्ति गुणी गुणिषु मत्सरी ।
गुणी च गुणरागी च विरलः सरलो जनः ॥
गुणहीन गुणी को नहीं जानता है और गुणी पुरुष गुणवान् में मत्सर रखता है जोकि गुणी हो और गुण में प्रेम रखनेवाला हो ऐसा मनुष्य विरला ही होता है ।

निर्गुणेष्वपि सत्त्वेषु दयां कुर्वन्ति साधवः ।
साधु पुरुष निर्गुण प्राणियों के ऊपर भी दया करते हैं ।

न गुणाः क्वापि पूज्यन्ते सत्स्वीकारो हि गौरवम् ।
पीतिमागुणसाम्येपि हरिद्रास्वर्णयोरिव ॥
कहीं गुण की भी पूजा नहीं होती केवल स्वीकृतमात्र ही पूजित होता है जैसे सुवर्ण और हरिद्रा के एक रंग होने पर भी सुवर्ण ही का अधिक आदर है ।

न कदाचित्सतां चेतः प्रसरत्यघकर्मसु ।
सज्जनों का अन्तःकरण कभी दुष्कर्म में प्रवृत्त नहीं होता है ।

न पिबन्ति भौममम्भः सरजसमिति चातका एते ।
चातक पक्षिगण धूलि मिश्रित पृथ्वी का जल नहीं पीते हैं ।

निर्गुणमप्यनुरक्तं प्रायो न समाश्रितं जहाति सन्तः ।
सज्जन पुरुष गुणहीन होने पर भी अनुराग रखनेवाले अपने आश्रित को नहीं छोड़ते हैं ।

नयहीनादपरज्यते जनः ।
नीतिहीन पुरुष से मनुष्य अपरक्त (दूर) हो जाते हैं ।

न गणस्याग्रतो गच्छेत् ।
समुदाय से आगे होकर कोई कार्य नहीं करना चाहिये ।

न सा सभा यत्र न सन्ति वृद्धाः ।
जहां वृद्ध न हों वह कोई सभा नहीं है ।

न तज्जलं यत्र सुचारु पङ्कजम् ।
जिसमें मनोहर कमल न हो वह जल नहीं है ।

न भवति पुनरुक्तं भाषितं सज्जनानाम् ।
सज्जनों का भाषण दो बार नहीं होता है ।

निरक्षरे वीक्ष्य महाधनत्वं विद्यानवद्या विदुषा न हेया ।
निरक्षर पुरुष को धनवान् देखकर विद्वान् अपनी सुविद्या को न छोड़े ।

न निश्चितार्थाद् विरमन्ति धीराः ।
धीर पुरुष अपने निर्णीत अर्थ से विराम नहीं लेता है ।

नरस्याभरणं रूपं रूपस्याभरणं गुणः ।
गुणस्याभरणं ज्ञानं ज्ञानस्याभरणं क्षमा ॥
नर का भूषण रूप है, रूप का भूषण गुण है, गुण का भूषण ज्ञान है और ज्ञान का भूषण क्षमा है ।

नासत्यवादिनः सख्यम् ।
असत्यवादी की मैत्री नहीं होती ।

न गुणं न च सौभाग्यं स्वयं स्वगुणवर्णने।
अपना गुण अपने से वर्णन करने में न सुख होता और न कोई सौभाग्य मिलता है।

न कुलं वृत्तहीनानां प्रमाणमिति मे मतिः।
आचरणहीन पुरुष के कुल का प्रमाण नहीं होता है।

नष्टस्य कान्या गतिः।
नष्ट पुरुष की दूसरी क्या गति हो सक्ती है।

न वित्तं दर्शयेत्प्राज्ञः कस्यचित्स्वल्पमप्यहो।
स्वल्प भी अपने पास धन हो तो किसी को नहीं दिखाना चाहिये।

न नरस्य नरो दासो दासश्चार्थस्य भूपते।
हे राजन् मनुष्य का दास मनुष्य नहीं होता है किन्तु अर्थ का दास मनुष्य होता है।

न दुर्जनः सज्जनतामुपैति बहुप्रकारैरपि सेव्यमानः।
अनेक प्रकार से सेवा करने पर भी दुर्जन सज्जनता को प्राप्त नहीं हो सक्ता।

नास्ति क्षुधासमं दुःखम्।
क्षुधा के समान दुःख नहीं है।

नृपः कामासक्तो गणयति न कार्यं न च हितम्।
कामी राजा कार्य और हित को नहीं गिनता है।

नालसाः प्राप्नुवन्त्यर्थान्।
आलसी को अर्थ नहीं मिलता है।

निर्विषेणापि सर्पेण कर्तव्या महती फणा।
विषशून्य सर्प को भी फणका आटोप करना चाहिये।

नास्ति विद्यासमं चक्षुः।
विद्या के समान कोई नेत्र नहीं है।

नित्यं क्रोधाच्छ्रियं रक्षेत्।
सदा क्रोध से लक्ष्मी कीरक्षा करनी चाहिये।

नापृष्टः कस्यचिद् ब्रूयात्।
बिना पूछे किसी से नहीं बोलना।

न क्रोधयातुधानस्य धीमान् गच्छेद्विधेयताम्।
बुद्धिमान् पुरुष क्रोधरूपी निशाचर की अनुकूलता को प्राप्त न करे।

न जातुकामः कामानामुपभोगेन शाम्यति।
मनोरथ यथेच्छ कामों के भोगने से शान्त नहीं होता है।

नास्ति सत्यसमं तपः ।
सत्य के बराबर कोई तप नहीं है ।

न संतोषात्परं सुखम् ।
संतोष से बढ़कर कोई सुख नहीं है ।

न च तृष्णा परो व्याधिः ।
तृष्णा के समान कोई रोग नहीं है ।

न च धर्मो दयापरः ।
दया से बढ़कर कोई धर्म नहीं है ।

नास्ति रागसमं दुःखम् ।
स्नेह के समान कोई दुःख नहीं है ।

निकटस्थं गरीयांसमपि लोके न मन्यते ।
समीप में रहनेवाले श्रेष्ठ को भी लोग नहीं मानते हैं ।

नरत्वं दुर्लभं लोके ।
संसार में मनुष्य का तनु दुर्लभ है ।

निन्दां यः कुरुते साधोस्तथा स्वं दूषयत्यसौ ।
खे भूतिं यस्त्यजेदुच्चैर्मूर्ध्नि तस्यैव सा पतेत् ॥
जो साधु की निन्दा करता है वह अपने ही को दूषित करता है । जैसे जो आकाश में राख फेंकता है वह उसीके मस्तक पर पड़ती है ।

निरुत्सुकानामभियोगभाजां समुत्सुकेवाङ्कमुपैति लक्ष्मीः ।
उत्कण्ठारहित उद्योगी के पास लक्ष्मी उत्कण्ठित होकर स्वयं आजाती है ।

न वेत्ति यो यस्य गुणप्रकर्षं स तस्य निन्दां सततं करोति ।
जो जिसके गुणाधिक्य को नहीं जानता है वह उसकी सदा निन्दा करता है ।

निवृत्तरागस्य गृहं तपोवनम् ।
अनुराग से निवृत्त पुरुष के लिये घर ही तपोवन है ।

निमित्तमुद्दिश्य हि यः प्रकुप्यति ।
ध्रुवं सतस्यापगमे प्रसीदति ॥
जो किसी निमित्त से क्रोध करता है वह उसके निवृत्त हो जाने पर प्रसन्न होजाता है ।

नये च शौर्ये च वसन्ति संपदः ।
नीति और शूरता में संपत्ति रहती है ।

नीचं समृद्धमपि सेवति नीच एव ।

तं दूरतः परिहरन्ति पुनर्महान्तः।

समृद्धि से परिपूर्ण नीच की सेवा नीच ही करता है और महान् पुरुष उसे दूर ही से परित्याग करते हैं।

नागो भाति मदेन कं जलरुहैः।

हाथी मदस्राव से शोभता है और जल कमलों से शोभता है।

नित्योत्सवैर्मन्दिरम्।

गृह नित्योत्सव से शोभता है।

न चापत्यसमः स्नेहः।

अपत्य के समान किसी पर स्नेह नहीं होता है।

न स्वल्पस्य कृते भूरि नाशयेन्मतिमान्नरः।

बुद्धिमान् पुरुष थोड़े के लिये अधिक का नाश नहीं करता है।

न विश्वसेदमित्रस्य मित्रस्यापि न विश्वसेत्।
कदाचित् कुपितं मित्रं सर्वं गुह्यं प्रकाशयेत्॥

शत्रु का विश्वास नहीं करना चाहिये और मित्र का भी विश्वास नहीं करना चाहिये; क्योंकि मित्र भी कभी रुष्ट होने पर सब गुप्त प्रकाश कर सक्ता है।

नाद्रव्ये निहिता काचित् क्रिया फलवती भवेत्।

अद्रव्य में नियुक्त की हुई क्रिया फलवती नहीं होती है।

नष्टं मृतमतिक्रान्तं नानुशोचन्ति पण्डिताः।

भूले हुए का, मरे का और व्यतीत वस्तु का पण्डित पश्चात्ताप नहीं करते हैं।

न बन्धुमध्ये धनहीनजीवनम्।

भाइयों के बीच में धनहीन का जीवन ठीक नहीं है।

नास्ति रागसमं दुःखम्।

अनुराग के समान कोई दुःख नहीं है।

नास्ति त्यागसमं सुखम्।

त्याग के समान कोई सुख नहीं है।

न स्थातव्यं न गन्तव्यं क्षणमप्यधमैः सह।
पयोऽपि शौण्डिकीहस्ते मदिरां मन्यते जनः॥

नीचों के साथ एक क्षण भी न रहना चाहिये न जाना चाहिये। शौण्डिकी के हाथ के दुग्ध को भी लोग मदिरा मानते हैं।

न देवो विद्यते काष्ठे न पाषाणे न मृण्मये।
भावेषु विद्यते देवस्तस्माद्भावो हि कारणम्॥

देव काष्ठ या पाषाण या मिट्टी में नहीं रहते हैं; किन्तु भावही में देव रहते हैं इसलिये भावही मुख्य कारण है।

नाविदग्धः प्रियं ब्रूयात्स्फुटवक्ता न वञ्चकः।

मूर्ख प्रिय वचन नहीं बोलता है और वञ्चक स्पष्ट नहीं बोलता है।

निषिद्धमप्याचरणीयमापदि क्रिया सती नावति यत्र सर्वथा।

जहां उत्तम क्रिया नहीं रक्षा करती हो उस आपत्ति के समय में निषिद्ध वस्तु का भी आचरण करना चाहिये।

न महानिच्छति भूतिमन्यतः।

महान् पुरुष दूसरे से विभूति (ऐश्वर्य) को नहीं चाहते हैं।

न निहन्ति धैर्यमनुभावगुणः।

अनुभवित गुण धैर्य को नहीं हटा सक्ता है।

निपातनीया हि सतामसाधवः।

सज्जन को दुर्जन का नाश करना चाहिये।

न पादपोन्मूलनशक्तिरंहः शिलोचये मूर्च्छति मारुतस्य।

वृक्ष के उखाड़ने वाले वायु का वेग पर्वत के शिखर को नहीं उड़ा सक्ता है।

नक्षत्रताराग्रहसंकुलापि ज्योतिष्मती चन्द्रमसैव रात्रिः।

नक्षत्र ताराग्रहादिक से युक्त होनेपर भी रात्रि चन्द्रमा से ही शोभती है।

न वसन्त्येकत्र सर्वगुणाः।

एक पुरुष में सब गुण नहीं रहते हैं।

न गर्दभा वाजिधुरं वहन्ति।

गदहा घोड़े का भार नहीं वहन कर सक्ता है।

न पर्वताग्रे नलिनी प्ररोहति।

पर्वत के शिखर पर कमलिनी नहीं उगती है।

न च मिथ्या मुनिवचः।

मुनियों का वाक्य मिथ्या नहीं होता है।

न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात्।

प्रभाशाली ज्योति पृथिवीतल से नहीं उदय हो सक्ती है।

नैसर्गिकी सुरभिणः कुसुमस्य सिद्धा
मूर्ध्निस्थितिर्न चरणैरवताडनानि।

सुगन्धयुक्त पुष्प स्वभाव से ही शिरपर धारण किया जाता है, पैर से नहीं दबाया जाता है।

नैवात्मनीनमथवा क्रियते मदान्धैः।

मदान्धपुरुष आत्महित भी नहीं कर सक्ता है।

न हि कमलं मधुपाः परित्यजन्ति।

भ्रमर कमल को नहीं छोड़ सक्ता है।

ननु भवति विनीतं द्रव्यमेव क्रियाभिः।

क्रियाद्वारा व्यक्ति ही विनीत होती है।

न कालतः कस्य गुणव्यतिक्रमः।

समय पाकर किसके गुणका व्यतिक्रम नहीं होता है।

नहि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।

कर्म्म न करके एक क्षण भी कोई नहीं रह सक्ता है।

निवृत्तिपोषक आश्रमधर्मः।

सांसारिक विषयों से जो निवृत्ति उसको पोषण करनेवाला अर्थात् बढ़ानेवाला आश्रम धर्म है।

प

पयःपानं भुजङ्गानां केवलं विषवर्द्धनम्।

सांप को दुग्ध पिलाने से केवल विषकी ही वृद्धि होती है।

पश्यति पीतोपहतः शशिशुभ्रं शङ्खमपि पीतम्।

पाण्डुरोगी चंद्रमा के समान सफेद शङ्खको भी पीला देखता है।

पठतो नास्ति मूर्खत्वम्।

पढ़ते हुए को मूर्खता नहीं होती है।

प्रायो गच्छति यत्र भाग्यरहितस्तत्रैव यान्त्यापदः।

भाग्यहीन मनुष्य प्रायः जहां जाता है आपत्ति भी वहां पहुँच जाती है।

प्रतिकूलतामुपगते हि विधौ विफलत्वमेति बहुसाधनता।

भाग्य के प्रतिकूल होने पर सब उत्तम साधन व्यर्थ होजाते हैं।

पण्डिते हि गुणाः सर्वे मूर्खे दोषाश्च केवलाः।

पण्डित में सब गुण रहता है मूर्ख में केवल दोषही रहता है।

पुस्तकेषु च नाधीतं नाधीतं गुरुसन्निधौ।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा॥

जो पुस्तक से तथा गुरु के पास नहीं पढ़ा है वह व्यक्ति सभा के बीच में नहीं शोभता है, जैसे कि हंसों के बीच में बगुला नहीं शोभता है।

प्रायेण हि सुवृत्तानामस्थायिन्यो विपत्तयः।

प्रायः सच्चरित्र पुरुषों की विपत्तियां अस्थायिनी होती हैं।

प्रलयेप्यचला महात्मानः।

महात्मा पुरुष प्रलय होने पर भी चलायमान नहीं होते हैं।

प्रकृतिरियं विमलानां क्लिश्यन्ति यदन्यकार्येषु।

उत्तम पुरुष का यह स्वभावही होता है कि दूसरे के कार्य के लिये क्लेश करते हैं।

प्रतिपन्नममलमनसां न चलति पुंसां युगान्तेपि।

निर्मल चित्तवाले महान् पुरुष का स्वीकृत वचन प्रलय होने पर भी नहीं विचालित होता है।

पेशलमपि खलवचनं दहतितरां मानसं सुतत्त्वविदाम्।
परुषमपि सुजनवाक्यं मलयजरसवत्प्रमोदयति॥

दुष्टों का मनोहर वचन भी तत्त्ववेत्ता के मनको जलाता है और सुजनका परुष वचन भी मलय चन्दन के समान आनंदित करता है।

प्रकृतिः खलु सा महीयसः सहसे नान्यसमुन्नतिं यया।

वह शक्तिमान् पुरुषों की प्रकृति होती है जिससे कि वे दूसरे के अभ्युदय को नहीं सहन करते।

परोपकाराय सतां विभूतयः।

सज्जनों की विभूति परोपकारार्थ होती है।

प्रायेण धनिनामेव धनलोभो निरन्तरम्।

प्रायः धनवान् को ही अत्यंत धनका लोभ होता है।

पुरुषस्तावदेवासौ यावन्मानान्न हीयते।

जबतक मान से च्युत नहीं होता तबही तक वह पुरुष गिनाजाता है।

पूर्वजन्मकृतं कर्म तद्दैवमिति कथ्यते।

पूर्व जन्म में जो कर्म किया गया है उसको दैव कहते हैं।

परोपदेशे कुशला दृश्यन्ते बहवो जनाः।

परोपदेश करने में बहुत से मनुष्य निपुण होते हैं।

पाण्डित्यस्य विभूषणं मधुरता ।

पण्डिताई का भूषण माधुर्य है ।

प्राज्ञः शठैर्हस्यते ।

खल विद्वान् को हँसते हैं ।

पर्जन्य इव भूतानामाधारः पृथिवीपतिः ।

मेघ के समान राजा प्राणियों का आधार है ।

पञ्चभिः सह गन्तव्यम् ।

पांच के साथ जाना चाहिये अर्थात् पंचों की सम्मति से काम करना चाहिये

प्रभुप्रसादे विश्वासो न कुर्यात्स्वप्नसंन्निभे ।

स्वप्न के तुल्य मालिक की प्रसन्नता पर विश्वास नहीं करना चाहिये ।

प्रियवाक्यप्रदानेन सर्वे तुष्यन्ति देवताः ।

प्रिय वाक्य के प्रयोग करने से सब देव प्रसन्न होते हैं ।

प्रसूतान्तं च यौवनम् ।

प्रसव के पर्यन्त ही युवावस्था रहती है ।

प्रत्यक्षे गुरवः स्तुत्याः परोक्षे मित्रबान्धवाः ।

गुरुकी प्रत्यक्षरूप से स्तुति करनी चाहिये और मित्र तथा कुटुम्बियों की परोक्ष में स्तुति करनी चाहिये ।

पटुत्वं सत्यवादित्वं कथायोगेन बुध्यते ।

पटुता और सत्यवादिता ये वार्तालाप से जान पड़ती हैं ।

प्रसीदन्ति जपैर्देवाः ।

देवता जपसे प्रसन्न होते हैं ।

परापकारनिरतैर्दुर्जनैःसह संगतिः ।
वदामि भवतस्तत्त्वं न विधेया कदाचन ॥

दूसरों का अपकार करनेवाले दुर्जनों के साथ संबन्ध नहीं रखना चाहिये, यह तत्त्वोपदेश है ।

प्रायः सन्त्युपदेशार्हा धीमन्तो न जडाशयाः ।

प्रायः उपदेश के योग्य बुद्धिमान् ही होते हैं मूर्ख नहीं ।

प्रागल्भ्यहीनस्य नरस्य विद्या शस्त्रं यथा कापुरुषस्य हस्ते ।
न तृप्तिमुत्पादयते शरीरे वृद्धस्य दारा इव दर्शनीयाः ॥

प्रगल्भता शून्य पुरुष की विद्या और भीरु के हाथ में शस्त्र, ये तृप्तिप्रदान नहीं कर सक्ते हैं केवल वृद्ध के वास्ते युवती स्त्री के समान शरीर में दर्शनीय हैं ।

परिहरत पराङ्गनानुसङ्गं यदि जीवितमस्ति वल्लभं वः ।

यदि जीवन प्रिय हो तो दूसरे की स्त्रीका संबंध छोड़ो ।

पराधीनं वृथा जन्म ।

पराधीन रहनेवाले का जन्म व्यर्थ है ।

परस्त्रीषु वृथा सुखम् ।

अन्य की स्त्री के साथ सुख भोगना व्यर्थ है ।

परगेहे वृथा लक्ष्मीः ।

अपना द्रव्यादि दूसरे के घर हो तो व्यर्थही है ।

पुत्रं विद्यासु योजयेत् ।

पुत्र को विद्या में नियुक्त करना चाहिये ।

प्रायो भृत्यास्त्यजन्ति प्रचलितविभवं स्वामिनं सेवमानाः ।

प्रायः क्षीण धनवाले स्वामी को सेवा करते हुए भृत्य लोग भी छोड़ देते हैं ।

पुराणमित्येव न साधु सर्वम् ।

पुराना होने से सब समीचीन ही है ऐसा नहीं समझना चाहिये ।

पूर्णो गुणविहीनोऽपि जनैः शिरसि धार्यते ।

गुणहीन पुरुष भी यदि धनादिक से पूर्ण हो तो लोग उसको शिरपर धारण करते हैं ।

पित्रोर्नित्यं प्रियं कुर्यात् ।

माता पिता का नित्यही प्रिय करना चाहिये ।

पथ्ये सति गदार्तस्य किमौषधनिषेवणैः ।

यदि रोगी सुपथ्य करे तो औषध का कोई प्रयोजन नहीं है ।

पिपासुता शान्तिमुपैति वारिजा
न जातु दुग्धान्मधुनोऽधिकादपि ।

जलकी पिपासा दूध से अथवा अधिक से अधिक मधु से भी नहीं शान्त होती है ।

प्रारब्धमपरित्याज्यम् ।

प्रारब्ध वस्तुकी जबतक समाप्ति नहीं होती तबतक त्यागने योग्य नहीं है ।

पिशाचानां पिशाचभाषैवोत्तरं देयम् ।

पिशाचों को पिशाच भाषा से ही उत्तर देना चाहिये ।

प्रकृतिर्दुस्त्यजा भवेत् ।

प्रकृति नहीं छुटती है ।

पराभवोऽप्युत्सव एव मानिनाम् ।

मानी पुरुष का पराजय भी उत्सवही है ।

परलोकजुषां स्वकर्मभिर्गतयो भिन्नपथा हि देहिनाम् ।

परलोक में रहनेवाले प्राणियों की अपने अपने कर्म के अनुसार भिन्न भिन्न गतियां होती हैं।

पीत्वा मोहमयीं प्रमादमदिरामुन्मत्तभूतं जगत् ।

मोहमयी प्रमाद मदिरा को पीकर जगत् उन्मत्त हो रहा है।

प्रक्षालनाद्धि पङ्कस्य दूरादस्पर्शनं वरम् ।

कीचड़ के लगने पर उसको धो डालने की अपेक्षा कीचड़ से दूर रहकर उसको स्पर्श नहीं करना ही अच्छा है।

प्रकृतिं यान्ति भूतानि निग्रहः किं करिष्यति ।

प्राणीमात्र अपनी अपनी प्रकृति के अनुसार चेष्टा करते हैं। प्रकृतिका निग्रह क्या कर सक्ता है अर्थात् प्रकृति का निग्रह होना अति कठिन है।

परिवर्त्तिनि संसारे मृतः को वा न जायते ।

परिवर्त्तन युक्त संसार में मरकर कौन उत्पन्न नहीं होता है अर्थात् जो मरता है वह उत्पन्न होता है और उत्पन्न होता है वह मरता है।

प्रभवति शुचिर्बिम्बोद्ग्राहे मणिर्न मृदाञ्चयः ।

शुद्ध मणि प्रतिबिम्ब ग्रहण करने में समर्थ होता है। मिट्टी का ढेला प्रतिबिम्ब ग्रहण नहीं कर सक्ता।

प्रवृत्तिरोधको वर्णधर्मः ।

वर्णधर्म सांसारिक विषयों में जो स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है उसको रोकने वाला है।

पूजात् कोटिगुणं स्तोत्रं स्तोत्रात् कोटिगुणं जपः ।
जपात् कोटिगुणं गानं गानात्परतरं न हि॥

स्तोत्र पूजाकी अपेक्षा कोटिगुण अधिक फलप्रद होता है, स्तोत्रकी अपेक्षा कोटिगुण अधिक फलप्रद जप है, जपकी अपेक्षा कोटिगुण अधिक फलप्रद भगवद्गुणगान और भगवद्गुणगानसे अधिक फलप्रद संसार में कोई साधन नहीं है।

परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम् ।

परोपकार करने से पुण्य होता है और किसी को कष्ट देने से पाप होता है।

पतिरेको गुरुः स्त्रीणाम् ।

स्त्री का गुरु एकमात्र पतिही है।

ब

बालः पयसा दग्धो दध्यपि फूत्कृत्य पिबति ।

दुग्ध से जलाहुआ लड़का दही को भी फूंक कर पीता है।

बलेन किं यश्च रिपून्न बाधते।
बलसे क्या हुआ यदि शत्रुको नहीं बन्धन किया गया।

बुद्धिः कर्मानुसारिणी।
कर्म के अनुसार ही बुद्धि होती है।

ब्रह्मघ्नोपि नरः पूज्यो यस्यास्ति विपुलं धनम्।
ब्रह्मघातकी भी यदि अधिक धनवान् हो तो पूजित होता है।

बुभुक्षितैर्व्याकरणं न भुज्यते।
भूखे हुए व्याकरण को नहीं खा सक्ते हैं।

बालोपि नावमन्तव्यो मनुष्य इति भूमिपः।
राजा बालक भी हो तो मनुष्य है इसकारण से उसका अपमान नहीं करना चाहिये।

ब्राह्मणा गणका वेश्या सारमेयाश्च कुक्कुटाः।
दृष्टेष्वन्येषु कुप्यन्ति न जाने तस्य कारणम्॥
ब्राह्मण, ज्योतिषी और वेश्या और कुत्ते और कुकुट ये दूसरे को आए हुए देखकर न मालुम क्यों क्रोध करते हैं।

बुद्धिप्रारब्धकार्यस्य नास्ति किंचन दुष्करम्।
जो बुद्धिपूर्वक कार्य करता है उसको कुछ दुष्कर नहीं है।

बुधाग्रे न गुणान् ब्रूयात्साधु वेत्ति यतः स्वयम्।
पण्डितों के सामने अपने गुण का प्रकाश नहीं करना चाहिये। वे स्वयं सब जानते हैं।

बहुभाषिणं न श्रद्दधाति लोकः।
बहुत बोलनेवाले का लोग विश्वास नहीं करते हैं।

ब्राह्मणा धर्म्मवक्तारः क्षत्रिया धर्म्मपालकाः।
ब्राह्मण धर्म्म के बतानेवाले हैं और क्षत्रिय धर्म्म के पालन करानेवाले हैं।

भ

भवति विपद्यपि महतामङ्गीकृद्वस्तु निर्वाहः।
महान् पुरुष विपत्ति आने पर भी स्वीकृत वस्तु का पालन करता है।

भक्तिर्भवे न विभवे व्यसनं शास्त्रे न कामास्त्रे।
चिन्ता यशसि न वपुषि प्रायः परिदृश्यते महताम्॥
प्रायः महान् पुरुष की भक्ति शंकर में होती है धन में नहीं और व्यसन शास्त्र में होता है काम के अस्त्र में नहीं और चिन्ता कीर्ति की होती है शरीर की नहीं।

भक्त्या हि तुष्यन्ति महानुभावाः।
महान् पुरुष भक्ति से प्रसन्न होते हैं।

भिन्ने चित्ते कुतः प्रीतिः।

चित्त में भेद होने पर प्रीति कैसे रह सकती है।

भार्यासमं नास्ति शरीरतोषणम्।

स्त्री के समान कोई शरीरतुष्टिकारक नहीं है।

भ्रान्तिभाजि भवति क विवेकः।

भ्रान्तिमान् पुरुष को विवेक कहां से हो सक्ता है।

भवति महत्सु न निष्फलं प्रयासः।

महान् पुरुषों का प्रयास करना निष्फल नहीं होता है।

भवति च सदोपहास्यो यः खलु शरणागतं त्यजति।

जो शरणागत का परित्याग करता है वह सदा हास्य का पात्र होता है।

भाग्यवन्तं प्रसूयेथा मा शूरं मा च पण्डितम्।
शूराश्च कृतविद्याश्च वने सीदन्ति पाण्डवाः॥

भाग्यवान् ही का प्रसव करो, शूर और पण्डित का नहीं; क्योंकि विद्वान् और शूर होते हुए भी पाण्डुपुत्र वन में क्लेश पाए थे।

भक्त्या तुष्यन्ति देवताः।

देवता भक्ति से प्रसन्न होते हैं।

भूयसीरपि कलाः कलङ्किताः
प्राप्य कश्चिदपचीयते शनैः।
एकयापि कलया विशुद्धया
योपि कोपि भजते गिरीशताम्॥

कलङ्कित बहुतसी कला पाकर भी कोई पुरुष धीरे २ क्षीण हो जाता है। एक ही निर्मल कला पाकर जो कोई भी गिरीशत्व को प्राप्त होता है।

भवाब्धितारकः शिवः।

शिव संसारसमुद्र से तारनेवाले हैं।

भवे भक्तिः सदा कार्या।

शिव की भक्ति सदा करनी चाहिये।

भोगे रोगभयं नूनं कुले पतनजं भयम्।
भयं निन्दकजं शक्तौ गुणे खलभयं खलु॥

भोग करने में रोग हो जाने का भय है, कुलीन होने में पतित हो जाने का भय है, शक्तिमान् होने में निन्दकों का भय है और गुणवान् होने में दुष्टों का भय है।

म

मनसि च परितुष्टे कोऽर्थवान् को दरिद्रः।

मनका संतोष होजाने पर न कोई धनवान् है और न कोई दरिद्र है।

मूर्खमन्यायकर्तारं नाधिपत्ये नियोजयेत्।

मूर्ख और अन्यायकारी पुरुष को स्वामित्व के पद पर नहीं रखना चाहिये।

मूर्खो हि जल्पतां पुंसां श्रुत्वा वाचः शुभाशुभाः।
अशुभं वाक्यमादत्ते पुरीषमिव शूकरः॥

मूर्ख मनुष्य वार्तालाप करनेवाले पुरुष का वचन सुनकर उत्तम बात को छोड़कर अशुभ बात को ग्रहण कर लेता है। जैसे कि सुअर उत्तम पदार्थों को छोड़कर केवल पुरीष को ही ग्रहण करता है।

महतां प्रार्थनेनैव विपत्तिरपि शोभते।

महान् से प्रार्थना करने से यदि विपत्ति भी हो तो अच्छी है।

मान्या एव हि मान्यानां मानं कुर्वन्ति नेतरे।

माननीय पुरुष ही माननीय पुरुषों का सत्कार करते हैं इतर नहीं।

मूकः परापवादे परदारनिरीक्षणेऽप्यन्धः।
पंगुः परधनहरणे स जयति लोकत्रयं पुरुषः॥

जो दूसरे के अपवाद में मूक और अन्य की स्त्री के देखने में अन्धा और अन्य के धन हरण करने में लँगड़ा होता है वह तीनों लोक में जयी है।

महाजनाचारपरम्परेदृशी स्वनामनामाददते न साधवः।

महाजनों की ऐसी परम्परा है कि सज्जन पुरुष अपना नामोच्चारण नहीं करते हैं।

महाजनो येन गतः स पन्थाः।

जिस मार्ग से महान् पुरुष लोग गये हैं वही अच्छा मार्ग है।

मणिना भूषितः सर्पः किमसौ न भयङ्करः।

मणि से शोभित सांप से क्या डर नहीं होता है।

मूर्खस्य नास्त्यौषधम्।

मूर्ख के लिये कोई औषध नहीं है।

मित्राणां च परीक्षा स्यादापत्काले ह्युपस्थिते।

आपत्तियों के आने पर मित्रों की परीक्षा होती है।

मौनिनः कलहो नास्ति न भयं चास्ति जाग्रतः।

मौन रहनेवाले के साथ झगड़ा नहीं होता है और जागते हुए पुरुष को भय नहीं होता है।

मा हिंस्यात्सर्वभूतानि ।

किसी प्राणी की हिंसा नहीं करना चाहिये ।

महावैश्वानरः खलः ।

खल अग्नि के समान है ।

मानिनो हतमानस्य मानोऽपि न सुखप्रदः ।

जिसका मान च्युत होगया ऐसे मानी पुरुष के लिये मान भी सुखकर नहीं होता है ।

मन्दोऽप्यमन्दतामेति संसर्गेण विपश्चितः ।

विद्वान् के संसर्ग से मन्द (मूर्ख) भी विद्वान् होजाता है ।

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टस्त्रीभरणेन च ।
द्विषतां संप्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति ॥

मूर्ख शिष्य को उपदेश देने से और दुष्ट स्त्री के पालन करने से और शत्रु के प्रयोग से पण्डित भी क्लेश पाता है ।

मक्षिका मशको वेश्या मूषको याचकस्तथा ।
ग्रामणीर्गणकश्चैव सप्तैते परभक्षकाः ॥

मक्खी, मच्छर, वेश्या और मूषक, याचक, ग्रामणी, ज्योतिषी ये सात दूसरे को खानेवाले हैं ।

मूर्खाणां पण्डिता द्वेष्याः ।

मूर्ख लोग पण्डितों से द्वेष करते हैं ।

मद्यपाः किं न जल्पन्ति ।

मदिरापान करनेवाला क्या नहीं बक सकता है ।

मेधावी वृद्धसेवया ।

वृद्ध की सेवा करने से मेधावी होता है ।

मक्षिका व्रणमिच्छन्ति धनमिच्छन्ति पार्थिवाः ।

मक्खी व्रण को ही चाहती है और राजा धन चाहते हैं ।

मातासमं नास्ति शरीरपोषणम् ।

माता के समान कोई शरीरपोषक नहीं है ।

महान् महत्येव करोति विक्रमम् ।

महान् पुरुष महत् कार्य में ही पराक्रम लगाता है ।

महतां यदि निन्दने मतिर्गुणसंख्यैव तदा विधीयताम् ।

यदि महान् की निन्दा करने में बुद्धि हो तो गुणों की संख्या (गिनती) ही करनी चाहिये ।

मम तया चात्मप्रकाशो हतः।
ममत्व करने से अपने (आत्मा के) प्रकाशकी हानि होती है।

मानुष्ये सति दुर्लभा पुरुषता।
मनुष्यत्व होने पर भी पुरुषत्व होना दुर्लभ है।

मूलं दोषस्य हिंसादेरर्थकामौ स्म मा पुषः।
हिंसा आदि दोषों के मूलरूप अर्थ और काम की पुष्टि मत करो।

मनसा चिन्तितं कर्म वचसा न प्रकाशयेत्।
मन में विचारित कार्य को वचन से नहीं प्रकाश करना चाहिये।

मूर्खस्य दिशः शून्याः।
मूर्ख के लिये तमाम दिशाएँ शून्य हैं।

मित्रेण किं व्यसनकालपराङ्मुखेन।
जो दुःख के समय में पराङ्मुख हो उस मित्र से क्या लाभ है।

मणिना वलयं वलयेन मणिः।
मणि से कंकण और कंकण से मणि शोभती है।

मित्रं स्वच्छतया रिपुं नयबलैर्लुब्धं धनैरीश्वरम्,
कार्येण द्विजमादरेण युवतिं प्रेम्णा शमैर्बान्धवान्।
अत्युग्रं स्तुतिभिर्गुरुं प्रणतिभिर्मूर्खं कथाभिर्बुधम्,
विद्याभी रसिकं रसेन सकलं शीलेन कुर्याद्वशम्॥

मित्र को स्वच्छ भाव से वशीभूत करना चाहिये और नीतिबल से शत्रु को और लोभी को धन से, स्वामी को कार्य से और ब्राह्मण को आदर से और युवती को प्रेम से और बन्धु जन को शान्ति से, अत्युग्रस्वभाव पुरुष को स्तुति से, गुरुदेव को प्रणाम से, मूर्ख को कथाओं से, विद्या से विद्वान् को, रससे रसिक पुरुष को और सबको शील से वशीभूत करना चाहिये।

मुग्धेषु कः सत्यमृषाविवेकः।
भोले भाले मनुष्य को सत्य और मिथ्या का विचार नहीं होता है।

मितं च सारं च वचो हि वाग्मिता।
मित और सार वचन जिसका हो वही वाग्मी है।

मनोरथानामतटाः प्रवाहाः।
मनोरथों का प्रवाह विना तट का होता है अर्थात् मनोरथ की सीमा नहीं है!

मित्रं न कश्चिद्विषमस्थितस्य।
आपत्ति में ग्रसित पुरुष का कोई मित्र नहीं है।

मम तु मनो न मनागपैति धर्म्मात्।

मेरा तो मन धर्म से थोड़ा भी नहीं डिगता है।

मद्भाग्योपचयादयं समुदितः सर्वो गुणानां गणः।

मेरे भाग्योदय से यह सब गुणों का गण अर्थात् समुदाय उदय हुआ है।

मनस्वी कार्य्यार्थी गणयति न दुःखं न च सुखम्।

कार्य्य करने की इच्छा करनेवाला मनस्वी पुरुष सुख या दुःख की परवाह नहीं करता है।

मुक्तिमिच्छसि चेत्तात विषयान्विषवत्त्यज।
क्षमार्जवदयातोषसत्यं पीयूषवद्भज॥

हे तात! यदि मुक्ति को चाहता है तो विषयों को विष के समान त्याग दे और क्षमा, सरलता, दया, संतोष और सत्य को अमृत के समान आचरण कर।

मन्नाथः श्रीजगन्नाथो मद्गुरुः श्रीजगद्गुरुः।

मेरा नाथ श्रीजगन्नाथ है और मेरा गुरु श्रीजगद्गुरु है।

य

यः स्तोकेनापि संतोषं कुरुते मन्दधीर्जनः।
तस्य चोत्साहहीनस्य दत्ता श्रीरपि मार्ज्यते॥

जो मन्द बुद्धिवाले मनुष्य अल्प वस्तु से संतोष कर लेते हैं उन निरुत्साहियों की दी हुई लक्ष्मी भी नष्ट हो जाती है।

यादृशी भावना यस्य सिद्धिर्भवति तादृशी।

देव, तीर्थ, ब्राह्मण, मन्त्र, ज्योतिषी, वैद्य और गुरु, इनमें जिसकी जैसी भावना होती है वैसीही सिद्धि होती है।

यतोऽभ्युदयनिःश्रेयसः सिद्धिः स धर्मः।

जिससे इहलौकिक अभ्युदय और पारलौकिक अभ्युदय और मुक्ति होती है उसीको धर्म कहते हैं।

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा शास्त्रं तस्य करोति किम्।
लोचनाभ्यां विहीनस्य दर्पणः किं करिष्यति॥

जिसकी बुद्धि स्वयं नष्ट है उसके लिये शास्त्र क्या कर सक्ता है। जैसे जिसके आंख नहीं है उसको दर्पण क्या कर सक्ता है।

यस्येश्वरेण यद्लेखि ललाटपट्टे
तत्स्याद्योग्यमपि योग्यमपास्य तस्य।

ईश्वर ने जिसके ललाट में जैसा लिखा है वह अयोग्य भी उसके लिये योग्य होजाता है।

यो यस्य मित्रं नहि तस्य दूरम्।

जो जिसका मित्र है वह उससे दूर नहीं है ।

यदि सन्ति गुणाः पुंसां विकसन्त्येव ते स्वयम् ।
गुणैः सर्वज्ञकल्पोऽपि सीदत्येको निराश्रयः ॥

यदि पुरुष में गुण हो तो स्वयं प्रकाशित होता है । गुण से शङ्कर के समान होने पर भी यदि निराधार हो तो क्लेश पाता है ।

यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत् ।
तथा पुरुषकारेण विना दैवं न सिद्ध्यति ॥

जैसे एक चक्र से रथ नहीं चलता है वैसे विना दैव के केवल पुरुषार्थ से सिद्धि नहीं होती है ।

योजनानां सहस्रं तु शनैर्गच्छेत्पिपीलिका ।
अगच्छन् वैनतेयोऽपि पदमेकं न गच्छति ॥

पिपीलिका धीरे २ हजार कोस जासक्ती है और गरुड़ भी यदि न चले तो एक पैर भी नहीं जासक्ते ।

यः स्वभावो हि यस्यास्ते स नित्यं दुरतिक्रमः ।

जिसका जो स्वभाव होता है वह अनुल्लङ्घनीय होता है ।

यथा हि मलिनैर्वस्त्रैर्यत्र तत्रोपविश्यते ।
एवं चलितवृत्तस्तु वृत्तशेषं न रक्षति ॥

जैसे मैले वस्त्रवाले जहां तहां बैठ जाते हैं ऐसे ही आचरणहीन पुरुष अपने किसी वृत्त को रक्षित नहीं कर सक्ता ।

या यस्य प्रकृतिः स्वभावजनिता केनापि न त्यज्यते ।

जिसकी जो स्वभावोत्पन्न प्रकृति पड़ जाती है वह नहीं छूटती ।

यस्यार्थास्तस्य मित्राणि ।

जिसके धन है उसके ही मित्र हैं ।

यस्यार्थास्तस्य बान्धवाः ।

जिसके धन है उसके कुटुम्ब है ।

यस्यार्थाः स पुमाँल्लोके ।

जिसके धन है वही संसार में पुरुष कहाता है

यस्यार्थाः स च पण्डितः ।

जिसके धन है वह ही पण्डित है ।

याचनान्तं हि गौरवम् ।

याचक का याचना पर्यन्त ही गौरव रहता है ।

यत एवागतो दोषस्तत एव निवर्तते ।

दोष जहां से आता है वहीं से ही निवृत्त होता है।

युद्धे शूरपरीक्षा स्यात्।

वीर की परीक्षा युद्ध में होती है।

या सुन्दरी सा पतिना विहीना
यस्याः पतिः सा वनिता कुरूपा।
यत्र द्वयं तत्र सुतस्य हानि-
र्यत्र त्रयं तत्र दरिद्रता च॥

जो सुन्दरी होती है वह पतिहीना होती है और जिसके पति होता है वह कुरूपा होती है। जहां पति भी है और सौन्दर्य्य भी है वहां लड़का नहीं होता और जहां ये तीनों बातें हैं वहां दरिद्रता होती है।

याच्ञामोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा।

गुणवान् पुरुष से यदि याचना निष्फल भी हो तो उत्तम ही है और नीच पुरुष के द्वारा इच्छा पूर्ण भी होजाय तो वह ठीक नहीं है।

यवाः प्रकीर्णा न भवन्ति शालयो
न वेश्याजाताः शुचयस्तथाङ्गनाः॥

यव बोने से शालिधान्य नहीं जमता है, वैसेही वेश्याकुल में उत्पन्न स्त्रियां पवित्र नहीं होती हैं।

यस्यागमः केवलजीविकायै
तं ज्ञानपण्यं वणिजं वदन्ति।

जिसका शास्त्र केवल जीविका के लिये होता है वह ज्ञानविक्रेता वणिक् कहा जाता है।

यत्नेन सेवितव्यः कुलशीलवान् दरिद्रोपि।

कुलीन और सुशील दरिद्र हो तब भी उसकी सेवा करना चाहिये

यत्ने कृते यदि न सिद्ध्यति कोऽत्र दोषः।

यत्न करने पर भी यदि कार्य्यसिद्धि न हो तो इसमें क्या दोष है

योगः कर्म सुकौशलम्।

सुकौशलपूर्ण कर्म योग अर्थात् कर्मयोग कहा जाता है।

यो बुद्धेः परतस्तु सः।

जो बुद्धि से भी परे है वही आत्मा है।

यतो धर्मस्ततो जयः।

जहां धर्म है वहीं जय होता है।

यतो धर्मस्ततः कृष्णः।

जहां धर्म है वहीं कृष्ण अर्थात् भगवान् विद्यमान हैं ।

या बिभर्ति जगत्सर्व्वमीश्वरेच्छा ह्यलौकिकी ।
सैव धर्म्मो हि सुभगे नेह कश्चन संशयः ॥

जो अलौकिक ईश्वरेच्छा इस सब जगत् को धारण और पोषण करती है वही धर्म है, हे सुभगे ! इसमें कोई संशय नहीं है ।

या निशा सर्व्वभूतानां तस्यां जागर्त्ति संयमी ।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः ॥

सब प्राणियों के लिये जो रात्रि है अर्थात् सब प्राणी जिन वस्तुओं को नहीं देख सके हैं उन वस्तुओं को देखने के लिये संयमी जागता है अर्थात् देखता रहता है । सब प्राणी जिन वस्तुओं को देखते हैं उन वस्तुओं को देखने के लिये देखनेवाला मुनि भी नहीं देखता है । तात्पर्य्य यह कि संयमी के लिये जो रात्रि है प्राणियों के लिये वह दिन है और प्राणियों के लिये जो रात्रि है वह संयमी के लिये दिन है ।

योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः ।

चित्तवृत्तियों के रोकने को योग कहते हैं ।

यं पृथग्धर्म्मचरणाः पृथग्धर्म्मफलैषिणः ।
पृथग्धर्म्मैः समर्चन्ति तस्मै धर्मात्मने नमः ॥

पृथक् पृथक् धर्म का आचरण करनेवाले पृथक् पृथक् धर्मफलकी इच्छा करनेवाले पृथक् पृथक् धर्मों के द्वारा जिसकी अर्चना करते हैं उस धर्मात्मा भगवान् को प्रणाम है ।

यागपरः पुरुषधर्म्मः तपःप्रधानो नार्य्याः ।

पुरुषधर्म यज्ञप्रधान है और नारीधर्म तपःप्रधान है ।

यत्र नार्य्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ।

जहां स्त्री जाति की पूजा होती है वहां देवता रमण करते हैं अर्थात् जिस घर में स्त्रियों की खातिर होती (उनके गुणों की पूजा होती) है उस घर में देवताओं का निवास रहता है ।

यथा हि गृहिणीधर्म्मे प्रवृत्तेः पूर्णता स्थिता ।
तथा निवृत्तिधर्म्मस्य नारीणां विधवाव्रते ॥

जिस प्रकार गृहिणी के धर्म्म में प्रवृत्ति की पूर्णता स्थित है वैसे ही निवृत्ति धर्म्म की पूर्णता विधवा के व्रत में स्थित है ।

र

रतिपुत्रफला नारी ।

स्त्री होने का फल रति (रमण) और पुत्र है ।

रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय ।

सब पदार्थ यदि रिक्त हों तो लघु होते हैं, यदि पूर्ण हों तो गौरव के लिये होते हैं

रसनासु च सुकवीनां निवसति सारस्वतं चक्षुः ।

कवियों की जिह्वा में सारस्वत नेत्र (सरस्वतीस्वरूप नेत्र) रहता है ।

राजानमनुवर्त्तन्ते यथा राजा तथा प्रजा ।

प्रजा राजा का अनुवर्त्तन करती है इसी कारण जैसा राजा होता है प्रजा भी वैसी ही होती है ।

राजा कालस्य कारणम् ।

सत्य त्रेतादि युगों के काल का कारण राजा है ।

ल

लक्ष्मीवन्तो न जानन्ति प्रायेण परवेदनाम् ।

लक्ष्मीवान् पुरुष प्रायः दूसरे की पीड़ा को नहीं जानता है ।

लोभात्क्रोधः प्रभवति क्रोधाद्द्रोहः प्रवर्तते ।
द्रोहेण नरकं याति शास्त्रज्ञोऽपि विचक्षणः ॥

लोभ से क्रोध होता है और क्रोध से द्रोह होता है और द्रोह करने से यदि शास्त्रवेत्ता भी हो तो नरक में पड़ता है ।

लोभः पापस्य कारणम् ।

लोभ पाप का कारण है ।

लोभेन बुद्धिश्चलति लोभो जनयते तृषाम् ।
तृषार्तो दुःखमाप्नोति परत्रेह च मानवः ॥

लोभ से बुद्धि चंचल होती है और लोभ से तृष्णा बढ़ती है, तृष्णा-पीडित इह लोक और परलोक में दुःख पाता है ।

लुब्धेन संचितं द्रव्यं समूलं च विनश्यति ।

लोभी के द्वारा संचित द्रव्य मूलसहित नष्ट हो जाता है ।

लज्जातीर्थे कुलयुवतयः पातकं क्षालयन्ति ।

कुलाङ्गनाएँ लज्जारूपी तीर्थ में अपने पाप को धोती हैं ।

लज्जा भूषणं कुलस्त्रीणाम् ।

कुलाङ्गनाओं का लज्जा ही भूषण है ।

लिखितमपि ललाटे प्रोज्झितुं कः समर्थः ।

भाग्य में लिखित लेखको मिटाने में कौन समर्थ है ?

व

वर्णाश्रमधर्मोपेता आर्य्यजातिः।

वर्ण धर्म और आश्रम धर्म से युक्त जो जाति है वही आर्य्य जाति है।

विद्या हृद्यापि सावद्या विना विनयसंपदम्।

विनय के विना हृदयग्राही विद्या भी दोष से युक्त है।

बृहत्सहायः कार्यान्तं क्षोदियानपि गच्छति।

महान् सहायक को पाकर क्षुद्र मनुष्य भी बड़ा कार्य कर सक्ता है।

विद्या रूपं कुरूपाणाम्।

कुरूप पुरुषों को विद्या ही भूषण है।

वृद्धस्य तरुणी भार्या प्राणेभ्योपि गरीयसी।

बूढ़े को युवती स्त्री प्राण से भी अधिक प्यारी है।

विकृतिं नैव गच्छन्ति सङ्गदोषेण साधवः।

साधु पुरुष संसर्गदोष से विकृत नहीं होते हैं।

वेपथुर्मलिनं वक्त्रं दीना वाग् गद्गदस्वरः।
मरणे यानि चिह्नानि तानि चिह्नानि याचके॥

मरण के समय जो चिह्न होते हैं वे सब याचक में रहते हैं जैसे कम्प, मुख-मालिन्य और वचन में दीनता और स्खलित वाक् इत्यादि।

विधिलिखिताक्षरमालं फलति कपालं न च भूपालः।

विधि के द्वारा लिखित अपना कपाल ही फलता है राजा नहीं।

विहाय पौरुषं यो हि दैवमेवावलम्बते।
प्रासादसिंहवत्तस्य मूर्ध्नि तिष्ठन्ति वायसाः॥

जो पुरुषार्थ को छोड़ कर केवल भाग्य का ही अवलम्बन करता है, राजभवन में बने हुए सिंह के समान उसके मस्तक पर कौवे बैठते हैं।

विद्या विनयोपेता हरति न चेतांसि कस्य मनुजस्य।

विनय से युक्त विद्या किस मनुष्य के मन को नहीं हरण करती है।

वस्त्रपूतं पिबेद्वारि मनः पूतं समाचरेत्।

वस्त्र से छानकर जल पीना चाहिये और मनःपूत अर्थात् सुविचारित आचरण करना चाहिये।

वेश्यानामिव विद्यानां मुखं कैः कैर्न चुम्बितम्।

वेश्या के समान विद्या के मुखको किसने किसने चुम्बन नहीं किया है।

व्याख्यातुमेव केचित्कुशलाः शास्त्रं प्रयोक्तुमलमन्ये।

कोई पुरुष शास्त्र का केवल व्याख्यान ही करसक्ता है और कोई शास्त्र का प्रयोग करने में चतुर होता है।

वरं पर्वतदुर्गेषु भ्रान्तं वनचरैः सह।
न मूर्खजनसंपर्कः सुरेन्द्रभवनेष्वपि॥

जङ्गलवासियों के साथ पर्वत तथा दुर्गभूमि में घूमना अच्छा है परन्तु इन्द्र के गृह में यदि मूर्खों का संपर्क हो तो अच्छा नहीं है।

विद्याहीनो नरः प्राज्ञः सभायां नैव शोभते।

विद्या से हीन पुरुष चतुर हो तो भी सभा में नहीं शोभता है।

विद्यया शस्यते लोके पूज्यते चोत्तमैः सदा।

विद्या से मनुष्य प्रशस्त गिना जाता है और उत्तम मनुष्यों से पूजित होता है।

विना परीक्षां नो तत्त्वं प्रसिद्धं ज्ञायते सतः।

विना परीक्षा किये सज्जन पुरुष का प्रसिद्ध तत्त्व नहीं जान पड़ता है।

विप्रियमप्याकर्ण्य ब्रूते प्रियमेव सर्वदा सुजनः।

सुजन पुरुष अप्रिय सुनकर भी प्रिय वचन को ही बोलते हैं।

विषमगता अपि न बुधाः परिभवमिश्रां श्रियं वाञ्छन्ति।

कठिनावस्था को पाने पर भी विद्वान् पुरुष अनादरयुक्त लक्ष्मी को नहीं चाहते।

वैराग्यमेवाऽभयम्।

एकमात्र वैराग्य में ही कोई भय नहीं है।

विचित्ररूपाः खलु चित्तवृत्तयः।

चित्त की वृत्तियां अनेक प्रकार की होती हैं।

वृद्धा न ते ये न वदन्ति धर्मम्।

जो धर्मोपदेश नहीं देते हैं वे वृद्ध नहीं हैं।

वाणी व्याकरणेन शोभते।

वचन व्याकरण पढ़ने से शोभता है।

विद्या ददाति विनयं विनयाद्याति पात्रताम्।

विद्या विनय को देती है और विनय आने से मनुष्य पात्र बन जाता है।

वृत्तं यत्नेन संरक्षेद्वित्तमायाति याति च।

अपना वृत्त (आचरण) अच्छी तरह रक्षित करना चाहिये, धन तो आता जाता रहता है।

विद्या विप्रस्य भूषणम्।

ब्राह्मण का विद्या ही भूषण है।

विविक्तवर्णाभरणा सुखश्रुतिः।
प्रसादयन्ती हृदयान्यपि द्विषाम्॥

मनोहराक्षरा सुखकरी वाणी शत्रुओं के हृदय को भी प्रसन्न करती है।

विरोधिवचसो मूकान् वागीशानपि कुर्वते ।
जडानप्यनुलोमार्थान् प्रवाचः कृतिना गिरः ॥

विरुद्ध बोलनेवाले यदि बृहस्पति भी हों तो मूक कर दिये जाते हैं और अनुकूल वक्ता जड़ भी हो तो वक्ता समझा जाता है।

वंशभवो गुणवानपि सङ्गविशेषेण पूज्यते पुरुषः ।

कुलीन और गुणवान् भी मनुष्य उत्तम के सङ्ग से शोभता है।

वरमेको गुणीपुत्रो न च मूर्खशतान्यपि ।

गुणवान् एक ही पुत्र अच्छा है और सैकड़ों मूर्ख पुत्र अच्छे नहीं होते।

विद्याविहीना बहवोपि पुत्राः
कल्पायुषः सन्तु पितुः किमेतैः ।

विद्याहीन बहुत से चिरायु पुत्रों के होने पर भी पिता को कुछ प्रयोजन नहीं होता।

विपत्तौ किं विषादेन संपत्तौ हर्षणेन किम् ।
भवितव्यं भवत्येव कर्मणां गतिरीदृशी ॥

विपत्ति में विषाद नहीं करना चाहिये और संपत्ति आनेपर हर्ष नहीं करना चाहिये, जो होनहार है वह होता ही है, कर्मों की ऐसी गति है।

वाणी दरिद्रस्य शुभा हितापि ह्यर्थेन शब्देन च संप्रयुक्ता।
न शोभते वित्तवतः समीपे भेरीनिनादोपहतेव वीणा ॥

दरिद्र का वचन अर्थ और शब्द से युक्त होने पर भी धनी के पास नहीं शोभता, जैसे कि भेरी के नाद के सामने वीणा नहीं शोभती।

विद्या विवादाय धनं मदाय शक्तिः परेषां परिपीडनाय ।
खलस्य साधोर्विपरीतमेतद्दानाय भोगाय च रक्षणाय ॥

खल की विद्या केवल विवाद के लिये होती है और धन गर्व के लिये और शक्ति दूसरे को पीड़ित करने के लिये होती है, ये सब साधु की दान और भोग और रक्षण के लिये हैं।

वाणी रसवती यस्य भार्या पुत्रवती सती ।
लक्ष्मीर्दानवती यस्य सफलं तस्य जीवितम् ॥

जिसकी वाणी रसयुक्त है और स्त्री पुत्रवती तथा सती है और लक्ष्मी दानयुक्त है उसका जीवन सफल है।

विपदोभिभवन्त्यविक्रमम् ।

पराक्रमहीन को विपत्तियां घेर लेती हैं।

व्यसनानन्तरं सौख्यं स्वल्पमप्यधिकं भवेत् ।

दुःख के पश्चात् अल्प भी सुख अधिक जान पड़ता है।

वितरति यावद्दाता तावत्सकलोपि भवति कलभाषी।

जबतक दाता दान देता है तबही तक सब कोई मधुर बोलते हैं।

वनेषु दोषाः प्रभवन्ति रागिणाम्।

रागी को वनमें भी दोष हो सक्ते हैं।

विना गोरसं को रसं भोजनानाम्।

विना घृत आदि के भोजन में क्या स्वाद है।

वित्तेन किं वितरणं यदि नास्ति दीने।

यदि दरिद्र को दान न किया जाय तो उस धन से क्या प्रयोजन है।

विद्वान् विभाति पुरुषेषु विचक्षणेषु।

चतुर पुरुषों में विद्वान् शोभता है।

वरं वेश्या पत्नी न पुनरविनीता कुलवधूः।

वेश्या स्त्री होना उत्तम है परन्तु दुःशीला कुलाङ्गना उत्तम नहीं है।

विद्या या पुस्तके वृथा।

जो विद्या केवल पुस्तक में ही है वह व्यर्थ है।

वेश्यानां मोहमस्त्रकम्।

वेश्याओं का मोहित करना ही अस्त्र है।

व्यसने योजयेच्छत्रुम्।

शत्रु के ऊपर व्यसन डालना चाहिये।

विद्या मित्रं प्रवासेषु भार्या मित्रं गृहेषु च।

परदेश में विद्या मित्र है और घर में स्त्री मित्र है।

विद्यते हि नृशंसेभ्यो भयं गुणवतामपि।

क्रूर मनुष्यों से गुणवान् को भी भय होता है।

विषं सभा दरिद्रस्य।

दरिद्र के लिये सभा विष है।

विद्याभी रसिकं रसेन सकलं शीलेन कुर्याद्वशम्।

रसिक पुरुष को विद्या और रस से वशीभूत करना चाहिये और समस्त पुरुषों को शील से वशीभूत करना चाहिये।

वृक्षं क्षीणफलं त्यजन्ति विहगाः।

फलहीन वृक्ष को पक्षिगण छोड़ देते हैं।

व्यसनं प्राप्य यो मोहात्केवलं परिदेवयेत्।
क्रन्दनं वर्धयत्येव तस्यान्तं नाधिगच्छति॥

जो दुःख पाकर अज्ञान से केवल दुःखी होते हैं वे रोदन को ही बढ़ाते हैं और दुःख के अन्त को नहीं पाते।

वयो गते किं वनिताविलासः ।

अवस्था के बीतजाने पर स्त्रीविलास व्यर्थ है।

विद्वान्न भाति पुरुषेषु निरक्षरेषु ।

मूर्खमण्डल में विद्वान् नहीं शोभता है।

विकसति न वसन्ते मालती कोत्र हेतुः ।

वसन्तऋतु में मालती नहीं खिलती इसमें क्या कारण है।

विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीराः ।

विकार के कारण उपस्थित होने पर भी जिनका चित्त विकार को प्राप्त नहीं होता वेही धीर हैं।

विकसति पतङ्गस्योदये पुण्डरीकम् ।

सूर्य के उदय होने पर कमल खिलता है।

वेश्याः श्मशानसुमना इव वर्जनीयाः ।

श्मशान के फूल के समान वेश्या का त्याग करना चाहिये।

वामे विधौ न फलन्त्यभिवाञ्छितानि ।

भाग्य के प्रतिकूल होने पर मनोरथ सिद्ध नहीं होते हैं।

विरहीव विभो प्रियामयं परिपश्यामि भवन्मयं जगत् ।

हे प्रभो ! विरही जैसे जगत् को प्रियमय देखता है ठीक उसी प्रकार मैं जगत् को भवन्मय (शिवमय) देखता हूँ।

विद्यास्समस्तास्तव देवि भेदाः
स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु ।

हे देवि ! जगत् में कलाओं के सहित सब विद्याएँ और समस्त स्त्रियां ये सब आपके ही भेद हैं।

वैकुण्ठस्य हि यद्रूपं तस्मै कार्य्यात्मने नमः ।

जो कुण्ठित नहीं होनेवाला रूप है उस कार्य्यात्मा भगवान् को नमस्कार है।

श

शतेषु जायते शूरः सहस्रेषु च पण्डितः ।
वक्ता दशसहस्रेषु दाता भवति वा न वा ॥

सैकड़ों में एक शूर होता है, सहस्रों में एक पण्डित होता है, दस सहस्रों में एक वक्ता होता है और दाता पैदा होता है कि नहीं यह कह नहीं सके।

शास्त्रे नृपे च युवतौ च कुतो वशित्वम् ।

शास्त्र, युवती (स्त्री) और राजा ये किसी के अधीन नहीं हैं।

शुचि भूषयति श्रुतं वपुः।

शुद्ध शास्त्र शरीर को भूषित करता है।

श्रुतेन किं यो न च धर्ममाचरेत्।

सुनने से क्या हुआ यदि सुनकर धर्म का आचरण न करे?

शास्त्रं सुचिन्तितमपि परिचिन्तनीयम्।

शास्त्र अच्छी तरह विचारित हो तब भी विचार करना चाहिये।

शीलं सर्वस्य भूषणम्।

शील सबका भूषण है।

शीलं परं भूषणम्।

शील ही उत्तम भूषण है।

श्रीपरिचयाज्जडा अपि भवन्त्यभिज्ञा विदग्धचरितानाम्।

लक्ष्मी के सम्बन्ध से मूर्ख भी चतुर पुरुषों का व्यवहार जान जाता है।

शत्रुर्दहति संयोगे वियोगे मित्रमप्यहो।

शत्रु संयोग होने पर जलाता है और मित्र वियोग होने पर जलाता है।

श्रुतं कृतधियां सङ्गात्।

विद्वान् के संसर्ग से शास्त्र आता है।

शस्त्रं निहन्ति पुरुषस्य शरीरमेकं
प्रज्ञा कुलं च विभवं च यशश्च हन्ति।

शस्त्र केवल पुरुष के शरीर का नाश करता है और बुद्धि कुल, विभव तथा कीर्ति का नाश करती है।

श्रवणसुखसीमा हरिकथा।

श्रवण-सुख की सीमा हरिकथा है।

शाठ्येन धर्मं कपटेन मित्रं परोपतापेन समृद्धिभावम्।
सुखेन विद्यां परुषेण नारीं वाञ्छन्ति ये व्यक्तमपण्डितास्ते॥

शठता से धर्म और कपट से मित्र, दूसरे को कष्ट देकर संपत्ति और सुख से विद्या और क्रूरता से स्त्री जो चाहते हैं वे अवश्य मूर्ख हैं।

शान्तिश्चेद्वचनेन किं किमरिभिः क्रोधोस्ति चेद्देहिनाम्।

यदि शान्ति है तो बोलने से क्या मतलब है और यदि क्रोध है तो शत्रुओं से क्या प्रयोजन है। तात्पर्य्य यह है कि यदि शान्ति है तो बकवाद करना निष्फल है और यदि क्रोध है तो शत्रुओं का होना निष्फल है। क्रोध ही महान् शत्रु है।

शीलेन प्रमदा भाति।

स्त्री उत्तम शील होने से शोभती है।

शश्वदुपभोगे गिरिरपि नश्यति।

सदा उपभोग करने से पहाड़ भी समाप्त हो जाता है।

शशशृङ्गमसंभवम्।

शशक के शृंग (सींग) नहीं होते हैं।

शस्त्रेण रक्ष्यं यदशक्यरक्ष्यं न तद्यशः शस्त्रभृतां क्षिणोति।

जो शस्त्र से रक्षा करनेलायक वस्तु रक्षित नहीं हो सके तो शस्त्रधारी का यश नहीं नष्ट होता है।

शोकक्षोभे च हृदयं प्रलापैरेव धार्यते।

शोक से ग्रस्त होने पर हृदय प्रलापद्वारा धारण किया जाता है।

शूरा रणे विराजन्ते।

वीरलोग युद्ध में शोभते हैं।

शूरा नैव विकत्थना भवेयुः।

वीरलोग आत्मश्लाघा करनेवाले नहीं होते हैं।

शोभते वक्तृताशक्तिः सभायां महतां खलु।

महान् पुरुषों की सभा में वक्तृताशक्ति शोभा देती है।

शर्वरी बहुदोषदा।

रात्रि अधिक दोष देनेवाली है।

शास्त्राभ्यासे सदा यत्नः कर्तव्यो मानवैः सदा।

मनुष्य को विद्याभ्यास में सदा यत्न करना चाहिये।

शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः।

पण्डित अर्थात् ज्ञानीलोग कुत्ते में और चाण्डाल में समदर्शी ही होते हैं अर्थात् दोनों में समानरूप से आत्मा का दर्शन करते हैं।

शक्तिशक्तिमतोर्भेदं तत्त्वज्ञानविवर्जिताः।
बालिशा एव पश्यन्ति न तत्त्वज्ञानिनो जनाः॥

शक्ति और शक्तिमान् में तत्त्वज्ञानविवर्जित बालक ही भेद देखते हैं। तत्त्वज्ञानी महापुरुष तो शक्ति और शक्तिमान् में अभेद ही देखा करते हैं।

ष

षट्कर्णो भिद्यते मन्त्रश्चतुष्कर्णः स्थिरो भवेत्।

छः कान में जाने से मन्त्र (सलाह) प्रकाशित हो जाता है चार कान में स्थिर रहता है।

षड्गुणाः ब्राह्मणा ज्ञेयाः ।

ब्राह्मण के छः गुण हैं।

षड्गुणाः शक्तयस्तिस्रः सिद्धयश्चोदयास्त्रयः ।
ग्रन्थानधीत्य व्याकर्तुमिति दुर्मेधसोप्यलम् ॥

छः गुण और तीन शक्ति, तीन सिद्धियां और तीन उदय, ये ग्रन्थ पढ़कर अल्पबुद्धि भी व्याख्यान कर सक्ता है।

स

सङ्घशक्तिः कलौ युगे ।

कलियुग में सङ्घशक्ति कार्य्यकारिणी हुआ करती है।

सामवादाः सकोपस्य तस्य प्रत्युतदीपकाः ।

क्रुद्ध पुरुष के सामने शान्ति वचन उसके क्रोध को ही बढ़ाते हैं।

सर्वस्याभ्यागतो गुरुः ।

अतिथि सबका गुरु है।

सुजनो न याति वैरं परहितनिरतो विनाशकालेपि ।

परोपकार करनेवाला सुजन पुरुष अपने विनाश का समय आने पर भी शत्रुता नहीं करता है।

संपदो महतामेव महतामेव चापदः ।

महान् पुरुष को ही संपत्ति तथा आपत्ति आया करती हैं।

स्वाधीनता च पुंसां महदैश्वर्यं विनाप्यर्थैः ।

पुरुषों का स्वाधीनपना, यह विना द्रव्य का ही महान् ऐश्वर्य्य है।

सुखमास्ते निस्पृहः पुरुषः ।

निस्पृही पुरुष सदा सुखी रहता है।

सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ति ।

सब गुण सुवर्ण (धन) का आश्रय लेते हैं।

संसर्गाद् भवति हि साधुता खलानाम् ॥

उत्तम पुरुषों के संसर्ग से खल पुरुष में भी साधुता आजाती है।

साधुरेवार्थिभिर्याच्यः क्षीणवित्तोपि सर्वदा ।
सुष्कोपि हि नदीमार्गः खन्यते सलिलार्थिभिः ॥

क्षीण धनवाले भी सज्जन पुरुष से ही याचकलोग प्रार्थना करते हैं जैसे कि जल के इच्छावान् पुरुष सूखे हुए भी नदी के मार्ग को ही खोदते हैं।

सत्यान्नास्ति परो धर्मः ।

सत्य से परे कोई धर्म्म नहीं है।

सहसा विदधीत न क्रियाम्।

विना विचार किये शीघ्र कोई काम नहीं करना चाहिये।

संतोष एव पुरुषस्य परं निधानम्।

मनुष्य के लिये संतोष ही परम निधि है।

सर्वस्यैव परीक्ष्यन्ते स्वभावा नेतरे गुणाः।

सबके स्वभाव की ही परीक्षा करनी चाहिये इतर गुणों की नहीं।

स्वजनोऽपि दरिद्राणां तत्क्षणादुर्जनायते।

पुरुष के दरिद्र होने पर अपना कुटुम्बीजन भी दुर्जन के जैसा हो जाता है।

स्थिरा शैली गुणवतां खलबुद्ध्या न बाधते।

गुणवान् की शैली स्थिर होती है अतः खलों की बुद्धि से बाधित नहीं हो सकी है।

साहित्यसंगीतकलाविहीनः
साक्षात्पशुः पुच्छविषाणहीनः।

जो साहित्य और संगीत कला से वर्जित है वह पुच्छ-सींग से रहित साक्षात् पशु है।

संपत्तौ च विपत्तौ च महतामेकरूपता।

महान् पुरुष संपत्ति तथा विपत्ति आने पर भी एक रूप रहते हैं।

सन्तः स्वतः प्रकाशन्ते गुणा न परतो नृणाम्।

मनुष्यों में सज्जन अपने गुण को स्वतः प्रकाश करते हैं दूसरे के द्वारा नहीं।

साधवः समदर्शिनः।

साधु लोग समदर्शी हुआ करते हैं।

साधुरेव प्रवीणः स्यात्सद्गुणामृतवर्णने।
नवचूताङ्कुरास्वादकुशलः कोकिलः किल॥

सज्जनों के गुणरूपी अमृत के वर्णन करने में सज्जन पुरुष ही निपुण हैं जैसे कि नवीन आम्रमञ्जरी के आस्वाद लेने में कोकिल ही चतुर होता है।

संपत्तौ कोमलं चित्तं साधोरापदि कर्कशम्।
सुकुमारं मधौ पत्रं तरोः स्यात्कठिनं शुचौ॥

साधुपुरुष का चित्त संपत्ति आने पर कोमल होता है और विपत्ति आनेपर कठिन होता है जैसे बसन्तऋतु में वृक्षों के पत्ते कोमल होते हैं और ग्रीष्म में कठिन हो जाते हैं।

सज्जना एव साधूनां प्रार्थयन्ति गुणोत्करम्।
पुष्पाणां सौरभं प्रायस्तनुते दिक्षु मारुतः॥

सज्जनों के गुणसमूह को सज्जन ही विस्तृत करते हैं जैसे पुष्प की सुगन्धि को वायु ही दिशाओं में फैलाता है।

स्वभावं नैव मुञ्चन्ति सन्तः संसर्गतोऽसताम्।

सज्जन खल के सम्बन्ध से अपना स्वभाव नहीं छोड़ते हैं।

स्वभावं न जहात्येव साधुरापद्गतोपि सन्।

आपत्ति के आने पर भी साधु अपने स्वभाव को नहीं छोड़ता है।

सज्जन एव हि विद्या शोभायै भवति दुर्जने मोघा।

सज्जन पुरुष ही में विद्या शोभती है और दुर्जन में निष्फलता होती है।

सन्त एव सतां नित्यमापदुद्धरणक्षमाः।
गजानां पङ्कमग्नानां गजा एव धुरंधराः॥

सज्जनों की आपत्ति के हटाने में सज्जन ही समर्थ हैं जैसे कीचड़ में फँसे हुए हाथी को हाथी ही निकाल सकता है।

स किं सखा साधु न शास्ति योऽधिपम्।

वह कैसा मित्र है जो राजा को अच्छी सलाह नहीं देता है।

सर्वप्राणहराः खलाः।

खल पुरुष सबके प्राण का नाश करनेवाला होता है।

समूलघातमघ्नन्तः परान्नोद्यन्ति मानिनः।

मानी पुरुष यदि शत्रु का समूल नाश न करे तो उदय को नहीं पाता है।

संपदा सुस्थिरं मन्यो भवति स्वल्पयापि यः।
कृतकृत्यो विधिर्मन्ये न वर्धयति तस्य ताम्॥

जो थोड़ी सी ही संपत्ति से अपने को कृतकृत्य समझ लेता है उसकी संपत्ति आगे को नहीं बढ़ती है।

स्वयं तथा न कर्तव्यं स्वगुणाख्यापनं पुनः।

अपने से अपने गुण की ख्याति नहीं करनी चाहिये।

सति शीले गुणा भान्ति पुंसां शौर्यादयो यथा।
यौवने सदलंकाराः शोभां बिभ्रति सुभ्रुवः॥

जैसे स्त्रियों को युवावस्था आने पर भूषण अत्यन्त शोभता है वैसे ही पुरुष को शील रहते शौर्यादिक गुण शोभते हैं।

स्थानभ्रष्टा न शोभन्ते दन्ता केशा नखा नराः।

दाँत केश तथा नख और मनुष्य स्थानच्युत होने से नहीं शोभते हैं।

संसर्गजा दोषगुणा भवन्ति।

दोष और गुण संसर्ग से होते हैं।

स बन्धुर्यो विपन्नानामापदुद्धरणक्षमः।

जो दीन पुरुष को आपत्ति से हटाने में समर्थ है वह बन्धु है।

समायाति यदा लक्ष्मीर्नारिकेलफलाम्बुवत्।
विनिर्याति यदा लक्ष्मीर्गजभुक्तकपित्थवत्॥

नारिकेल के जल के समान लक्ष्मी आती है और हाथी से खाए हुए कपित्थ फल के समान जाती है।

सर्वदेवमयो राजा।

राजा सब देवस्वरूप है।

सद्भिरेव सहासीत।

सज्जनों के ही साथ सदा बैठना चाहिये।

सद्भिः कुर्वीत संगतिम्।

सज्जनों के ही साथ संसर्ग करना चाहिये।

सा भार्य्या या प्रियं ब्रूते।

जो प्रिय बोलती है वही भार्या है।

स्थातव्यं पञ्चभिः सह।

पाँच के साथ रहना चाहिये।

स देशो यत्र जीव्यते।

जहां जीवन रहता है वही देश है।

स सुहृद् व्यसने यः स्यात्।

वही मित्र है जो व्यसन (विपत्ति) में काम आवे।

सच्छिद्रनिकटे वासो न कर्तव्यो कदाचन।

दोषयुक्त के पास कभी निवास नहीं करना चाहिये।

संतुष्यत्युत्तमः स्तुत्या।

उत्तम पुरुष स्तुति से प्रसन्न होता है।

सर्वस्यौषधशास्त्रमेव विहितं मूर्खस्य नास्त्यौषधम्।

सबकी औषध शास्त्र है परन्तु मूर्ख की कोई औषध नहीं है।

संस्थितस्य गुणोत्कर्षः प्रायः प्रस्फुरति स्फुटम्।
दग्धस्यागुरुखण्डस्य स्फारीभवति सौरभम्॥

प्रायः मरे हुए का गुणोत्कर्ष अधिक होता है। जले हुए अगर की ही सुगन्धि अधिक फैलती है।

स्वभावसुन्दरं वस्तु न संस्कारमपेक्षते।

स्वभाव से ही जो सुन्दर वस्तु है वह संस्कार की अपेक्षा नहीं रखती है।

सुपात्रदानाच्च भवेद्धनाढ्यो धनप्रभावेण करोति पुण्यम्।

सुपात्र में दान देने से पुरुष धनवान् होते हैं और धन से धर्म कर सके हैं।

स्वदेशजातस्य नरस्य नूनं गुणाधिकस्यापि भवेदवज्ञा।

स्वदेश में रहनेवाला यदि अधिक गुणी भी हो तो भी लोग अवज्ञा करते हैं।

सुखं हि दुःखान्यनुभूय शोभते।

दुःख का अनुभव करके सुख शोभता है।

स तापसो यः परितापकर्षणः।

जो खेद को दूर करे वही तपस्वी है।

सुखाच्च यो याति नरो दरिद्रतां
धृतः शरीरेण मृतः स जीवति।

सुख के पश्चात् जो दरिद्र होवे वह केवल शरीर से ही जीता है।

सकलापि कलावतां कला विकला पुण्यकलां विना खलु।

कलावान् पुरुषों की सभी कलाएँ पुण्यकला के विना विकल होती हैं।

स्तब्धस्य नश्यति यशो विषमस्य मैत्री
नष्टक्रियस्य कुलमर्थपरस्य धर्मः।
विद्या फलं व्यसनिनः कृपणस्य सौख्यं
राज्यं प्रमत्तसचिवस्य नराधिपस्य॥

कर्तव्याकर्तव्य में आलसी की कीर्ति, क्रूर की मैत्री, क्रियाहीन का वंश, अर्थ में लोभी का धर्म, व्यसनी का विद्याफल, कृपण का सुख और उन्मत्त मन्त्रीवाले राजा का राज्य नष्ट हो जाता है।

स पुरुषो यः खिद्यते नेन्द्रियैः।

जो इन्द्रियों से खेद को प्राप्त न हो वही पुरुष है।

सर्वस्य जन्तोर्भवति प्रमोदो विरोधिवर्गे परिभूयमाने।

शत्रु के पराभव होने से सब प्राणिमात्र प्रसन्न होते हैं।

सलज्जा गणिका नष्टा।

लज्जावती वेश्या नाश हो जाती है।

स्त्रीपरीक्षा च निर्धने।

दरिद्र होने पर स्त्री की परीक्षा होती है।

सुकुले योजयेत्कन्याम्।

कन्या का विवाह अच्छे कुल में करना चाहिये।

संन्तोषस्त्रिषु कर्तव्यः स्वदारे भोजने धने।
त्रिषु चैव न कर्तव्यो दाने तपसि पाठने॥

अपनी स्त्री और भोजन तथा धन में संतोष रखना चाहिये और दान, तपस्या और पाठन इनमें संतोष नहीं करना चाहिये।

सर्वशून्या दरिद्रता।

जहां दारिद्रय हो वहां सब शून्य है।

सिंहो विभाति गिरिकन्दरगह्वरासु।

पर्वत की गुफ़ा में सिंह शोभता है।

सा श्रीर्या न मदं करोति।

वही लक्ष्मी है जिससे मद न होवे।

सर्वेषामेव शौचानामर्थशौचं परं स्मृतम्।

सब प्रकार की पवित्रताओं में अर्थसम्बन्धी पवित्रता प्रधान मानी गई है।

सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणस्य वृत्तयः।

संदेहयुक्त वस्तुओं में सज्जनों के अन्तःकरण ही प्रमाण हैं।

सतां न कामः कलुषीकरोति।

सज्जनों को काम मलिन नहीं कर सक्ता है।

साधने हि नियमोन्यजनानां
योगिनां तु तपसाखिलसिद्धिः।

साधारण मनुष्यों को साधन का नियम होता है, परन्तु योगियों की तपस्या से ही सब कार्य सिद्ध होते हैं।

स्वाभाविकात्कृत्रिममन्यदेव।

स्वाभाविक की अपेक्षा कृत्रिम औरही है।

सर्वथा परिहर्तव्या दुर्जनैः सह संगतिः।

दुर्जनों का सङ्ग सर्वथा छोड़ना चाहिये।

संधत्ते भृशमरतिं हि सद्वियोगः।

सज्जन पुरुष का विरह अत्यन्त कष्टदायक है।

सूर्यापाये न खलु कमलं पुष्पति स्वामभिख्याम्।

सूर्य के न रहने पर कमल अपनी शोभा को नहीं धारण करता है।

स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु।

स्त्रियों का पति में विलास ही प्रथम प्रेम वचन होता है।

सर्वाशुचिनिधानस्य कृतघ्नस्य विनाशिनः।
शरीरकस्यापि कृते मूढाः पापानि कुर्वते॥

अपवित्रता का निधान और कृतघ्न और विनाशी क्षुद्र शरीर के लिये मूर्ख लोग पाप करते हैं।

स्रजमपि शिरस्यन्धः क्षिप्तां धुनोत्यहिशङ्कया।

यदि अन्धे के शिर में माला डाली जावे तो वह सांप की बुद्धि से शिर को कँपाता है।

समुद्रवीचीव चलस्वभावा संध्याभ्रलेखेव मुहूर्तरागा।
स्त्रियो हृतार्था पुरुषं निरर्थं निष्पीडितालक्तकवत्त्यजन्ति॥

समुद्र की तरङ्ग के समान चञ्चल स्वभाववाली, संध्या काल की मेघमाला के समान मुहूर्तमात्र राग रखनेवाली स्त्रियां मतलब निकल जाने के बाद अर्थहीन पुरुष को निचोड़े हुए अलक्तक (महावर) के समान छोड़ देती हैं।

स्त्रियो हि विषयः शुचाम्।

स्त्रियां शोक की विषय हैं।

स्त्रीणां हि साहचर्याद्भवन्ति चेतांसि भर्तृसदृशानि।

पति के साथ रहने से स्त्री का भी चित्त पति के समान हो जाता है।

सकलस्यास्य लोकस्य जातिर्भवति मातृतः।
ऋषीणां तु श्रुतिदृशां पितृतो धर्मनिर्णयः॥

सब जगत् की जाति माता से निर्णीत होती है। वेदद्रष्टा ऋषियों का धर्म-निर्णय पिता से होता है।

स्त्रीधर्म एषः यद्दुष्टस्य दुष्टस्य वा भर्तुरनुगन्तव्यम्।

स्त्री का यही धर्म है कि दुर्जन या सज्जन पति का अनुगमन करना।

सेयमाकृतिर्नव्यभिचरति शीलम्।

वही यह आकृति है जिसमें शील का व्यभिचार नहीं है।

सर्वेषु शास्त्रेषु यत्नः कर्तव्यः।

सब शास्त्रों में यत्न करना चाहिये अर्थात् पढ़ना चाहिये।

सर्वे क्षयान्ता निचयाः पतनान्ताः समुच्छ्रयाः।
संयोगा विप्रयोगान्ता मरणान्तञ्च जीवितम्॥

सञ्चय का अन्त क्षय है, उन्नति का अन्त पतन है, संयोग का अन्त वियोग है और जीने का अन्त मरण है।

स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।

अपने धर्म्म में रहकर मरना ही श्रेयस्कर है परन्तु पर धर्म में जाना भय-जनक है।

सत्यं भूतहितं प्रोक्तं न यथार्थाभिभाषणम्।

प्राणियों का हित जिससे हो वह सत्य है। ठीक ठीक कहना सत्य नहीं है।

सर्वं खलस्य चरितं मशकः करोति।

दुष्ट पुरुष का सब चरित्र मशक (मच्छर) करता है।

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।

सब धर्मों को परित्याग करके एकमात्र मेरी शरण ले अर्थात् आत्मसमर्पण-रूप धर्म का आचरण कर।

सहस्रगुणमुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः।

सूर्य हजार गुण वापस देने के लिये ही पृथ्वी से जलका आकर्षण करता है।

ह

हालाहलो नैव विषं विषं रमा।

विष विष नहीं है किन्तु लक्ष्मी ही विष है।

हेम्नः संलक्ष्यते ह्यग्नौ विशुद्धिः श्यामिकापि वा।

सुवर्ण की शुद्धि अथवा कालिमा अग्नि में जानी जाती है।

हिमवति दिव्यौषधयः शीर्षे सर्पः समाविष्टः।

शिर पर सांप है और हिमालय में दिव्यौषधि है।

ह्रिया देयं भिया देयं।

लज्जित होकर देना चाहिये, भययुक्त होकर देना चाहिये। तात्पर्य यह है कि दान करते समय यह समझकर कि यह मेरा दान कुछ भी नहीं है ऐसी ही बुद्धि उत्पन्न होनी चाहिये और दान न करने से मैं प्रत्यवाय का भागी होऊँगा इस डर से देना चाहिये।

हतं ज्ञानं क्रियाहीनम्।

क्रिया से हीन ज्ञान किसी काम का नहीं है।

हतं पुत्रमपण्डितम्।

मूर्ख पुत्र किसी काम का नहीं है।

हंसो विभाति नलिनीदलपुञ्जमध्ये।

कमलवृक्ष के पत्रपुञ्ज में हंस शोभता है।

हेया दुर्जनसंगतिः।

दुर्जनों का संग छोड़ना चाहिये।

हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः।

हितकारक और मनोहर वचन दुर्लभ होता है।

श्रीभारतधर्ममहामण्डल।

श्रीभारतधर्ममहामण्डलके सभ्यगण और मुखपत्र।

हिन्दू जाति की अद्वितीय विराट् धर्म्मसभा श्रीमहामण्डलके पांच श्रेणीके सभ्य होते हैं, यथाः—स्वाधीन नरपति और प्रधान प्रधान धर्म्माचार्य्यगण संरक्षक होते हैं। भारतवर्षके सब प्रान्तोंके बड़े बड़े ज़मींदार, सेठ, साहूकार आदि सामाजिक नेतागण उस उस प्रान्त के चुनावके द्वारा प्रतिनिधि सभ्य चुने जाते हैं। प्रत्येक प्रान्तके अध्यापक ब्राह्मणगणमेंसे उस उस प्रान्तीय मण्डलके द्वारा चुने जाकर धर्मव्यवस्थापक सभ्य बनाये जाते हैं। भारतवर्षके सब प्रान्तोंसे पांच प्रकारके सहायक सभ्य लिये जाते हैं, विद्यासम्बन्धी कार्य करनेवाले सहायक सभ्य, धर्मकार्य्य करनेवाले सहायक सभ्य, महामण्डल, प्रान्तीयमण्डल और शाखासभाओंको धनदान करनेवाले सहायक सभ्य, विद्यादान करनेवाले विद्वान् ब्राह्मण सहायक सभ्य और धर्मप्रचार करनेवाले साधु संन्यासी सहायक सभ्य। पाँचवीं श्रेणीके सभ्य साधारण सभ्य होते हैं जो हिन्दुमात्र हो सकते हैं। हिन्दुकुलकामिनीगण केवल प्रथम तीन श्रेणीकी सहायक सभ्या और साधारण सभ्या हो सकती हैं। श्रीभारतधर्म्म-महामण्डल प्रधान कार्य्यालय काशीसे एक हिन्दी भाषाका और दूसरा अंग्रेजी भाषाका, इस प्रकार सम्मिलित दो मासिक पत्र प्रकाशित होते हैं। इन सब प्रकारके सभ्यों और श्रीमहामण्डलके प्रान्तीयमण्डल, शाखा-सभा और संयुक्त सभाओंको श्रीमहामण्डलका हिन्दी और अंग्रेजी भाषाका मासिकपत्र दिया जाता है। नियमितरूपसे नियत वार्षिक चन्दा २॥) दो रुपये आठ आने देने पर हिन्दू नर-नारी साधारण सभ्य हो सकते हैं। साधारण सभ्योंको विना मूल्य मासिकपत्रिकाके अतिरिक्त उनके उत्तराधिकारियोंको तथा कन्या पुत्र आत्मीय आदि को समाजहितकारीकोषके द्वारा विशेष लाभ मिलता है।

प्रधानाध्यक्ष, श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल, प्रधानकार्य्यालय।

जगत्गंज, बनारस।

श्रीमहामण्डलस्थ उपदेशक महाविद्यालय।

श्रीभारतधर्ममहामण्डल प्रधानकार्यालय काशीमें साधु और गृहस्थ धर्मवक्ता प्रस्तुत करनेके अर्थ श्रीमहामण्डल उपदेशक महाविद्यालय नामक विद्यालय स्थापित हुआ है। जो साधुगण दार्शनिक और धर्मसम्बन्धी ज्ञान लाभ करके अपने साधु जीवनको कृतकृत्य करना चाहें और जो विद्वान् गृहस्थ धार्मिक शिक्षालाभ करके धर्मप्रचार द्वारा देशकी सेवा करते हुए अपना जीवन निर्वाह करना चाहें वे निम्नलिखित पते पर पत्र भेजें।

प्रधानाध्यक्ष, श्रीभारतधर्ममहामण्डल प्रधान कार्य्यालय,

जगत्गंज, बनारस (छावनी)।

श्रीमहामण्डलका शास्त्रप्रकाशविभाग।

यह विभाग बहुत विस्तृत है। अपूर्व संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजीकी पुस्तकें काशी प्रधान कार्य्यालय (जगत्गंज) में मिलती हैं। दस लाख मूलधन से भारतधर्म सिण्डिकेट नामक लिमिटेड कम्पनी खोलकर इस विभागका बृहत् आयोजन किया गया है।

सेक्रेटरी

श्रीभारतधर्म-महामण्डल,

जगत्गंज, बनारस।

धार्मिक और सामाजिक पुस्तकें

(भारतधर्म्म सिण्डिकेट द्वारा प्रकाशित ।)

नियम और सूचनायें ।

(१) पुस्तकें उधार, घर पर देखने या वापस लेनेका नियम नहीं है । १) रु० से कम की वी० पी० नहीं भेजी जाती । इससे कमके लिये टिकट भेजना चाहिये, टिकट मिलने पर पुस्तक तुरन्त बुकपोस्टसे भेज दी जाती है, राहमें गुम हो जानेकी जिम्मेवारी हमारी नहीं है।

(२) पता और पुस्तकोंका नाम बहुत साफ़ और पूरा लिखा जाना चाहिये ।

(३) एक ही नामकी कई विषयोंकी या कई लखकोंकी लिखी पुस्तकें रहती हैं । इसलिये मांग लिखते समय पुस्तकका विषय या लेखकका नाम अवश्य लिखना चाहिये ।

(४) पुस्तक रेलसे मँगानेवाले सज्जन अपने पासके रेलवेस्टेशनका नाम अवश्य लिखें।

(५) सार्वजनिक संस्थाओं, पुस्तकविक्रेताओं तथा थोक ख़रीदारोंको २५) से ऊपर की पुस्तकों पर उचित कमीशन दिया जाता है । पुस्तकोंके नाम मालूम होने पर कमीशन भी बतलाई जा सकती है । डाकव्यय बढ़ जानेसे अधिक पुस्तक रेल द्वारा मंगाने ही में सुभीता है । अधिक पुस्तक मँगाते समय कमसे कम १०) पेशगी अवश्य भेजना चाहिये, बिना पेशगी के रेल द्वारा कोई पार्सल नहीं भेजा जाता ।

(६) किसी वी० पी० में भूल जान पड़े, तो लौटाना नहीं चाहिये । लिखने पर भूल सुधार दी जाती है ।

(७) पुस्तकोंका मूल्य प्रकाशककी आज्ञाके अनुसार घट बढ़ भी जाया करता है ।

निवेदन-पत्र ।

समस्त सनातनधर्मावलम्बी सज्जनोंसे सविनय निवेदन है कि हम लोगोंने बड़े उत्साह के साथ बड़े बड़े धुरन्धर विद्वानोंकी बनाई हुई धार्मिक पुस्तकोंके प्रकाशनका कार्य आरम्भ किया है, इस सत्कार्यका महत्त्व बतलानेकी आवश्यकता नहीं, क्योंकि धार्मिक साहित्यके अभावमें धर्मका यथेष्ट प्रचार होना असम्भव है, इस अभावको दूर करनेके लिये ही दो साप्ताहिक पत्र भी प्रकाशित किये जाने लगे हैं "महाशक्ति" अंग्रेज़ीमें तथा "भारतधर्म" हिन्दी भाषामें ।

सर्वसाधारणकी सहानुभूति प्राप्त करनेके लिये हमने अपने प्रकाशनविभागको बिलकुल समयानुकूल बना दिया है और इस बातकी निरन्तर चेष्टा की जा रही है कि सब प्रकार की धार्मिक पुस्तकोंका अच्छा संग्रह रहे।

आशा है आपको जिन पुस्तकोंकी आवश्यकता होगी लिखकर अनुगृहीत करेंगे ।

स्थिर ग्राहकोंके नियम ।

(१) इनमेंसे जो कमसे कम ४) मूल्यकी पुस्तकें पूरे मूल्यमें ख़रीदेंगे अथवा स्थिर ग्राहक होनेका चन्दा १) भेज देंगे, उन्हें शेष और आगे प्रकाशित होनेवाली सब पुस्तकें ¾ मूल्यमें दी जायँगी ।

---

(२) स्थिर ग्राहकोंको इस ग्रन्थ मालामें प्रकाशित होनेवाली हर एक पुस्तक ख़रीदनी होगी। जो पुस्तक इस विभाग द्वारा छापी जायगी, वह एक विद्वानोंकी कमेटी द्वारा पसन्द करा ली जायगी।

(३) हर एक ग्राहक अपना नम्बर लिखकर या दिखाकर हमारे कार्यालयसे अथवा जहां वह रहता हो वहां हमारी शाखा हो, तो वहांसे स्वल्प मूल्य पर पुस्तकें ख़रीद सकेगा।

(४) जो धर्मसभा इस धर्मकार्य्यमें सहायता करना चाहें और जो सज्जन इस ग्रंथमाला के स्थायी ग्राहक होना चाहें, वे नीचे पते पर पत्र भेजने की कृपा करें।

धर्मकल्पद्रुम।

श्रीस्वामी दयानन्द-विरचित।

यह हिन्दूधर्मका अद्वितीय और परमावश्यक ग्रन्थ है। हिन्दू जातिकी पुनरुन्नति के लिये जिन जिन आवश्यकीय विषयोंकी ज़रूरत है, उनमेंसे सबसे बड़ी भारी ज़रूरत एक ऐसे धर्मग्रन्थ की थी कि जिसके अध्ययन अध्यापनके द्वारा सनातनधर्म का रहस्य और उसका विस्तृत स्वरूप तथा उसके अंग उपांगोंका यथार्थ ज्ञान प्राप्त हो सके और साथ ही साथ वेदों और सब शास्त्रोंका आशय तथा वेदों और सब शास्त्रोंमें कहे हुए विज्ञानोंका यथाक्रम स्वरूप जिज्ञासुको भली भांति विदित हो सके। इसी गुरुतर अभावको दूर करनेके लिये भारतके प्रसिद्ध धर्मवक्ता और श्रीभारतधर्म-महामण्डलस्थ उपदेशक महाविद्यालयके दर्शनशास्त्र के अध्यापक श्रीमान् स्वामी दयानंदजी महाराजने इस ग्रन्थ का प्रणयन करना प्रारम्भ किया है। इसमें वर्तमान समयके आलोच्य सभी विषय विस्तृतरूपसे दिये जायँगे। अब तक इसके छः खण्डोंमें जो अध्याय प्रकाशित हुए हैं, वे ये हैं:—धर्म, दानधर्म, तपोधर्म, कर्मयज्ञ, उपासनायज्ञ, ज्ञानयज्ञ, महायज्ञ, वेद, वेदांग, दर्शनशास्त्र (वेदोपांग), स्मृतिशास्त्र, पुराणशास्त्र, तन्त्रशास्त्र, उपवेद ऋषि और पुस्तक, साधारणधर्म और विशेषधर्म, वर्णधर्म, आश्रमधर्म, नारीधर्म (पुरुषधर्म से नारीधर्म की विशेषता), आर्यजाति, समाज और नेता, राजा और प्रजाधर्म, प्रवृत्तिधर्म और निवृत्तिधर्म, आपद्धर्म, भक्ति और योग, मन्त्रयोग, हठयोग, लययोग, राजयोग, गुरु और दीक्षा, वैराग्य और साधन, आत्मतत्त्व, जीवतत्त्व, प्राण और पीठतत्त्व, सृष्टिस्थितिप्रलय-तत्त्व, ऋषि, देवता और पितृतत्त्व, अवतारतत्त्व, मायातत्त्व, त्रिगुणतत्त्व, त्रिभावतत्त्व, कर्मतत्त्व, मुक्तितत्त्व, पुरुषार्थ और वर्णाश्रमसमीक्षा, दर्शनसमीक्षा, धर्मसम्प्रदायसमीक्षा, धर्म-पन्थसमीक्षा और धर्ममतसमीक्षा। इस ग्रंथ से आजकल अशास्त्रीय और विज्ञानरहित धर्मग्रंथों और धर्मप्रचारके द्वारा जो हानि हो रही है, वह सब दूर होकर यथार्थरूप से सनातन वैदिक धर्म का प्रचार होगा। इस ग्रन्थरत्न में साम्प्रदायिक पक्षपात का लेशमात्र भी नहीं है और निष्पक्षरूपसे सब विषय प्रतिपादित किये गये हैं, जिससे सकलप्रकार के अधिकारी कल्याण प्राप्त कर सकें। इसमें और भी एक विशेषता यह है कि हिन्दूशास्त्र के सभी विज्ञान शास्त्रीय प्रमाणों और युक्तियोंके सिवाय आजकल की पदार्थ विद्या (Science) के द्वारा भी प्रतिपादित किये गये हैं; जिससे आजकल के नवशिक्षित पुरुष भी इससे लाभ उठा सकें। इसके सात खण्ड प्रकाशित हो चुके हैं। प्रथम खण्डका मूल्य २), द्वितीयका १॥), तृतीयका २), चतुर्थका २), पंचमका

२), षष्ठका १॥) और सप्तम खण्डका २) है। इसके प्रथम दो खण्ड बढ़िया काग़ज़ पर भी छापे गये हैं और दोनों ही एक बहुत सुन्दर जिल्दमें बाँधे गये हैं। मूल्य ५) है।

प्रवीण दृष्टिमें नवीन भारत।

श्रीस्वामी दयानन्द-सम्पादित।

इस ग्रंथमें आर्य्यजाति का आदिका वासस्थान, उन्नतिका आदर्श निरूपण, शिक्षा-दर्श, आर्यजीवन, वर्णधर्म, आश्रमधर्म आदि विषय वैज्ञानिक युक्ति तथा शास्त्रीय प्रमाणों के साथ वर्णन किये गये हैं। यह ग्रन्थ धर्मशिक्षाके अर्थ बी० ए० क्लास का पाठ्य है। मूल्य प्रथम खण्डका २), द्वितीय खण्डका २)

नवीन दृष्टिमें प्रवीण भारत।

श्रीस्वामी दयानन्द-सम्पादित।

भारत का प्राचीन गौरव और आर्यजातिका महत्त्व जानने के लिये यह एक ही पुस्तक है। इसका द्वितीय संस्करण, परिवर्द्धित और सुन्दर होकर छप चुका है। यह ग्रन्थ भी बी० ए० क्लासका पाठ्य है। मूल्य १)

साधनचन्द्रिका।

श्रीस्वामी दयानन्द-विरचित।

इसमें मंत्रयोग, हठयोग, लययोग और राजयोग इन चारों योगों का संक्षेप में अति सुंदर वर्णन किया गया है। यह ग्रंथ प्रथम वार्षिक एफ्० ए० क्लास का पाठ्य है। मूल्य १॥)

शास्त्रचन्द्रिका।

अज्ञाननाशिनी और ज्ञानजननीको विद्या कहते हैं। विद्या दो भागमें विभक्त है, एक परा विद्या और दूसरी अपरा विद्या। गुरुमुखसे प्राप्त होनेवाली ब्रह्मविद्या पराविद्या कहलाती है। परा विद्या ग्रंथोंसे नहीं प्रकाशित होती, परन्तु ग्रंथोंसे प्रकाशित होनेवाली विद्या को अपरा-विद्या कहते हैं। अपरा विद्या भी पुनः दो भागोंमें विभक्त है, यथा लौकिक विद्या और पार-लौकिक विद्या। शिल्प, कला, वाणिज्य, पदार्थविद्या, साइंस, राजनीति, समाजनीति, युद्ध-विद्या, चिकित्साविद्या आदि सब लौकिक विद्याके अन्तर्गत हैं और वेद और वेदसम्मत दर्शन पुराणादि शास्त्र सब पारलौकिक विद्या के अन्तर्गत माने गये हैं। पारलौकिक विद्याके दिग्दर्शनार्थ यह ग्रंथ इस विचारसे बनाया गया है कि जिससे विद्यार्थियोंको धर्मशिक्षा प्राप्त करनेमें सहायता प्राप्त हो सके। स्कूल कालेज पाठशाला आदिके विद्या-र्थियोंको तथा गृहमें बालकों को धर्मशिक्षाके निमित्त हिन्दूजातिकी विराट् धर्मसभा श्रीभारतधर्ममहामंडलके साधु तथा विद्वानोंकी सहायतासे अनेक ग्रंथ प्रणीत होकर प्रकाशित हुये हैं यथा—सदाचार सोपान, धर्मप्रश्नोत्तरी, धर्मसोपान, चरित्रचंद्रिका, नीतिचंद्रिका, आचारचंद्रिका, नवीनदृष्टिमें प्रवीण भारत, साधनचंद्रिका, प्रवीणदृष्टिमें नवीन भारत इत्यादि। उसी धर्मशिक्षा लक्ष्यको सामने रखकर यह ग्रंथ भी प्रणीत हुआ है। इसके द्वारा स्कूल, कालेज, पाठशालाओंके कार्यकर्त्तागण तथा बालकोंके मातापितागण बालकोंको धर्मशिक्षा देकर लाभवान् होंगे। मूल्य १॥)

धर्मचंद्रिका ।

श्रीस्वामी दयानन्द-विरचित ।

एन्ट्रेंस क्लासके बालकों के पाठनोपयोगी उत्तम धर्मपुस्तक है। इसमें सनातनधर्म का उदार सार्वभौम स्वरूप वर्णन, यज्ञ, दान, तप आदि धर्माङ्गोंका विस्तृत वर्णन, वर्णधर्म, आश्रमधर्म, नारीधर्म, आर्यधर्म, राजधर्म तथा प्रजाधर्मके विषय में बहुत कुछ लिखा गया है। कर्मविज्ञान, सन्ध्या, पञ्चमहायज्ञ आदि नित्य कर्मोंका वर्णन, षोडश संस्कारोंके पृथक्-पृथक् वर्णन और संस्कारशुद्धि तथा क्रियाशुद्धि द्वारा मोक्षका यथार्थ मार्ग निर्देश किया गया है। इस ग्रंथके पाठसे छात्रगण धर्मतत्त्व अवश्य ही अच्छी तरहसे जान सकेंगे। मूल्य १)

आर्य-गौरव ।

श्रीस्वामी दयानंद-विरचित ।

आर्य जातिका महत्त्व जाननेके लिये यह एक ही पुस्तक है। यह ग्रंथ स्कूली ९वीं तथा १०वीं कक्षाका पाठ्य है। मूल्य ॥)

आचारचंद्रिका ।

श्रीस्वामी दयानंद-विरचित ।

यह भी स्कूल पाठ्य सदाचार संबंधीय धर्मपुस्तक है। इसमें प्रातःकालसे लेकर रात्रि में निद्रा के पहले तक क्या क्या सदाचार किस लिये प्रत्येक हिंदू संतानको अवश्य ही पालने चाहिये, इसका रहस्य उत्तम रीतिसे बताया गया है और आधुनिक समयके विचारसे प्रत्येक आचार पालनका वैज्ञानिक कारण भी दिखाया गया है। यह ग्रंथ बालकोंके लिये अवश्य ही पाठ करने योग्य है। यह स्कूलकी ८वीं कक्षाका पाठ्य है। मूल्य ॥)

नीतिचंद्रिका ।

श्रीस्वामी दयानंद-विरचित ।

मानवीय जीवनका उन्नत होना नीतिशिक्षा पर ही अवलम्बित होता है। कोमलमति बालकोंके हृदयों पर नीतितत्त्व खचित करनेके उद्देश्यसे यह पुस्तिका लिखी गई है। इसमें नीतिकी सब बातें ऐसी सरलतासे समझाई गई हैं कि इस एक के ही पाठ से नीति शास्त्रका ज्ञान हो सकता है। यह स्कूलकी ७वीं कक्षाका पाठ्य है। मूल्य ॥)

चरित्रचन्द्रिका ।

सम्पादक पं० गोविन्दशास्त्री दुगवेकर ।

इस ग्रंथ में पौराणिक, ऐतिहासिक और आधुनिक महापुरुषों के सुन्दर मनोहर विचित्र चरित्र वर्णित हैं। यह ग्रंथ स्कूल की ६ठीं कक्षा का पाठ्य है। प्रथम भाग का मूल्य १) और दूसरे भाग का १।)

धर्मप्रश्नोत्तरी ।

श्रीस्वामी दयानन्द-विरचित ।

सनातनधर्म के प्राय: सभी सिद्धान्त अतिसंक्षिप्त रूप से इस पुस्तिका में लिखे गये हैं । प्रश्नोत्तरी की प्रणाली ऐसी सुन्दर रक्खी गई है कि छोटे बच्चे भी धर्मतत्त्वों को भली भांति हृदयङ्गम कर सकेंगे । भाषा भी अतिसरल है । यह ग्रन्थ स्कूल की ४थी कक्षा का पाठ्य है । काग़ज़ और छपाई बढ़िया होने पर भी मूल्य केवल ।) मात्र है ।

परलोकरहस्य ।

श्रीमान् स्वामी दयानन्द-विरचित ।

मनुष्य मरकर कहां जाता है, उसकी क्या गति होती है, इस विषय पर वैज्ञानिक युक्ति तथा शास्त्रीय प्रमाणों के साथ विस्तृत रूप से वर्णन है । मूल्य ।)

चतुर्दशलोकरहस्य ।

श्रीमान् स्वामी दयानन्द-विरचित ।

स्वर्ग और नरक कहां और क्या वस्तु है, उनके साथ हमारे इस मृत्युलोक का क्या सम्बन्ध है इत्यादि विषय शास्त्र और युक्ति के साथ वर्णन किये गये हैं । आजकल स्वर्ग नरक आदि लोकों के विषय में बहुत संशय फैल रहा है । श्रीमान् स्वामीजी महाराज ने अपनी स्वाभाविक सरल युक्तियों के द्वारा चतुर्दश लोकों का रहस्य वर्णन करते हुए उस सन्देह का अच्छा समाधान किया है । मूल्य ।)

सती-चरित्र-चन्द्रिका ।

श्रीमान् पं० गोविन्दशास्त्री दुगवेकर सम्पादित ।

इस पुस्तक में सीता, सावित्री, गार्गी, मैत्रेयी आदि ४४ सती स्त्रियों के जीवनचरित्र लिखे गये हैं । मूल्य २)

नित्यकर्मचन्द्रिका ।

इस ग्रंथ में प्रातःकाल से लेकर रात्रिपर्यन्त हिन्दू मात्र के अनुष्ठान करने योग्य नित्य कर्म वैदिक तांत्रिक मन्त्रों के साथ भली भांति वर्णित किये गये हैं । मूल्य ।)

धर्मसोपान ।

यह धर्मशिक्षा विषयक बड़ी उत्तम पुस्तक है । बालकों को इससे धर्म का साधारण ज्ञान भली भांति हो जाता है । यह पुस्तक क्या बालक बालिका, क्या वृद्ध स्त्री पुरुष, सबके लिये बहुत ही उपकारी है । धर्मशिक्षा पाने की इच्छा करनेवाले सज्जन अवश्य इस पुस्तक को मंगावें । यह स्कूल की ५वीं कक्षा का पाठ्य है । मूल्य ।) आना ।

धर्म-कर्म-दीपिका ।

इस पुस्तक में कर्म का स्वरूप, कर्म के भेद, संस्कार के लक्षण और भेद, वैदिक संस्कारों का रहस्य, विविध कर्म का वैज्ञानिक स्वरूप, कर्म सम्बन्ध से मुक्ति, कर्म के साथ धर्मका मिश्र सम्बन्ध, धर्मरूप कल्पद्रुम का विस्तृत वर्णन, वर्णाश्रम धर्म की महिमा और विज्ञान, उपासना रहस्य, उपासना की मूलभित्ति रूप पीठ रहस्य, धर्म, कर्म और यज्ञ

शब्दों का वैज्ञानिक रहस्य और सदाचार का विज्ञान और महत्त्व प्रतिपादन किया गया है। यह ग्रंथ मूल और सुस्पष्ट हिन्दी अनुवाद सहित शास्त्रीय प्रमाण देकर छापा गया है, यह ग्रंथरत्न प्रत्येक सनातनधर्मावलम्बी के लिये उपादेय है। मूल्य ॥)

सदाचारसोपान।

यह पुस्तक कोमलमति बालक-बालिकाओं की धर्मशिक्षा के लिये प्रथम पुस्तक है। यह स्कूल की तीसरी कक्षा का पाठ्य है। मूल्य -) एक आना।

कन्याशिक्षासोपान।

कोमलमति कन्याओंको धर्मशिक्षा देनेके लिये यह पुस्तक बहुत ही उपयोगी है। मूल्य-)

ब्रह्मचर्यसोपान।

ब्रह्मचर्यव्रतकी शिक्षाके लिये यह ग्रंथ बहुत उपयोगी है। सब ब्रह्मचारी आश्रम, पाठशाला और स्कूलोंमें इस ग्रंथकी पढ़ाई होनी चाहिये। मूल्य ।) आना।

राजशिक्षासोपान।

राजा महाराजा और उनके कुमारोंको धार्मिक शिक्षा देनेके लिये यह ग्रंथ बनाया गया है परन्तु सर्वसाधारणकी धर्मशिक्षाके लिये भी यह ग्रंथ बहुत ही उपयोगी है, इसमें सनातनधर्मके अंग और उसके तत्त्व अच्छी तरह बताये गये हैं। मूल्य ≡) तीन आना।

साधनसोपान।

यह पुस्तक उपासना और साधनशैलीकी शिक्षा प्राप्त करनेमें बहुत ही उपयोगी है। इसका बँगला अनुवाद भी छप चुका है। बालक बालिकाओंको पहलेसे ही इस पुस्तक को पढ़ाना चाहिये। यह पुस्तक ऐसी उपकारी है कि बालक और वृद्ध समान-रूपसे इस-से साधन विषयक शिक्षा लाभ कर सकते हैं। मूल्य ।) चार आना।

शास्त्रसोपान।

सनातनधर्मके शास्त्रों का संक्षेप सारांश इस ग्रंथ में वर्णित है। सब शास्त्रोंका कुछ विवरण समझनेके लिये प्रत्येक सनातनधर्मावलम्बीके लिये यह ग्रंथ बहुत ही उपयोगी है। मूल्य ।) चार आना।

धर्मप्रचारसोपान।

यह ग्रंथ धर्मोपदेश देनेवाले उपदेशक और पौराणिक पंडितोंके लिये बहुत ही हित-कारी है। मूल्य ≡) आना।

उपदेशपारिजात।

यह संस्कृत गद्यात्मक अपूर्व ग्रंथ है। सनातनधर्म क्या है, धर्मोपदेश किसको कहते हैं, सनातनधर्मके सब शास्त्रोंमें क्या २ विषय हैं, धर्मवक्ता होनेके लिये किन २ योग्यताओं के होनेकी आवश्यकता है, इत्यादि अनेक विषय इस ग्रंथमें हैं। संस्कृत विद्वान् मात्रको पढ़ना उचित है और धर्मवक्ता, धर्मोपदेशक, पौराणिक, पण्डित आदिके लिये तो यह ग्रंथ सब समय साथ रखने योग्य है। मूल्य ॥) आना।

कल्किपुराण।

कल्कि पुराणका नाम किसने नहीं सुना है ? इस कलियुगमें कल्कि महाराज अवतार धारणकर दुष्टोंका संहार करेंगे, उसका पूर्ण वृत्तान्त है। विशुद्ध हिंदी अनुवाद और विस्तृत भूमिका सहित यह ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है। धर्मजिज्ञासुमात्रको इस ग्रंथको पढ़ना उचित है। मूल्य १॥)

योगदर्शन।

हिन्दी भाष्य सहित। इस प्रकारका हिन्दी भाष्य और कहीं प्रकाशित नहीं हुआ है। सब दर्शनोंमें योगदर्शन सर्ववादिसम्मत दर्शन है और इसमें साधनके द्वारा अन्तर्जगत्के सब विषयोंका प्रत्यक्ष अनुभव करा देनेकी प्रणाली रहनेके कारण इसका पाठन और भाष्य एवं टीका निर्माण वही सुचारु रूपसे कर सकता है, जो योगके क्रिया सिद्धांश का पारगामी हो। इस भाष्यके निर्माणमें पाठक उक्त विषयकी पूर्णता देखेंगे। प्रत्येक सूत्रका भाष्य प्रत्येक सूत्रके आदिमें भूमिका देकर ऐसा क्रमबद्ध बना दिया गया है कि जिससे पाठकों को मनोनिवेशपूर्वक पढ़ने पर कोई असम्बद्धता नहीं मालूम होगी और ऐसा प्रतीत होगा कि महर्षि सूत्रकार ने जीवोंके क्रमाभ्युदय और निःश्रेयसके लिये मानो एक महान् राजपथ निर्माण कर दिया है। इसका द्वितीय संस्करण छपकर तैयार है, इसमें इस भाष्य को और भी अधिक सुस्पष्ट, परिवर्द्धित और सरल किया गया है। मूल्य २) दो रुपया।

श्रीभारतधर्ममहामण्डलरहस्य।

इस ग्रंथमें सात अध्याय हैं। यथा—आर्य्यजातिकी दशाका परिवर्त्तन, चिंताका कारण, व्याधिनिर्णय, औषधिप्रयोग, सुपथ्यसेवन, बीजरक्षा और महायज्ञसाधन। यह ग्रंथरत्न हिंदूजातिकी उन्नतिके विषयका असाधारण ग्रंथ है। प्रत्येक सनातनधर्मावलम्बी को इस ग्रंथ को पढ़ना चाहिये। द्वितीयावृत्ति छप चुकी है, इसमें बहुत सा विषय बढ़ाया गया है। इस ग्रंथ का आदर सारे भारतवर्ष में समान रूप से हुआ है। धर्मके गूढ़तत्त्व भी इसमें बहुत अच्छी तरहसे बताये गये हैं। इसका बँगला अनुवाद भी छप चुका है। मूल्य १)

निगमागमचन्द्रिका।

प्रथम, द्वितीय, पञ्चम और षष्ठ भाग धर्मानुरागी सज्जनों को मिल सकते हैं। इन भागों में सनातनधर्मके अनेक गूढ़ रहस्यसम्बन्धी ऐसे ऐसे प्रबंध प्रकाशित हुए हैं कि आजतक वैसे धर्मसम्बन्धी प्रबंध और कहीं भी प्रकाशित नहीं हुए हैं। जो धर्म के अनेक रहस्य जानकर तृप्त होना चाहें, वे इन पुस्तकों को मँगावें। प्रत्येक का मूल्य १)

भक्तिदर्शन।

श्रीशाण्डिल्य सूत्रों पर बहुत विस्तृत हिन्दी भाष्यसहित और एक अतिविस्तृत भूमिका सहित यह ग्रन्थ प्रणीत हुआ है। हिंदी का यह एक असाधारण ग्रन्थ है। ऐसा भक्ति-सम्बन्धी ग्रन्थ हिंदी में पहले प्रकाशित नहीं हुआ था। भगवद् भक्तिके विस्तृत रहस्यों का ज्ञान इस ग्रन्थके पाठ करने से होता है भक्तिशास्त्रके समझनेकी इच्छा रखनेवाले और श्रीभगवान् में भक्ति करनेवाले धार्मिकमात्र को इस ग्रन्थ को पढ़ना उचित है। मूल्य १) एक रुपया।

मंत्रयोगसंहिता ।

भाषानुवादसहित । योगविषयक ऐसा अपूर्व ग्रन्थ आज तक प्रकाशित नहीं हुआ है । इसमें मन्त्रयोगके १६ अङ्ग और क्रमशः उनके लक्षण, साधनप्रणाली आदि सब अच्छी तरह से वर्णन किये गये हैं । इनमें मन्त्रोंका स्वरूप और उपास्यनिर्णय बहुत अच्छा किया गया है और अनर्थकारी साम्प्रदायिक विरोधके दूर करनेके लिये यह एकमात्र ग्रंन्थ है, इसमें नास्तिकोंके मूर्तिपूजा, मन्त्रसिद्धि आदि विषयों में जो प्रश्न होते हैं, उनका अच्छा समाधान है । मूल्य १)

हठयोगसंहिता ।

भाषानुवादसहित । योगविषयक ऐसा अपूर्व ग्रन्थ आज तक प्रकाशित नहीं हुआ है । इसमें हठयोगके ७ अंग और क्रमशः उनके लक्षण साधनप्रणाली आदि सब अच्छी तरह से वर्णन किये गये हैं । गुरु और शिष्य दोनों ही इससे पूरा लाभ उठा सकते हैं । मूल्य ।॥)

तत्त्वबोध ।

भाषानुवाद और वैज्ञानिक टिप्पणीसहित । यह मूल वेदान्त ग्रन्थ श्रीशंकराचार्य्यकृत है। इसका बँगलानुवाद भी प्रकाशित हो चुका है । मूल्य =)

स्तोत्र कुसुमाञ्जलि ।

इसमें पंचदेवता, अवतार और ब्रह्मकी स्तुतियों के साथ साथ आजकलकी आवश्यकतानुसार धर्मस्तुति, गंगादि पवित्र तीर्थों की स्तुति, वेदान्तप्रतिपादक स्तुतियाँ और काशी के प्रधान देवता श्रीविश्वनाथादिकी स्तुतियाँ हैं । मूल्य ।) आना ।

दैवीमीमांसादर्शन प्रथम भाग ।

वेदके तीन काण्ड हैं । यथाः—कर्मकाण्ड, उपासनाकाण्ड और ज्ञानकाण्ड । ज्ञानकाण्ड का वेदान्तदर्शन, कर्मकाण्डका जैमिनीयदर्शन तथा भरद्वाजदर्शन और उपासनाकाण्ड का यह अङ्गिरादर्शन है । इसका नाम दैवीमीमांसादर्शन है । यह ग्रन्थ आजतक प्रकाशित नहीं हुआ था । इसके चार पाद हैं, यथाः—प्रथम रसपाद, इस पाद में भक्तिका विस्तारित विज्ञान वर्णित है । दूसरा सृष्टिपाद, तीसरा स्थितिपाद और चौथा लयपाद, इन तीनों पादों में दैवीमाया, देवताओं के भेद, उपासना से मुक्तिकी प्राप्तिका सब कुछ विज्ञान वर्णित है, इस प्रथम भागमें इस दर्शनशास्त्रके प्रथम दो पाद हिन्दी अनुवाद और हिन्दी भाष्य सहित प्रकाशित हुए हैं । मूल्य १॥) डेढ़ रुपया ।

श्रीमद्भगवद्गीता प्रथम खण्ड ।

श्रीगीताजीका अपूर्व हिन्दी भाष्य। यह प्रकाशित हो रहा है, जिसका प्रथम खण्ड, जिसमें प्रथम अध्याय और द्वितीय अध्याय का कुछ हिस्सा है, प्रकाशित हुआ है । आज तक श्रीगीताजी पर अनेक संस्कृत और हिन्दी-भाष्य प्रकाशित हुए हैं। परन्तु इस प्रकार का भाष्य आज तक किसी भाषामें प्रकाशित नहीं हुआ है। गीता का अध्यात्म, अधिदैव,अधिभूतरूपी त्रिविध स्वरूप, प्रत्येक श्लोकका त्रिविध अर्थ और सब प्रकारके अधिकारियों के समझने योग्य गीताविज्ञानका विस्तारित विवरण इस भाष्य में मौजूद है । मूल्य १)

सप्त गीताएँ।

पञ्चोपासना के अनुसार पाँच प्रकारके उपासकोंके लिये पाँच गीताएँ—श्रीविष्णुगीता, श्रीसूर्यगीता, श्रीशक्तिगीता, श्रीधीशगीता और श्रीशम्भुगीता एवं संन्यासियों के लिये संन्यासगीता और साधकों के लिये गुरुगीता भाषानुवाद सहित छप चुकी हैं। श्रीभारतधर्ममहामण्डलने इन सात गीताओंका प्रकाशन निम्नलिखित उद्देश्योंसे किया है:—१म, जिस साम्प्रदायिक विरोधने उपासकों को धर्मके नामसे अधर्म सञ्चित करने की अवस्थामें पहुँचा दिया है, जिस साम्प्रदायिक विरोधने उपासकोंको अहंकारत्यागी होनेके स्थान में घोर साम्प्रदायिक अहंकारसम्पन्न बना दिया है, भारतकी वर्तमान दुर्दशा जिस साम्प्रदायिक विरोधका प्रत्यक्ष फल है, और जिस साम्प्रदायिक विरोधने साकार उपासकोंमें घोर द्वेष-दावानल प्रज्वलित कर दिया है, उस साम्प्रदायिक विरोधका समूल उन्मूलन करना और २य, उपासनाके नामसे जो अनेक इंद्रियासक्तिकी चरितार्थताके घोर अनर्थकारी कार्य होते हैं उनका समाजमें अस्तित्व न रहने देना तथा ३य, समाज में यथार्थ भगवद्भक्तिके प्रचार द्वारा इहलौकिक और पारलौकिक अभ्युदय तथा निःश्रेयस प्राप्ति में अनेक सुविधाओं का प्रचार करना। इन सातों गीताओं में अनेक दार्शनिक तत्त्व, अनेक उपासनाकाण्डके रहस्य और प्रत्येक उपास्यदेवकी उपासना से संबंध रखनेवाले विषय सुचारुरूपसे प्रतिपादित किये गये हैं। ये सातों गीताएँ उपनिषद्रूप हैं। प्रत्येक उपासक अपने उपास्यदेवकी गीता से तो लाभ उठावेगा ही, किन्तु अन्य चार गीताओंके पाठ करने से भी वह अनेक उपासनातत्त्वों को तथा अनेक वैज्ञानिक रहस्योंको जान सकेगा और उसके अन्तःकरणमें प्रचलित साम्प्रदायिक ग्रंथोंसे जैसा विरोध उदय होता है वैसा नहीं होगा, वह परम शांतिका अधिकारी हो सकेगा। संन्यासगीता में सब सम्प्रदायोंके साधु और संन्यासियोंके लिये सब जानने योग्य विषय सन्निविष्ट हैं। संन्यासिगण इसके पाठ करनेसे विशेष ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। गृहस्थोंके लिये भी यह ग्रन्थ धर्मज्ञानका भण्डार है। श्रीमहामण्डल प्रकाशित गुरुगीताके सदृश ग्रंथ आज तक किसी भाषा में प्रकाशित नहीं हुआ है। इसमें गुरु-शिष्य-लक्षण, उपासनाका रहस्य और भेद, मंत्र हठ लय और राजयोगोंके लक्षण और अङ्ग एवं गुरु माहात्म्य, शिष्यकर्तव्य, परम तत्त्वका स्वरूप और गुरुशब्दार्थ आदि सब विषय स्पष्टरूपसे हैं। मूल, स्पष्ट सरल और सुमधुर भाषानुवाद और वैज्ञानिक टिप्पणी सहित यह ग्रंथ छपा है। गुरु और शिष्य दोनोंके लिये यह उपकारी ग्रंथ है। इसका अनुवाद बँगला भाषा में भी छप चुका है। पाठक इन सातों गीताओं को मँगाकर देख सकते हैं यह छप चुकी हैं। विष्णुगीता का मूल्य १) सूर्यगीता का मूल्य ॥) शक्ति गीता का मूल्य १) धीशगीता का मूल्य ॥) शंभुगीता का मूल्य १) संन्यासगीताका मूल्य ॥) और गुरुगीताका मूल्य ।) है। इनमें से पञ्चोपासनाकी पाँच गीताओं में एक एक तीनरंगा विष्णुदेव, सूर्यदेव, भगवती और गणपतिदेव तथा शिवजीका चित्र भी दिया गयाहै। शम्भुगीतामें वर्णाश्रमबंध नामक चित्र भी देखने योग्य है।

कर्म्ममीमांसादर्शन।

यह लुप्तप्राय दर्शनग्रन्थ श्रीभारतधर्ममहामण्डलके अनुसन्धान विभाग द्वारा उद्धृत हुआ है। ज्ञानकी सप्त भूमिकाओंके अनुसार पञ्चम भूमिका का यह दर्शन है। महर्षि जैमिनि-

कृत जो बृहत् कर्ममीमांसादर्शन उपलब्ध होता है वह केवल वैदिक कर्मकाण्डके विज्ञानका प्रतिपादक है। वैदिक यज्ञों का प्रचार आजकल बहुत कम होनेके कारण जैमिनि दर्शन का उपयोग बिलकुल नहीं होता है यही कहना युक्तियुक्त होगा। महर्षि भरद्वाजकृत उपर्युक्त दर्शन ग्रंथ कर्मके सब अंगों के विज्ञानका प्रतिपादक और धर्मविज्ञानके रहस्यका वर्णन करनेवाला है। इसके चार पाद हैं—धर्मपाद, संस्कारपाद, क्रियापाद और मोक्षपाद। धर्मपाद में धर्म और धर्माङ्गोंका विस्तृत वर्णन, पुरुषधर्म, नारीधर्म, वर्णधर्म, आश्रमधर्म, आपद्धर्म, प्रायश्चित्त प्रकरण आदि अनेक विषयों वा विज्ञान वर्णित हुआ है। संस्कारशुद्धि से क्रियाशुद्धि कैसे होती है तथा उसके द्वारा मोक्षप्राप्ति किस प्रकार हो सकती है इत्यादि विषयों का विज्ञान संस्कारपाद, क्रियापाद और मोक्षपाद में वर्णित हुआ है इस ग्रंथरत्न का दो तीन खंडों में प्रकाशित होना संभव है इसका प्रथम खंड प्रकाशित हो गया है।

श्रीरामगीता।

श्रीमहर्षि वशिष्ठकृत तत्त्वसारायण में कथित यह श्रीरामगीता है। परमधार्मिक विद्वान् स्वर्गवासी भारतधर्म सुधाकर श्रीमहारावलजी साहब सर विजयसिंहजी बहादुर के० सी० आई० ई० डूँगरपुर राज्याधिपति के पुरुषार्थ द्वारा इसका सुललित हिंदी भाषा में अनुवाद हुआ है और विस्तृत वैज्ञानिक टिप्पणियों के द्वारा इसके दुरूह विषयों का स्पष्टीकरण किया गया है। इन टिप्पणियों के महत्त्व को सब दर्शनों का ज्ञाता और सब योगों का अभ्यासी समझ कर आनंदित हो सकता है क्योंकि इसमें सब तरह के विषय आए हैं। इसके आदि में श्रीरामचंद्रजी के मर्यादा पुरुषोत्तम अवतार की लीलाओं का विशद रहस्य प्रकाशित किया गया है। इस पुस्तक में श्रीरामचंद्र, सीता और हनुमान् आदि के कई त्रैवर्णिक चित्र भी दिए गए हैं। काग़ज़, छपाई तथा जिल्द आदि उत्कृष्ट हैं। श्रीमहामंडल के शास्त्र-प्रकाश-विभाग के संपादकत्व में यह ग्रंथरत्न प्रकाशित हुआ है इसमें अयोध्यामंडपादिवर्णन, प्रमाणसारविवरण, ज्ञानयोगनिरूपण, जीवन्मुक्तिनिरूपण विदेहमुक्ति निरूपण, वासना क्षयादिनिरूपण, सप्तभूमिका निरूपण, समाधिनिरूपण, वर्णाश्रम व्यवस्थापन, कर्मविभागयोगनिरूपण, गुणत्रयविभागयोगनिरूपण, विश्वरूप-निरूपण, तारकप्रणवविभागयोग, महावाक्यार्थविवरण, नवचक्रविवेक योगनिरूपण, अणिमादि सिद्धि दूषण, विद्या संतति गुरुतत्त्व निरूपण और सर्वाध्याय संगति निरूपण इत्यादि विषय हैं। प्रस्तुत पुस्तक का मूल्य केवल २॥) है।

श्रीगोस्वामीतुलसीदासजी का रामायण।

श्रीगोस्वामीजी की हस्तलिखित पुस्तक के साथ मिलाकर संपूर्ण विशुद्ध रूपसे छपाया गया है। हम दावे के साथ कह सकते हैं कि इसके मुक़ाबिले की पुस्तक बाज़ार में नहीं मिलेगी। इसमें कठिन कठिन शब्दों का अर्थ इस तरह से दिया गया है कि, बिना किसी के सहारेसे—औरतें, बालक, बुड्ढे आदि सभी कोई अच्छी तरह कठिन कठिन भावों को समझ ले सकते हैं और भी इसकी विशेषता यह है कि इस तरहकी टिप्पणियाँ इसमें दी गई हैं कि जिनको पढ़ने से सनातनधर्मकी सब बातें समझमें आजावेंगी। धर्म-संबंधीय सब तरहकी शंकाओं का समाधान भली भाँति हो जायगा। इसकी छपाई,

काग़ज़ वग़ैरह बहुतही उत्तम और सुदृश्य है और केवल प्रचार के लिये ही मूल्य भी स्वल्पमात्र रक्खा गया है।

गीतार्थचन्द्रिका

प्रथम खंड

श्रीस्वामी दयानन्द-विरचित।

श्रीस्वामीजीकी विद्वत्ता किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने बहुत ही परिश्रमके साथ गीता पर यह अपूर्व टीका लिखी है। केवल हिन्दी भाषा के जाननेवाले भी इसके द्वारा गीताके गूढ़ रहस्य को जान सकें इसी लक्ष्यसे यह टीका लिखी गई है। इसमें श्लोकके प्रत्येक शब्दका हिन्दी अनुवाद, समस्त श्लोकका सरल अर्थ और अंतमें एक अति मधुर चन्द्रिका द्वारा श्लोकका गूढ़ तात्पर्य बतलाया गया है। इसमें किसी का आश्रय न लेकर ज्ञान, कर्म और उपासना तीनोंका सामञ्जस्य किया गया है। भाषा अति सरल तथा मधुर है। इस ग्रंथके पाठ करनेसे गीताके विषयमें कुछ भी जाननेको बाक़ी नहीं रह जाता। हिन्दी भाषामें ऐसी अपूर्व गीता अबतक निकली ही नहीं है। केवल १।) मूल्य देकर पद्मनाभमुखनिःसृत गीतामृतका अवश्य पान कीजिये। द्वितियखंड यन्त्रस्थ है।

सनातनधर्म-दीपिका।

श्रीस्वामी दयानन्द-विरचित।

इसमें १ धर्म, २ नित्यकर्म, ३ उपासना, ४ अवतार, ५ श्राद्धतर्पण, ६ यज्ञोपवीत-संस्कार, ७ वेद और पुराण, ८ वर्णधर्म, ९ नारीधर्म, १० शिक्षादर्श और ११ उपसंहार-शीर्षक निबंध लिखकर श्रीस्वामीजीने बड़ी ही सरल भाषामें सनातनधर्म के मौलिक सिद्धान्त समझा दिये हैं। यह पुस्तक अंगरेज़ी स्कूलोंकी दशम श्रेणीके विद्यार्थियोंके धर्मशिक्षा देनेके उपयोगी बनाई गई है। मूल्य केवल ।॥) बारह आने।

आदर्श-जीवन-संग्रह।

महापुरुषों के जीवनचरित्रसे भावी सन्तान के चरित्रसंगठन पर बहुत ही प्रभाव पड़ता है। अतः बालकोंको आदर्श महापुरुषोंका जीवनचरित्र अवश्य पढ़ाना चाहिए। प्रस्तुत पुस्तकमें श्रीभगवान् शंकराचार्य, ईसामसीह, गो० स्वा० तुलसीदास, महाराज युधिष्ठिर, महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक, महारानी अहल्या बाई, आदि ३२ महानुभावों तथा महादेवियोंके जीवनचरित्रका संग्रह किया गया है। इस प्रकार यह अनेक आदर्शोंकी पुष्पमाला है। बालकोंके लिये अत्युपयोगी है। ऐसी पुस्तकका मूल्य १॥) मात्र है।

वीर बाला अथवा अपूर्व नारी रत्न।

यह एक अत्युपयोगी तथा शिक्षाप्रद सामाजिक उपन्यास है। राज-मद, धन-मद, यौवन-मदसे युक्त मनुष्यके पतन तथा राज-धन-यौवन-पूर्ण विवेकयुक्त पुरुषके उत्थानका अति सरल एवं सुललित भाषामें दिग्दर्शन तो कराया ही गया है, इसके साथ ही विपत्ति-ग्रस्त भारतीय नारियोंके साहस, धैर्य, पराक्रम, कर्त्तव्य और प्रेमका अत्युत्तम चित्र खींचा गया है। इसके अतिरिक्त लेखकने जगत्-विख्यात शेक्सपियरके "Two Gentlemen of Verora" तथा "Twelfth Night" के पात्रोंसे भी अधिक इसकी नायिकाको

कौशलपूर्ण दिखला कर अपनी कौशलताका परिचय दिया है। उपन्यासके आरम्भ करने पर बिना समाप्त किये उसे छोड़नेका जी नहीं चाहता। १७०पृष्ठकी पुस्तकका मूल्य केवल ॥।) मात्र है।

कल्पलतिका बाल चिकित्सा।

आजकल बच्चे कमज़ोर तो होते ही हैं, अनेकों रोगोंसे सदैव ग्रसित रहते हैं। निपढ़ माताओंके होनेसे उनकी औषधि भी ठीक ठीक नहीं होती। परिव्राजक मैथिल स्वामीकी रचित प्रस्तुत पुस्तक में प्रायः हर प्रकारके बाल-रोगोंकी विवेचना की गई है और साथ ही बहुत ही कम क़ीमत जड़ी बूटीके नुसख़े भी बतला एगये हैं। बिना गुरुके थोड़ी भी हिन्दी जाननेवाले इसके द्वारा बच्चोंकी चिकित्सा कर सकते हैं। प्रत्येक माता पिताको यह पुस्तक अपने पास रखनी चाहिए। मूल्य ।)मात्र है।

मैनेजर,

निगमागम बुकडिपो सिंडिकेट भवन,

स्टेशन रोड बनारस (शहर.)

भारत-धर्म

विश्व-बंधुत्व का उपदेशक, स्वराज्य का प्रतिपादक, हिंदू-संघटन का समर्थक, वर्णाश्रम-संघ का सहायक, हिंदू-धर्म और हिंदू-जीवन में जागृति पैदा करनेवाला राष्ट्रीय सप्ताहिक पत्र। वार्षिक चंदा ३) रुपया।

मैनेजर भारत-धर्म

सिंडिकेट-भवन,

स्टेशन-रोड बनारस (शहर)

सूर्योदय

एक-मात्र पाक्षिक संस्कृत-पत्र, जिसको भारत के अनेक प्रांतीय गवर्नमेंटों तथा देशी रजवाड़ों ने उत्साह प्रदान किया है। श्रीवाराणसी विद्या-परिषद् के मुखपत्र-रूप से प्रकाशित होता है। संरक्षकों के लिये पांच रुपया साल और विद्यार्थियों के लिये केवल बारह आना साल।

मैनेजर सूर्योदय,

महामंडल-भवन, जगतगंज,

बनारस (छावनी)

"THE WORLDS ETERNAL RELIGION."

A Unique work on Hinduism in one volume, containing 24 chapters with tricolour illustrations, glossary, etc. No work has hitherto appeared in English that gives in a suggestive manner the real exposition of the Hindu religion in all its phases. The book has perfectly supplied this long-felt want. Names of the chapters are as follows:—1. Foreword, 2. Universal Religion, 3. Classification of Religion, 4. Law of Karma, 5. Worship in all its phases, 6. Practice of Yoga through Mantras, 7. Practice of Yoga through physical exercise, 8. Practice of Yoga through finer forces of Nature, 9. Yoga through power of reasoning, 10. The Mystic Circle, 11. Love, and Devotion, 12. Planes of knowledge, 13. Time, space, creation, 14. the Occult world, 15. Evolution and Reincarnation, 16. Hindu philosophy, 17. The System of Castes and Stages of Life, 18. Woman's Dharma, 19. Image Worship, 20. The great Sacrifices, 21. Hindu Scriptures, 22. Liberation, 23. Education, 24. Reconciliation of all Religions.

The followers of all religions in the world will profit by the light the work is intended to give. Price cloth bound, Superior edition Rs. 5, Ordinary edition Rs. 3, Postage extra.

THE BHAGAVAD-GITA.

Sanskrit Text & English Translation with a Critical & Concise Commentary.

☞ A DISTINCT DEPARTURE FROM EXISTING ANNOTATIONS—BECAUSE IT

(1) Deals with the **Triple significance** of adhyatmic, adhidaivic and adhibhoutic **aspects.**

(2) Gives Practical **Guidance** in **Yogic System** of the Orient.

(3) Weilds together the **Eastern & the Western systems** of philosophical thought.

(4) Deals with the **Spiritualism** and **Spiritism** of the occident.

(5) **Contains copious Foot-Notes** for comparative study in a **scientific** spirit.

A BOOK FOR ONE AND ALL.

The Bhagavad-Gita is a book not only for the pious and the philosopher, but also for the politician and the patriot. All our leaders from Lokemanya to Mahatma owe their inspiration to this **Holy Book.** As existing works on Gita are either voluminous or uniuterestingly abstruse or dialectic, a handy book expounding in one place the essentials of Gita is a long felt want to remove which **The Hall of All Religions** has undertaken the present publication,—for the use of the Savant and Scholar of comparative religions and for ordinary readers alike.

In order to reach a wide-reading public, the *price of the book is purposely kept low; and a concession rate is offered for all orders registered before its publication.*

Register your name to avoid disappointment—

Manager Nigamagam Book Depôt.

SYNDICATE BUILDINGS,

Station Road, **BENARES CITY.**

Life after Death.

The Promoters of the Scheme of the Hall of all Religions at Benares have undertaken the publication of the above work which will be a comprehensive treatise for the comparative study of the Eastern and Western thought on life after death. The work also treats other allied subjects such as spiritualism of the west and Pith Vigyan that is the science of the mysite circle of the Hindus including all necessary information about the occult world as given in Hindu scriptures. All communications regarding this work should be made to

Secretary Hall of all
RELIGIONS MAHAMANDAL
Buildings, Jagatganj, BENARES.

THE

Mahamandal Directory.

PUBLISHED BY THE

Bharat Dharma Syndicate, Ltd.,

STATION ROAD, BENARES CITY, (INDIA.)

VERY IMPORTANT TO

Exporters, Importers, Commercial and Industrial Men.

PUBLISHED ANNUALLY IN HINDI LANGUAGE–

The Lingua-Franca of the Indian Continent.

Translation of advertisements in Hindi being free of cost.

Advertisement in English may be inserted.

FOR THE USE OF

ALL PROVINCES OF INDIA

Containing useful informations, Astronomical, Religious, Social, Domestic, Postal, Railway, Legal, Commercial, Industrial, and other everyday-important matter.

IT REACHES ALL TEMPORAL AND RELIGIOUS HEADS

Ruling-chiefs, Nobles, Gentries, Commercial and Industrial men and common people of all grades and sects throughout the Country.

MOST USEFUL MEDIUM FOR ADVERTISEMENT.

RATES MODERATE.

आर्य-महिला ।

अखिल भारतवर्षीय हिंदू-महिलाओं की महासभा, जिसका नाम श्रीआर्य-महिला हितकारिणी महापरिषद् है, उसकी यह मुखपत्रिका है । आर्य-महिलाओं को इस परिषद् की सभ्या होने से यह पत्रिका विना मूल्य मिलती है । यह स्त्रियों के पढ़नेयोग्य सचित्र मासिक पत्रिका है । विस्तारित जानने के लिये निम्न-लिखित पते पर पत्र-व्यवहार करें ।

मैनेजर आर्य-महिला,

महामंडल-भवन, जगतगंज,

बनारस ।

The "Mahashakti"

The organ of the All-India Varnashram League. A leading weekly for the comparative study of Hindu Philosophy and theology and for reading matters on upto date subjects; subscription, Rs. 4. only. Apply to,

The Manager, The Mahashakti,
SYNDICATE BUILDINGS,
Station Raad, **BENARES CITY.**

The Aryan Bureau
of
Seers and Savants,
Established under the distinguished,
patronage of the leaders and saints,
of

Shri Bharat Dharma Mahamandal.

A committee (Bureau) has been formed with the object, amongst others, to establish a connecting link through the vehicle of correspondences with those scholars and literary societies to take interest in the questions of theology, spiritualism, Hindu Philosophy and Sanskrit literature all over the enlightened world.

All correspondence to be addressed to.

SECRETARY,
BUREAU OF SEERS AND SAVANTS,
Mahamandal Buildings,
Jagatganj, **BENARES.**

The Bharat Dharma Syndicate Ltd.

Syndicate Buildings,
Station Road, Benares City.

Authorised capital ten lacs.

Established as a Hindu national concern for establishing a national publishing house, a National Central Bank Depository and publication of National mouth pieces &c. &c. It will be a useful nucleus for the support of the Hall of all Religious and deserves universal encouragement.

Shares still available, for prospectus &c. please apply to—

The **GOVERNING DIRECTOR,**
The Bharat Dharma Syndicate Ltd.
Station Road, **BENARES City.**